


दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 12 फरवरी, 2025 | माघ शुक्ल पक्ष: पूर्णिमा विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 42 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12










## दिल्ली में हार के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के आप विधायकों से की बैठक, दिए टिप्स

# लोगों से जुड़ो, मुद्दे पहचानो, डटकर लड़ो

अर्थ प्रकाश/ नरेश वत्स

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़ ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) का पूरा फोकस पंजाब पर है। राजधानी की हार का असर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर ना पड़े इसके लिए मंगलवार को पंजाब के सभी विधायकों को दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में बुलाया गया। यहां पर करीब 30 मिनट तक पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेताओं को मोटिवेट किया। मीटिंग के दौरान केजरीवाल ने नेताओं को तीन मंत्र दिए। उन्होंने कहा- लोगों से जुड़ो, मुद्दों को पहचानों और डटकर लड़ो।वहीं सीएम भगवंत मान ने पंजाब के आप विधायकों और मंत्रियों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और पंजाब की प्रगति और आगे के रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक के बाद मान ने कहा कि वे पंजाब को एक मॉडल राज्य बनाने के लिए दिल्ली के अनुभव का उपयोग करेंगे। सीएम मान ने पंजाब सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और दो साल के भीतर राज्य को विकास के मॉडल में बदलने की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। पंजाब टीम का दिल्ली चुनाव में आभार व्यक्त करते हुए मान ने कहा कि पंजाब के हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनावों के दौरान लगन से काम किया और उनका योगदान अमूल्य था। अरविंद केजरीवाल जी और मैं उनके समर्पण के लिए बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का ध्यान पिछले एक दशक में दिल्ली में आप के परिवर्तनकारी कार्यों से प्रेरणा लेकर हम पंजाब में भी अच्छा शासन देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। शेष पेज-2 पर

## पंजाब को एक मॉडल राज्य बनाएंगे: सीएम भगवंत मान



### आप पार्टी नतीजे देती है, खोखले वादे नहीं करती

मान ने दोहराया कि आप एक ऐसी पार्टी है जो नतीजे देती है, खोखले वादे नहीं। उन्होंने कहा कि हम अपने काम के लिए जाने जाते हैं। हम धार्मिक राजनीति, ठगी या प्रतिशोध में शामिल नहीं होते हैं। पंजाब की कानून व्यवस्था की स्थिति कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। यही कारण है कि प्रमुख कंपनियां अब पंजाब में निवेश कर रही हैं।

### मान का बाजवा पर तंज- हमारे यहां दलबदलु संस्कृति नहीं

कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा पर निशाना साधते हुए मान ने उनके दावों को खारिज कर दिया कि आप विधायक विपक्ष के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि बाजवा करीब तीन साल से बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। मेरा सुझाव है कि वह हमारे विधायकों के बजाय अपने विधायकों को गिनें। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपनी पार्टी बनाई है। हमारे यहां दलबदलु संस्कृति नहीं है। मान ने कहा कि अन्य पार्टियों के विपरीत, आम आदमी पार्टी वास्तविक सेवा और विकास पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली चुनाव के दौरान सामने आई चुनौतियों पर भी विचार किया, जिसमें मतदाताओं को रिश्वत देना और भाजपा द्वारा डराना-धमकाना शामिल है। उन्होंने कहा कि हम पैसे या डर से चुनाव नहीं जीतते; हम प्यार से जीतते हैं। जनता का फैसला सर्वोच्च है और हम इसका सम्मान करते हैं। तमाम बाधाओं के बावजूद, जनता की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है।

### हमने 'परचा संस्कृति' खत्म की: भगवंत मान

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आप सरकार में पंजाब पुलिस बिना किसी राजनीतिक दबाव या प्रभाव के काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमने 'परचा संस्कृति' को समाप्त कर दिया है, जहां राजनीतिक प्रभाव पुलिस की कार्रवाइयों को निर्देशित करता था। अब व्यवसायिक लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और निवेश के लिए प्रोत्साहित हैं। भविष्य को देखते हुए मान ने पंजाब को विकास का राष्ट्रीय मॉडल बनाने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। अगले दो साल में पंजाब पूरे देश के लिए एक मिसाल बनेगा। हम पंजाब में प्रगति को गति देने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे में दिल्ली के एक दशक के लंबे अनुभव का लाभ उठाएंगे। उन्होंने लोगों के कल्याण के लिए आप के समर्पण पर जोर देते कहा कि हमारी सरकार सार्वजनिक धन का उपयोग केवल सार्वजनिक लाभ के लिए करने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान किया गया हर वादा पूरा किया जाएगा।

**अनिल विज के नोटिस पर उलझी हरियाणा भाजपा की राजनीति** | **मुख्यमंत्री व भाजपा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा व मनोहर लाल से की बैठक**

## बेंगलुरु से लौटे विज बोले- ठंडे दिमाग से दूंगा जवाब



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज को पार्टी विरोधी बयानबाजी के कारण नोटिस जारी किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। निकाय चुनाव के बहाने मंगलवार को दिनभर मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की। हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की ओर से सोमवार को कैबिनेट मंत्री अनिल विज को दिये गये नोटिस में कहा गया है कि आपके बयान पार्टी की नीतियों तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। आपका यह कदम ना केवल पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है, जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनाव के लिए अभियान चला रही थी। इससे पार्टी की छवि को नुकसान हुा है, जो पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश अनुसार आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपको तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देना होगा। तीन दिन की यात्रा के बाद बेंगलुरू से चंडीगढ़ पहुंचे हरियाणा के बिजली, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि कारण बताओ नोटिस मीडिया के माध्यम से मेरे संज्ञान में आया है। लेकिन इसका जवाब मैं मीडिया के माध्यम से नहीं दूंगा। मुझे पार्टी को जवाब देना है। मैं तीन दिन से बेंगलुरू में था। मैं अभी वहां से आया हूं। घर जाऊंगा। ठंडे पानी से नहाऊंगा। रोटी खाऊंगा। बैठकर मैं जवाब लिखूंगा...और हाईकमान को भेजूंगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की ओर से अनिल विज को यह नोटिस तब भेजा गया था, जब वे बेंगलुरु गये हुए थे। उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया है। यह समय अवधि बुधवार को पूरी हो रही है। इस बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मोहन लाल बडौली ने मंगलवार को दिल्ली पहुंचकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। शेष पेज-2 पर






# राज्यपाल ने एडवोकेट हरप्रीत संधू व पूजा गुप्ता को राज्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को यहां पंजाब राज भवन में एडवोकेट हरप्रीत संधू और श्रीमती पूजा गुप्ता को पंजाब राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्तों के रूप में शपथ दिलाई।

इस शपथ ग्रहण समारोह का संचालन पंजाब के मुख्य सचिव श्री के.ए.पी. सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पंजाब के मुख्य सूचना आयुक्त इंदरपाल सिंह धन्ना, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. भुपिंदर सिंह, संदीप सिंह धालीवाल और वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, अतिरिक्त मुख्य सचिव (ए.सी.एस.) प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायतें श्री विकास प्रताप, अतिरिक्त मुख्य सचिव (ए.सी.एस.) परिवहन डी.के. तिवारी, राज्यपाल के प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह, एम.डी. मार्कफेड एवं निदेशक प्रशासनिक सुधार गिरीश दियालन, ए.डी.जी.पी. ईश्वर सिंह, प्रख्यात भारतीय कृषि अर्थशास्त्री सरदारा सिंह जौहल, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर सतबीर सिंह गोसल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एडवोकेट हरप्रीत संधू एक प्रतिष्ठित वकील हैं। इससे पहले वे पंजाब के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल के रूप में सेवा दे चुके हैं। वे पंजाब इन्फोटेक के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं और उन्होंने विधि अध्ययन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्रीमती पूजा गुप्ता एक प्रसिद्ध समाजसेविका और शिक्षा शास्त्री हैं। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण के कारण उन्होंने पूरे क्षेत्र में ख्याति अर्जित की है। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार द्वारा 27 जनवरी, 2025 को एडवोकेट हरप्रीत संधू और श्रीमती पूजा गुप्ता की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया गया था। इन नियुक्तियों से राज्य सूचना आयोग के कार्य में अधिक पारदर्शिता आएगी और इसे और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

## एडवोकेट हरप्रीत संधू और पूजा गुप्ता ने राज्य सूचना आयुक्त के रूप में पदभार संभाला




**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** एडवोकेट हरप्रीत संधू और श्रीमती पूजा गुप्ता ने आज पंजाब के मुख्य सूचना आयुक्त श्री इंदरपाल सिंह धन्ना, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. भुपिंदर सिंह, संदीप सिंह धालीवाल और वरिंदरजीत सिंह बिलिंग की उपस्थिति में पंजाब के नए राज्य सूचना आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, शपथ ग्रहण समारोह पंजाब राज भवन में आयोजित हुआ जहां पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने दोनों आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई।

एडवोकेट हरप्रीत संधू एक प्रख्यात वकील, पर्यावरण प्रेमी, नेचर आर्टिस्ट और लेखक हैं। इससे पहले वे पंजाब के अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वे पंजाब इंफोटेक के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं और अपने कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं।

एडवोकेट संधू ने कानूनी तुलनात्मक अध्ययन पर कई पुस्तकें लिखी हैं और उन्होंने कॉलेज ऑफ लॉ ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आपराधिक प्रक्रिया में प्रैक्टिस डिप्लोमा प्राप्त किया है। कानूनी क्षेत्र में उनके योगदान के कारण उन्होंने काफी ख्याति अर्जित की है। उन्होंने आर.आई.जी.एस.ई. कार्यक्रम के तहत फ्रांस में गुडविल एंबेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है।

अपनी नियुक्ति पर बोलते हुए एडवोकेट हरप्रीत संधू ने कहा, ÷मैं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं और पूरी लगन के साथ पंजाब के लोगों की सेवा करूंगा।÷

इसी अवसर पर प्रसिद्ध समाज सेविका और शिक्षाविद् श्रीमती पूजा गुप्ता ने भी राज्य सूचना आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ÷मैं इस पद पर नियुक्ति के लिए पंजाब सरकार का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। मैं पंजाब में सूचना अधिकार प्रणाली को मजबूत करने और सभी के लिए सूचना तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शिता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करूंगी।÷

दोनों राज्य सूचना आयुक्तों ने पंजाब के प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जन विश्वास को बढ़ाने के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि जनता को सूचना तक बेहतर पहुंच प्रदान की जाएगी और सूचना अधिकार कानून को पूरी ईमानदारी से लागू किया जाएगा। इस समारोह में दोनों आयुक्तों के पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित रहे।

# पंजाब में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रयास और तेज: सौंद

13 फरवरी से 16 फरवरी तक पटियाला विरासती मेला आयोजित किया जा रहा है

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब में पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में शानदार बदलाव किए जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि वर्ष 2024 में राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्मारकों के पुनरुद्धार, आधुनिकीकरण और संरक्षण के लिए लगभग 73 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

इस महत्वपूर्ण निवेश से प्रमुख विरासती स्थलों का नवीनीकरण किया गया है और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

सौंद ने बताया कि वर्ष 2025 की शुरुआत से ही पंजाब अपने मेलों और त्योहारों को बड़े स्तर पर मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। इस वर्ष की शुरुआत फिरोज़पुर में बसंत मेले और किला रायपुर की ग्रामीण ओलंपिक जैसी आयोजनों से हुई। उन्होंने बताया कि इसके बाद 13 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाला पटियाला विरासती मेला इन उत्सवों के जोश और उमंग को और बढ़ाएगा। जिला प्रशासन, पटियाला द्वारा पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस मेले में हेरिटेज वॉक, फूड फेस्टिवल, संगीतमयी संध्या, एयर शो, नेचर वॉक, फूलों की प्रदर्शनी और फैशन वॉक सहित कई आकर्षक कार्यक्रम होंगे। ये आयोजन न केवल पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे, बल्कि राज्य को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी मदद करेंगे।

सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित कर रहा है। विरासत स्थलों के पुनरुद्धार और पर्यटन के विस्तार को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता के चलते कई क्रांतिकारी पहल की गई हैं, जो पंजाब के महान इतिहास, जीवंत संस्कृति और विरासत को दर्शाती हैं।

वर्ष 2024 में किए गए लगभग 73 करोड़ रुपये के निवेश के प्रभावशाली नतीजे सामने आए हैं। जिस में शहीद भगत सिंह अजायब घर (खटकड़ कलां) और सारागढ़ी अजायब घर (फिरोज़पुर) जैसे ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके साथ ही खन्ना स्थित सराय लश्करी खां का भी व्यापक रूप से नवीनीकरण किया गया है। पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध करते हुए भगवान वाल्मीकि पैनोरमा का भव्य उद्घाटन किया गया, जबकि अमृतसर में महाराजा रणजीत सिंह के समर पैलेस में स्थायी लाइट एंड साउंड शो 'रंगला पंजाब फेस्टिवल' एक शानदार आकर्षण बन चुका है।

### पंजाब की सांस्कृतिक और ग्रामीण पर्यटन के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय मंच पर भी मान्यता मिली

मंत्री ने बताया कि पंजाब की सांस्कृतिक और ग्रामीण पर्यटन के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय मंच पर भी मान्यता मिली है। राज्य के प्रयासों के चलते गुरदासपुर के नवांपिंड सरदारां को 'भारत का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम (2023)' का खिताब मिला, जबकि फतेहगढ़ साहिब स्थित हंसाली फार्मस्टे ने वर्ष 2024 में कृषि-पर्यटन श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया। विरासत स्थलों के पुनरुद्धार, सांस्कृतिक उत्सवों और आधुनिक पर्यटन नीतियों के समावेश से पंजाब अपनी समृद्ध परंपराओं, त्योहारों और जीवंत संस्कृति की धरती के रूप में अपनी पहचान को पुन: स्थापित करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

### तरुनप्रीत सिंह सौंद ने गुरु रविदास जी के प्रकाश दिवस पर दी शुभकामनाएं

चंडीगढ़। पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने गुरु रविदास जी के प्रकाश दिवस की समस्त पंजाबवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में तरुणप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी द्वारा दिया गया प्रेम, सहानुभूति और समानता का संदेश हमें आने वाले समय में भी मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने मानव मूल्यों को बनाए रखने की भावना को प्रोत्साहित किया और वे आज भी संपूर्ण समाज के लिए ज्ञान का स्रोत बने हुए हैं। मंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन और उनकी शिक्षाएँ हमें हमेशा एक ऐसे समाज की रचना के लिए प्रेरित करती रहेंगी, जो जात-पात से मुक्त हो और जहाँ सभी को समान मान-सम्मान प्राप्त हो। ऐसा समाज धर्म, जाति और लिंग भेदभाव से ऊपर होगा।

सौंद ने कहा कि पंजाब सरकार ने फतेहगढ़ साहिब में दीवान टोडर मल के ऐतिहासिक निवास स्थान 'जहाज़ हवेली' के संरक्षण और पुनरुद्धार की शुरुआत कर सिख विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि दीवान टोडर मल सिख इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, और उनकी विरासत की रक्षा करना हमारा सामूहिक दायित्व है।

# नागरिक केन्द्रित सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी 43 से बढ़ाकर 406 की गई

ई-स्टाम्प और आधार कार्ड को छोड़कर, सभी सेवा केन्द्र सेवाएँ 1076 डायल करके घर बैठे उपलब्ध होंगी

डी सी ने नागरिकों से नागरिक केन्द्रित सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी का लाभ उठाने का आह्वान किया



अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**एस ए एस नगर, 11 फरवरी।** राज्य के नागरिकों के लिए शासन और सरकारी सेवाओं की पहुँच को और बेहतर बनाने के लिए, डोर स्टेप डिलीवरी सेवाओं के दायरे को बढ़ाकर 406 नागरिक केन्द्रित सेवाएँ कर दिया गया है।

पंजाब सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा की गई पहल के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि ÷भगवंत मान सरकार, तुहाड़े द्वार÷ योजना के तहत दिसंबर 2023 में शुरू की गई 43 सेवाओं में अब 363 अतिरिक्त नागरिक केंद्रित सेवाओं को जोड़कर, लोगों को अब 406 सेवाओं का लाभ उनके दरवाजे पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 406 सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी की इस पहल में ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस वेरिफिकेशन और पासपोर्ट आवेदन भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इससे पहले दिसंबर 2023 में टोल फ्री नंबर 1076 पर डायल करके 43 सेवाएं शुरू की गई थीं। अब 363 और सेवाओं को जोड़ने से कुल संख्या बढ़कर 406 हो गई है, जो 29 प्रमुख सरकारी विभागों को कवर करेगी। अब उपलब्ध सेवाओं में ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आवेदन, पुलिस वेरिफिकेशन, नागरिक सेवाएं कनेक्शन, जिला अधिकारियों से एनओसी, किरायेदार सत्यापन और कई अन्य सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 363 और सेवाओं को जोड़ने से इस योजना की पहुंच और व्यापक हो गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आवश्यक सरकारी सेवाएं बिना किसी अनावश्यक देरी या कागजी कार्रवाई के प्रदान की जा रही हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में डोर स्टेप डिलीवरी (डायल 1076) के माध्यम से 3248 नागरिक केंद्रित सेवाओं के अनुरोधों को समय सीमा के भीतर संसाधित किया गया है। नई पहल से नागरिकों को न केवल सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से दूर किया है, बल्कि उनके दस्तावेज सीधे उनके घरों तक पहुंचाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ई-स्टांप और आधार कार्ड सेवाओं को छोड़कर, सेवा केंद्र के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सभी सेवाएं नागरिकों के दरवाजे पर उपलब्ध होंगी।

## पेज एक का शेष

### लोगों से जुड़ो...

भगवंत मान ने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब ने पहले ही शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय प्रगति की है। 850 आम आदमी क्लीनिकों की स्थापना ने स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में क्रांति ला दी है, जबकि स्कूल ऑफ एमिनेंस शिक्षा में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। पंजाब में सरकारी स्कूलों के छात्र अब प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सरकार की रोजगार पहलों की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में बिना पक्षपात या रिश्वतखोरी के 50,000 से अधिक योग्यता-आधारित सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। इसके अतिरिक्त, 17 टोल प्लाजा को बंद किया। एक विधायक एक पेंशन स्कीम लागू किया।

### बेंगलुरु से लौटे...

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल से उनके आवास पर दोपहर को मुलाकात की और शाम को उनकी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से जो ट्वीट किया गया, उसमें कहा गया कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर बधाई देने के साथ ही शहरी निकाय चुनाव और संगठनात्मक विषयों पर बातचीत हुई है।

## सुनील जाखड़ के बयान पर आप का पलटवार, कहा - भगवंत मान की चिंता छोड़िए, अपनी चिंता कीजिए

# जाखड़ कुछ भी कर लें लेकिन उनका मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं होने वाला: नील गर्ग

कहा-जाखड़ का हाल 'न घर का न घाट का' वाला हो गया है, भाजपा में उन्हें कोई पूछ नहीं रहा है, पार्टी मीटिंग में भी नहीं बुलाया जाता



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** भाजपा नेता सुनील जाखड़ के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बारे में दिए गए बयान पर आम आदमी पार्टी (आप) ने पलटवार किया है। 'आप' प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि सुनील जाखड़ को भगवंत मान की चिंता छोड़कर अपनी चिंता करनी चाहिए। जिसका खुद का भविष्य अंधकार में हो उसे दूसरे की चिंता नहीं करनी चाहिए। नील गर्ग ने कहा कि सुनील जाखड़ का हाल 'न घर का न घाट का' वाला हो गया है। भाजपा में उन्हें कोई पूछ नहीं रहा है। पार्टी मीटिंग में भी उन्हें नहीं बुलाया जाता है, इसलिए वह बेचैन हो गए हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था जो अब मंजूर भी हो गया है। फिर उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने बहुत नाक रगड़ें तब जाकर उनका इस्तीफा वापस हुआ। नील गर्ग ने कहा कि भगवंत मान पंजाब के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं और बड़े फैसले ले रहे हैं। वह पंजाब के सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। इसलिए जाखड़ भगवंत मान की चिंता न करें, अपनी चिंता करें कि उनकी पार्टी में उनकी क्या स्थिति होने वाली है। भगवंत मान के साथ तीन करोड़ पंजाबी खड़े हैं। गर्ग ने कहा कि जाखड़ कुछ भी कर लें लेकिन उनका मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं होने वाला है। उनका यह सपना न कांग्रेस में पूरा हुआ और न ही भाजपा में पूरा होने वाला है। वह कभी भी पंजाब का मुख्यमंत्री नहीं बन सकते चाहे किसी भी पार्टी में चले जाएं।

## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS — DRAW DATE:11/02/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 DIAMOND TUESDAY WEEKLY LOTTERY

**MRP Rs 10/- Per Ticket**

**1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

**8639**

**2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

**5762**

**3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0156 | 1952 | 2969 | 3440 | 4198 | 6651 | 7426 | 7923 | 8439 | 9467 |

**4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0398 | 0525 | 1279 | 1602 | 2727 | 8026 | 8772 | 9024 | 9518 | 9763 |

**5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0064 | 0083 | 0214 | 0220 | 0264 | 0370 | 0494 | 0693 | 0765 | 0773 |
| 0852 | 0878 | 0893 | 1103 | 1137 | 1143 | 1147 | 1158 | 1168 | 1278 |
| 1329 | 1340 | 1367 | 1491 | 1600 | 1654 | 1694 | 1720 | 1726 | 1803 |
| 1847 | 1891 | 1943 | 1969 | 2053 | 2071 | 2158 | 2184 | 2258 | 2495 |
| 2517 | 2522 | 2528 | 2532 | 2566 | 2660 | 2735 | 2854 | 2876 | 2878 |
| 2913 | 2955 | 2978 | 3132 | 3252 | 3281 | 3420 | 3493 | 3545 | 3591 |
| 3644 | 3704 | 3725 | 3726 | 3762 | 3780 | 3868 | 3899 | 3921 | 3969 |
| 3989 | 4127 | 4171 | 4196 | 4234 | 4300 | 4316 | 4423 | 4427 | 4531 |
| 4593 | 4644 | 4666 | 4684 | 4898 | 4944 | 4953 | 4998 | 5026 | 5100 |
| 5112 | 5114 | 5140 | 5152 | 5240 | 5339 | 5430 | 5470 | 5478 | 5670 |
| 5755 | 5761 | 5813 | 6026 | 6066 | 6112 | 6221 | 6262 | 6307 | 6429 |
| 6472 | 6564 | 6572 | 6603 | 6623 | 6672 | 6709 | 6720 | 6740 | 6751 |
| 6756 | 6866 | 6878 | 6894 | 6922 | 6968 | 6972 | 6986 | 7069 | 7105 |
| 7140 | 7151 | 7234 | 7258 | 7294 | 7301 | 7302 | 7362 | 7364 | 7543 |
| 7565 | 7640 | 7698 | 7723 | 7759 | 7812 | 7819 | 7832 | 7878 | 7907 |
| 7915 | 7966 | 8024 | 8045 | 8054 | 8096 | 8137 | 8203 | 8227 | 8248 |
| 8251 | 8382 | 8430 | 8549 | 8594 | 8595 | 8597 | 8606 | 8626 | 8688 |
| 8749 | 8808 | 8816 | 8863 | 8921 | 8936 | 9023 | 9026 | 9031 | 9064 |
| 9070 | 9195 | 9200 | 9209 | 9216 | 9219 | 9322 | 9390 | 9411 | 9428 |
| 9533 | 9566 | 9627 | 9740 | 9764 | 9783 | 9888 | 9907 | 9913 | 9959 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

## DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS — DATE:11/02/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 100 MONTHLY LOTTERY

**MRP Rs 100/- Per Ticket**

**1st Prize Amount (1) Rs. 15 Lakh (On 5 digits with series)**
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 16.25 Lakh)

**A 21050**

**2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 10,000/- Each)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 0497 | 0607 | 2042 | 2645 | 7356 |

**3rd Prize Amount (100) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 5,550/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0568 | 2284 | 2614 | 3293 | 4774 | 5093 | 5620 | 6648 | 7673 | 8905 |

**4th Prize Amount (100) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)**
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs. 2,220/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0277 | 1935 | 3954 | 4043 | 4145 | 6731 | 7156 | 8798 | 9354 | 9821 |

**5th Prize Amount (100) Rs. 1,000/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs. 1,220/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0307 | 1061 | 3051 | 3292 | 4141 | 5457 | 6715 | 6919 | 9683 | 9837 |

**6th Prize Amount (4000) Rs. 200/- (On last 4 digits )**
(Seller Prize Amount Rs. 50 /-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs. 270/- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0021 | 0022 | 0067 | 0090 | 0098 | 0109 | 0141 | 0162 | 0196 | 0199 |
| 0207 | 0229 | 0232 | 0272 | 0322 | 0346 | 0397 | 0417 | 0430 | 0482 |
| 0489 | 0491 | 0493 | 0535 | 0555 | 0571 | 0597 | 0602 | 0610 | 0628 |
| 0669 | 0672 | 0673 | 0693 | 0724 | 0740 | 0742 | 0745 | 0814 | 0819 |
| 0831 | 0858 | 0860 | 0866 | 0896 | 0914 | 0923 | 0950 | 0992 | 0998 |
| 1022 | 1056 | 1059 | 1088 | 1102 | 1139 | 1142 | 1149 | 1157 | 1194 |
| 1243 | 1248 | 1264 | 1270 | 1274 | 1328 | 1382 | 1426 | 1451 | 1469 |
| 1476 | 1477 | 1485 | 1509 | 1516 | 1519 | 1530 | 1549 | 1550 | 1557 |
| 1573 | 1576 | 1608 | 1662 | 1674 | 1689 | 1753 | 1787 | 1836 | 1841 |
| 1849 | 1864 | 1896 | 1924 | 1939 | 2009 | 2111 | 2127 | 2131 | 2151 |
| 2154 | 2169 | 2172 | 2236 | 2253 | 2256 | 2289 | 2300 | 2325 | 2344 |
| 2351 | 2372 | 2377 | 2512 | 2523 | 2528 | 2533 | 2583 | 2592 | 2641 |
| 2671 | 2672 | 2703 | 2710 | 2764 | 2815 | 2845 | 2931 | 2936 | 2950 |
| 2956 | 3023 | 3036 | 3074 | 3080 | 3128 | 3163 | 3167 | 3186 | 3193 |
| 3197 | 3214 | 3219 | 3228 | 3229 | 3294 | 3296 | 3389 | 3412 | 3421 |
| 3456 | 3506 | 3507 | 3517 | 3519 | 3564 | 3565 | 3573 | 3591 | 3614 |
| 3635 | 3641 | 3663 | 3667 | 3670 | 3683 | 3694 | 3704 | 3738 | 3775 |
| 3795 | 3837 | 3854 | 3890 | 3932 | 3935 | 3972 | 3986 | 3994 | 4094 |
| 4131 | 4136 | 4211 | 4221 | 4243 | 4268 | 4314 | 4326 | 4332 | 4384 |
| 4400 | 4403 | 4412 | 4424 | 4433 | 4447 | 4468 | 4487 | 4509 | 4518 |
| 4565 | 4588 | 4626 | 4697 | 4708 | 4735 | 4744 | 4866 | 4895 | 4922 |
| 4933 | 5091 | 5118 | 5125 | 5175 | 5191 | 5195 | 5252 | 5267 | 5278 |
| 5311 | 5327 | 5349 | 5350 | 5353 | 5375 | 5416 | 5470 | 5539 | 5578 |
| 5598 | 5639 | 5671 | 5685 | 5700 | 5757 | 5809 | 5846 | 5847 | 5853 |
| 5872 | 5883 | 5908 | 5944 | 6028 | 6045 | 6085 | 6134 | 6137 | 6139 |
| 6165 | 6213 | 6214 | 6219 | 6221 | 6244 | 6245 | 6271 | 6308 | 6313 |
| 6324 | 6331 | 6358 | 6374 | 6379 | 6406 | 6421 | 6422 | 6426 | 6439 |
| 6443 | 6446 | 6509 | 6521 | 6534 | 6541 | 6547 | 6549 | 6600 | 6613 |
| 6616 | 6649 | 6666 | 6668 | 6692 | 6708 | 6728 | 6744 | 6777 | 6873 |
| 6911 | 6914 | 6976 | 6993 | 7029 | 7052 | 7059 | 7091 | 7133 | 7143 |
| 7165 | 7200 | 7238 | 7293 | 7348 | 7353 | 7360 | 7393 | 7399 | 7516 |
| 7540 | 7560 | 7563 | 7571 | 7577 | 7604 | 7663 | 7718 | 7724 | 7726 |
| 7799 | 7800 | 7803 | 7808 | 7813 | 7814 | 7915 | 7926 | 7929 | 7943 |
| 7977 | 7986 | 7988 | 7994 | 8072 | 8093 | 8121 | 8136 | 8160 | 8178 |
| 8194 | 8199 | 8200 | 8204 | 8227 | 8283 | 8324 | 8330 | 8341 | 8343 |
| 8368 | 8438 | 8474 | 8495 | 8506 | 8540 | 8640 | 8746 | 8797 | 8803 |
| 8807 | 8813 | 8919 | 8933 | 8960 | 8987 | 8996 | 9023 | 9031 | 9069 |
| 9086 | 9176 | 9234 | 9259 | 9280 | 9282 | 9299 | 9311 | 9324 | 9366 |
| 9372 | 9386 | 9421 | 9470 | 9479 | 9506 | 9519 | 9542 | 9564 | 9598 |
| 9612 | 9621 | 9704 | 9709 | 9743 | 9785 | 9811 | 9862 | 9964 | 9973 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ**

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

ਪਲਾਟ ਨੰ: 132, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 103.75 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Bachan Kaur W/o Gurdev Singh, R/o Vill-Mullanpur Garibdas, Teh-Kharar, SAS Nagar, Pb. ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 04-12-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Bachan Kaur W/o Gurdev Singh, ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ SATVIR SINGH S/O GURDEV SINGH ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 279/3, ਮਿਤੀ 08-03-2021 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਮਾਜਰੀ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ SATVIR SINGH S/O GURDEV SINGH ਵੱਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 132, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 103.75 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 132, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 103.75 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ

AP-9595

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ**

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

ਐਸ.ਸੀ.ਓ ਨੰ: 34, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 100 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Bachan Kaur W/o Gurdev Singh, R/o Vill-Mullanpur Garibdas, Teh-Kharar, SAS Nagar, Pb. ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 04-12-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Bachan Kaur W/o Gurdev Singh, ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ SATVIR SINGH S/O GURDEV SINGH ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 279/3, ਮਿਤੀ 08-03-2021 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਮਾਜਰੀ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।


ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ SATVIR SINGH S/O GURDEV SINGH ਵੱਲੋਂ ਐਸ.ਸੀ.ਓ. ਨੰ: 34, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 100 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਐਸ.ਸੀ.ਓ ਨੰ: 34, ਸੈਕਟਰ-6, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, ਸਾਈਜ 100 ਵਰਗ ਗਜ,, ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 33.33% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ

AP-9595

**ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ**

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**

ਪਲਾਟ ਨੰ: 1220 ਸੈਕਟਰ 39 ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਅਲਾਟਮੈਂਟ Sh. Suraj Kumar Gupta S/o Sh. Ved Parkash Aggarwal R/o:- Jagraon near Mahantawala Khooh Distt Ludhiana ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰ: 44 ਮਿਤੀ 01.01.1985 ਰਾਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। Sh. Suraj Kumar Gupta S/o Sh. Ved Parkash Aggarwal ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 27.09.2020 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਵਾਉਣ ਲਈ Smt. Prem Lata W/o Sh. Suraj Kumar R/o:- House No. 1220-C, Sector-39 Chandgiarh Road Ludhiana ਵਲੋਂ ਮਿਤੀ 19.09.2018 ਦੀ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ, ਐਮ ਐਲ ਏ ਵਲੋਂ ਜਾਰੀ ਕੁਰਸੀਨਾਮਾ ਅਤੇ ਹੋਰ ਸਬੰਧਤ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ ਜੋ ਕਿ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹਨ।

ਉਕਤ ਵਾਰਸ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪਬਲਿਕ ਤੋਂ ਇਤਰਾਜ ਮੰਗਣ ਲਈ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ ਰਾਹੀ ਆਮ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਜੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵਿਅੱਕਤੀ ਨੂੰ ਇਸ ਮਲਕੀਤੀ ਤਬਦੀਲੀ ਸਬੰਧੀ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰ-ਾਜ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਲਿਖਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗੀ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ Smt. Prem Lata W/o Sh. Suraj Kumar ਨੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ
ਗਲਾਡਾ ਲੁਧਿਆਣਾ

AP-9598

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस की मांग पर दिया जवाब

# हरियाणा में ईवीएम से ही होंगे निकाय चुनाव

प्रदेश में चुनाव के लिए ईवीएम तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा में निकाय चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने विपक्षी दल कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम के माध्यम से चुनाव करवाने की सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। जिला स्तर पर ईवीएम भेजी जा चुकी हैं।

हरियाणा कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव के बाद से ही प्रदेश में होने वाले चुनाव ईवीएम की बजाए बैलेट पेपर से करवाए जाने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं की तरफ से विधानसभा चुनाव के बाद राज्य निर्वाचन आयोग तथा केंद्रीय चुनाव आयोग को इस संबंध में किसी तरह की मांग लिखित में नहीं दी गई। जिसके चलते निर्वाचन आयोग अपनी तैयारियों में जुटा रहा। हैदराबाद व बैंगलुरू से आई इंजीनियरों की टीमों ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों का दौरा करके ईवीएम की जांच का काम भी पूरा किया। इंजीनियरों की टीमों द्वारा मशीनों के संबंध में एनओसी दिए जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों के अनुसार प्रत्येक जिले में ईवीएम भी भेज दी।प्रदेश में करीब दस हजार ईवीएम के माध्यम से निकाय चुनाव होंगे। प्रदेश में चार फरवरी को निकाय चुनाव का ऐलान भी हो चुका है और मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अब सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का शिष्टमंडल राज्य निर्वाचन आयोग से मिला और ईवीएम की बजाए बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की। राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस की इस मांग को खारिज करते हुए विस्तृत जवाब पार्टी को भेज दिया है।

**कांग्रेस की मांग अव्यवहारिक**

निर्वाचन आयोग ने अपने जवाब में ईवीएम के फायदे गिनवाते हुए इससे होने वाले चुनाव में पारदर्शिता का हवाला दिया है। इस जवाब में कांग्रेस की मांग को अव्यवहारिक बताया गया है। प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। चुनावों को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे समय में इस तरह की मांग पूरी तरह से आधारहीन व अव्यवहारिक है। निर्वाचन आयोग ने अपने जवाब में कई तरह के तर्क देकर कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। जिससे साफ हो गया है कि प्रदेश में निकाय चुनाव ईवीएम के माध्यम से ही होंगे।

## एसडीएम ने शहर में चल रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण गुणवत्ता परक निर्माण सामग्री प्रयोग करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 11 फरवरी।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंगलवार को सफीदों शहर में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजाबी शमशान घाट के पास नहर पुल से रेलवे स्टेशन तक निर्माणाधीन रास्ते की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रास्ते के निर्माण में लगे टूटे आरसीसी ब्लाकों को बदला जाए और अधिकारी समय-समय पर विकास कार्यो में निर्माण की जाने वाली सामग्री की जांच करते रहें। इस दौरान उन्होंने नहर पुल से रेलवे स्टेशन तक बनने वाली लगभग 1500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवा दिया जाएगा जिसके लिए टेंडर आदि की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, इन दोनों सड़कों के निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी।

श्री पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि नहर पुल से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क काफी टूटी हुई थी, जिस पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इन सड़कों के निर्माण से सब्जी मंडी व रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों को सुगम रास्ता मिलेगा। उन्होंने बताया कि हलना पुल वाली सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा।

## जल सरंक्षण में सभी की भागीदारी अनिवार्य: धुमन सिंह

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 11 फरवरी।** उपमंडल पिहोवा में मंगलवार को सहायक भूमि सरंक्षण अधिकारी, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र के सौजन्य से अटल भूजल योजना के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु खंड स्तरीय किसान जागरुकता शिविर का आयोजन पुरानी अनाजमंडी पिहोवा में किया गया। इस मौके पर धुम्मन सिंह किरमच उपाध्यक्ष हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड तथा कंवलजीत कौर चेयरमैन जिला परिषद कुरुक्षेत्र ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की तथा उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का उद्देश्य था कि किस प्रकार से भूजल को बचाया जा सके तथा जल प्रबंधन कैसे किया जाए। उनके इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए 25 दिसम्बर 2019 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल भूजल योजना का प्रारंभ किया था। इस योजना के तहत समय-समय पर शिविर लगाकर कृषि विशेषज्ञों द्वारा लोगों तथा किसानों को कृषि की नई तकनीकों के बारे में बताया जाता है तथा ऐसी कृषि तकनीकों को अपनाकर जल सरंक्षण कैसे किया जाए, इसकी भी सम्पूर्ण जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में अरविंद कौशिक अधीक्षण अभियन्ता सरस्वती हेरिटेज सर्कल एवं अधिकारी अटल भूजल योजना कुरुक्षेत्र ने भी किसानों को फसल विविधिकरण अपनाकर जल सरंक्षण करने बारे कहा।

इसके अतिरिक्त डा. ललिता तथा डा. कविता ने भी उपस्थित किसानों को जल सरंक्षण के प्रति जागरूक किया तथा हरियाणा सरकार की तरफ से चलायी जा विभिन्न विभागीय स्कीमों के बारे मे जानकारी दी।

## राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन कार्यशाला में डॉ विजय चावला को मिली गतिविधि गुरु की पहचान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 11 फरवरी।** आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के आलोक में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली में कक्षा पाँच की नई पाठ्यपुस्तक निर्माण कार्य हेतु पाँच दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला 10 फरवरी 2025 से प्रारंभ हो चुकी है जोकि 14 फरवरी 2025 तक चलेगी। डॉ चावला ने बताया कि इस कार्यशाला में हिंदी विषय की विभिन्न दक्षताओं को मध्यनजर रखते हुए विभिन्न आनंदमयी एवं रोचक गतिविधियां तैयार की जा रही हैं। डॉ नीलकंठ कुमार समन्वयक ने अपने संबोधन में कहा कि कक्षा-4 के लिए तैयार की गई हिंदी पाठ्यपुस्तक में डॉ विजय चावला ने अनेक रोचक व आनंदमयी गतिविधियों का पिटारा दिया था। डॉ विजय चावला निःसंदेह एक नवाचारी गतिविधियों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने आगे बताया कि डॉ चावला ने हिंदी की विभिन्न दक्षताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का निर्माण किया था। परिणामस्वरूप हिंदी की नई पाठ्यपुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशानुसार बहुत ही बढि?ा बनी है। इन नवाचारी गतिविधियों से विद्यार्थियों को सीखने के प्रतिफल मिल सकेंगे। डॉ विजय कुमार चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा वर्ग पहेली का खेल, शब्द पहिए का खेल, भुलभुलैया खेल, शब्द पहेली का खेल, बूझो तो जानें खेल, मिलान करो गतिविधि, हमें हमारे परिवार से मिलाओ खेल, शब्द निर्माण का खेल, उपसर्ग व प्रत्यय निर्माण का खेल, वाक्य निर्माण गतिविधि आदि का निर्माण रोचक ढंग से किया गया था।

पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति के प्रत्येक सदस्य ने यह स्वीकार किया कि डॉ विजय चावला के पास गतिविधियों का और विभिन्न भाषायी दक्षताओं को विकसित करने के खेल उपलब्ध हैं।


## श्रीश्री रविशंकर 18 को जींद में आध्यात्मिक समागम में करेंगे शिरकत

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 11 फरवरी।** आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर 18 फरवरी को जींद में आयोजित आध्यात्मिक संगम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर 7ए के श्री धाम नगर में होगा। कार्यक्रम के लिए आयोजकों ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। कार्यक्रम का आयोजन आर्ट आफ लिविंग हरियाणा की ओर से किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार श्री श्री रविशंकर प्रतिष्ठित आर्ट आफ लिविंग फाऊंडेशन के संस्थापक 18 फरवरी को श्रीधाम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर वे अध्यात्मिक संगम

(नस्ल बचाओ, फसल बचाओ) नामक विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो किसानों और ग्रामीण समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित है। कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने, प्राकृतिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने और ग्रामीण जीवन स्तर को ऊंचा उठाने पर केंद्रित रहेगा। आयोजकों के अनुसार गुरूदेव का मानना है कि कृषि हमारे की रीढ़ है और सतत कृषि विकास के माध्यम से ही किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। उनकी प्रेरणा से आज लाखों किसान प्राकृतिक कृषि, जल संरक्षण, जैविक खाद्य उत्पादन और ग्रामीण सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। श्रीश्री रविशंकर का मिशन जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, पारंपरिक कृषि तकनीकों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ कर उत्पादन बढ़ाना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है।

## महाकुंभ में हर रोज पहुंच रही देश की बड़ी हस्तियां

# चार पीढ़ियों संग महाकुंभ पहुंचे मुकेश अंबानी, संगम में लगाई डुबकी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**प्रयागराज,11 फरवरी।** देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने महाकुंभ में स्नान किया, उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुंभ नगरी पहुंची। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिती में मां गंगा की पूजा अर्चना की।

त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों व तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी। परिवार के सदस्य तीर्थयात्रियों को भोजन परोसते भी दिखे। बताते चलें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, परमार्थ निकेतन आश्रम, शारदा पीठ मठ ट्रस्ट द्वारका, श्री शंकराचार्य उत्सव सेवालय फाउंडेशन, निरंजनी अखाड़ा और प्रभु प्रेमी संघ चैरिटेबल ट्रस्ट सहित प्रसिद्ध आध्यात्मिक संगठनों के साथ मिलकर कुंभ में अन्न सेवा कर रही है। अंबानी परिवार ने बोट-चालकों को उनकी व तीर्थयाकत्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट भी दिए।



### महाकुंभ के बाद काशी पहुंच रहे हजारों नागा साधु, महाशिवरात्रि पर करेंगे स्नान



संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अमृत स्नान के बाद अब हजारों की तादाद में नागा साधु और संतों का जत्था काशी की तरफ बढ़ गया है। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के साधु-संतों ने वाराणसी को अपना नया ठिकाना बनाया है। उन्होंने वाराणसी के हनुमान घाट स्थित जूना अखाड़े के मठ में तंबू लगाए हैं, जहां वे तपस्या कर रहे हैं। पंचदशनाम जूना अखाड़ा के साधुओं ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद काशी आने की परंपरा है। ऐसा माना जाता है कि यहां आकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पर ही महाकुंभ में किया स्नान पूरा माना जाता है। उन्होंने कहा, 'वे महाकुंभ में स्नान के बाद काशी में कुछ दिन तक निवास करते हैं। इस दौरान भक्तों और विश्व के कल्याण की तपस्या की जाती है। इस दौरान महाशिवरात्रि के स्नान पर सभी साधु-संत अपने शरीर पर भस्म लगाकर बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं। हमारे लिए प्रयागराज स्वर्ग लोक है और काशी मोक्ष का द्वार।' महंत उज्जैनगिरी नागा बाबा ने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद अब हमारा प्रवास काशी में रहेगा। हम लोग यहां होली के पर्व तक रुके रहेंगे। इस दौरान महाशिवरात्रि के दिन यहां अमृत स्नान होता है और इसलिए सभी साधु-संत यहां आते हैं। वाराणसी के घाटों पर साधुओं ने तंबू लगाकर डेरा जमाया हुआ है। बता दें कि महाशिवरात्रि के दिन भारी संख्या में साधु पेशवाई निकालेंगे और बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इसके बाद ही वे बाबा की बारात में शामिल होंगे।

### विपक्षियों को भी योगी सरकार की व्यवस्थाओं पर भरोसा...



महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी सीमाओं को लांघते हुए पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक आयोजन की ऐसी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसने इसे अब तक का सबसे भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ बना दिया है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक, आमजन से लेकर वीवीआईपी तक, हर कोई संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए उत्सुक दिख रहा है। विपक्ष के नेताओं की जुबान पर भले ही विरोध रहा हो, लेकिन मन में उत्साह लेकर अधिकतर नेताओं को संगम की शरण में आते देखा जा रहा है। महाकुंभ के महापर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के सभी गणमान्य महाकुंभ नगर पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे दुनिया के सबसे विशाल कार्यक्रम के गवाह तमाम प्रदेशों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बने। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समूचे मंत्रिपरिषद ने एक साथ त्रिवेणी में पवित्र अमृत स्नान किया। इसके बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पूरी मंत्री परिषद, सांसदों और विधायकों के साथ संगम में स्नान किया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। डीके शिवकुमार के साथ उनकी पत्नी उषा भी पहुंची थीं। डीके शिवकुमार से पहले उनकी बेटी ऐश्वर्या ने महाकुंभ में स्नान कर विशेष पूजन किया। यहां आने से यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी खुद को नहीं रोक सके। दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेसी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी महाकुंभ नगर में पवित्र अमृत स्नान की उम्मीद से चले। लेकिन, यहां उमड़े श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व जनसमुद्र में फंसकर रह गए। उन्हें बीच रास्ते से ही लौटना पड़ गया। सभी विपक्षी नेता जुबान से भले ही भाजपा सरकार का विरोध करते हैं, लेकिन वे भी जानते हैं कि सीएम योगी ने इस आयोजन के माध्यम से एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसके आगे विपक्ष के सारे आरोप बेमानी साबित हो रहे हैं। भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान में भी महाकुंभ को सर्च किया जा रहा है।

### महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर बन सकता है नया रिकॉर्ड

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींचकर ला रहा है। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ से ज्यादा और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, महाशिवरात्रि पर भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण फिर भी आवागमन बंद



**पूंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** ज्योतिसर माइनर पर चल रहा पुलिया निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है, लेकिन आवागमन की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। फरल से सोलूमाजरा, फरल से खेड़ी रायवाली, और कैथल कुरुक्षेत्र रोड से ढांड पूंडरी रोड तक जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक रास्ता न दिए जाने के कारण किसानों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में कठिनाइयाँ आ रही हैं। स्थानीय लोग और वाहन चालक जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करके रास्ता खोलने की मांग कर रहे हैं। विभाग के जेई गुरचरण सिंह ने आश्वासन दिया है कि दो दिनों में रास्ता खोल दिया जाएगा, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को कोई भी दिक्कत न हो। राहगीरों कर्मवीर राहुल, देव सिंह, और रणधीर आदि ने बताया कि कई बाइक चालक चोटिल हो चुके हैं, और बड़े वाहनों को रास्ता बदलकर कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। उन्होंने जल्द सुध लेकर रास्ता खोलने की मांग की है।

### गुरु रविदास जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा



**इंद्री (अप्रस/सीमा देवी)।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न प्रकार के झांकियां प्रस्तुत की गई। यह शोभायात्रा रविदास मंदिर से शुरू हुई तथा विभिन्न रस्ते से होती हुई शाम के समय इसका समापन मंदिर में हुआ। इस अवसर पर आयोजक बलराज चहल, रिंकू राकेश कुमार ने कहा कि प्राचीन समय में गुरु रविदास एक महान संत और समाज सुधारक थे। हर साल माघ पूर्णिमा के दिन गुरु रविदास जयंती मनाई जाती है। गुरु रविदास जी ने समाज में उत्पन्न मतभेद और समाज की उन्नति के लिए अपना अहम योगदान दिया। आज के समय में भी गुरु रविदास जी के योगदान और अनमोल विचारों को याद किया जाता है। उनके द्वारा दी गई को शिक्षाओं को लोग अपने जीवन में अपनाते हैं। उनकी शिक्षाओं ने प्रभु की उपासना और धार्मिक एकता में वृद्धि के लिए प्रेरित किया। गुरु रविदास जी हिंदू और सिख धर्म के प्रति अपना श्रद्धा भाव रखते थे।

# मेला परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश पर मुख्यमंत्री ने रोक लगाने के हेतु दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ, 11 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी ने देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने महाकुंभ मार्ग पर यातायात सुगम रखने, पार्किंग स्थलों के सही उपयोग और मेला परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए। माघ पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता व संत रविदास जयंती पर भव्य आयोजन सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महाकुंभ को लेकर हुई बैठक में श्री योगी आदित्यनाथ ने एडीजी रैंक के दो आईपीएस अफ़सरों को जम कर फटकारा। एक को तो सस्पेंड करने तक की चेतावनी दे दी। उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एन्ड आर्डर अमिताभ यश को जम्मिदारी दे दी। ट्रैफ़िक जाम से श्रद्धालुओं को लेकर हुई अव्यवस्था से मुख्यमंत्री योगी बहुत नाराज़ बताये जा रहे हैं।

श्री योगी ने बैठक में भ्रामक सूचना/गलत जानकारी को प्रसारित करने वाले अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए, आम जन को तत्काल सही सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

आज 12 फरवरी 2025 को माघ पूर्णिमा के स्नान के दृष्टिगत प्रयागराज महाकुंभ में आगामी यातायात योजना इस प्रकार रहेगी।

1- मेला क्षेत्र में सुचारू रूप से श्रद्धालुओं का स्नान संपन्न कराने हेतु प्रातः 4:00 बजे से आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के अतिरिक्त संपूर्ण मेला क्षेत्र नो वेहिकल जोन रहेगा।

2- प्रयागराज शहर में महाकुम्भ स्नान हेतु बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को प्रातः 4:00 बजे के पश्चात संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जायेगा। उक्त व्यवस्था में आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के वाहनों को छूट रहेगी।

3.श्रद्धालुओं के प्रयागराज शहर एवं मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन एवं स्नान के दृष्टिगत प्रयागराज शहर में सायंकाल 5 बजे के पश्चात नो वेहिकल जोन लागू रहेगा। उक्त व्यवस्था में आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के वाहनों को छूट रहेगी।

4- उपरोक्त यातायात व्यवस्था दिनांक 12 फरवरी को मेला क्षेत्र से श्रद्धालुओं के सुगमतापूर्वक निकासी तक लागू रहेगी।

5- प्रयागराज शहर एवं मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश तथा निकासी पर उपरोक्त प्रतिबंध कल्पवासियों के वाहनों पर भी लागू रहेगा।



### अंत्योदय के प्रणेता, श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन स्मृतियों को नमनः योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार-दर्शन 'नए भारत' की आधारशिला है। यही आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के विकास के रोडमैप का मूल मंत्र भी है। आगे श्री योगी ने कहा कि 'अंत्योदय' के प्रणेता, श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन स्मृतियों को नमन करता हूँ ।

## असन्ध विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जाएंगे प्राथमिकता के आधार पर : योगेंद्र राणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**असन्ध/करनाल, 11 फरवरी।** वीरता सिंह, असन्ध के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि लम्बे समय से विकास के लिए तरसते असन्ध विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यो को प्राथमिकता में आधार पर पूरा करने और करवाने के लिए रणनीति पहले ही तैयार कर ली गई है।सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे किए जाने वाले विकास कार्यो को सूची तैयार और डीपीआर तैयार करके संबंधित विभाग के मुख्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे। विकास कार्यो के लिए भेजे कागजात की सूची उन्हें भी भेजी जाए ताकि निर्धारित मापदंड के तहत विकास परियोजनाए पास करवा कर काम शुरू करवाए जा सके।

उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं और शिकायतों के अविलंब समाधान के लिए अधिकारियों की बैठकें लेकर उन्हें निर्देश दिए जाते है कि वे आमजन की शिकायतें प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। संदर्भित विषय को लेकर किसी भी लापरवाही के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## 75 करोड़ की लागत से नरवाना शहर से धनोरी ड्रेन तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू

वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद सीवरेज पाइप लाइन के लिए पेड़ कटाई का कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नरवाना, 11 फरवरी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने नरवाना की शिव 75 करोड़ से लागत शिवराज लाइन बेचने का जल स्वरूप कार्य करने की का निरीक्षण किया इस मौके पर उन्होंने बताया कि नरवाना से धनोरी तक लगभग 27 किलोमीटर की लंबी सीवरेज पाइप लाइन 75 करोड़ की लागत से बिछाई जाएगी जिसका कार्य शुरू हो चुका है इसके अलावा शहर में भी लगभग 14 से 15 किलोमीटर की सीवरेज लाइन का कार्य जारी है यह सीवरेज की लाइन कैथल ड्रेन दो से जोड़ी जाएगी नरवाना में पहले से ही तीन एसटीपी स्टेशन बने हुए हैं जबकि चौथे का निर्माण कार्य जारी है बेदी ने बताया कि चारों एसपी बनने के बाद लिफ्टिंग से पानी सीवरेज पाइप लाइन से धनोरी ड्रेन तक भेजा जाएगा इस पाइप लाइन बिछने के बाद आगामी 50 साल तक शहर को बरसाती पानी व सीवरेज पानी की भराव से निजात मिल जाएगी और इसके साथ-साथ विकास कार्यो में भी गति आएगी उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समय से यह योजना अटकी हुई थी लेकिन अब कहीं-कहीं इसकी शुरुआत हो चुकी है और यह नरवाना की लाइफ लाइन बन जाएगी क्योंकि इसके बन जाने के कारण नरवाना की अन्य विकास योजनाएं भी बन पाएंगे।

## सन्त गुरु रविदास के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक : अशोक मेहता



अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़ 11 फरवरी।** संत गुरू रविदास के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक है। हमें उनके आदर्शो का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को आगे बढ़ने के लिए संगठित होने के साथ-साथ शिक्षित होना भी जरूरी है।

यह बात पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मेहता ने कही। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीयो गीता परिवार के सदस्यों द्वारा गुरु रविदास जी की जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा का स्वागत करने के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने उपस्थित संगत को संत गुरु रविदास जयंती की बधाई दी। गुरु रविदास सभा नारायणगढ़ एवं रायपुर विरान द्वारा शोभा यात्राओं का आयोजन किया गया था। इस दौरान गुरु रविदास सभाओं द्वारा श्री कृष्ण कृपा समिति एवं जीयो गीता परिवार के प्रधान को तथा श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीयो गीता परिवार द्वारा गुरु रविदास सभा के प्रधानों को सिरोपा एवं पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि ये उनके लिए सौभाग्य की बात है कि वे आज यहां मौजूद हैं। संत श्री रविदास जी के अटूट श्रद्धा के कारण गंगा मैया को उनकी कठौती में आना पड़ा था। कबीर दास, मीराबाई, गुरूनानक देव भी के मन में रविदास जी के प्रति बहुत सम्मान था। ये सभी संत-महात्मा उस युग में अपने-अपने तरीके से सामाजिक कुरूतियों से लड़ रहे थे और समाज को आध्यात्म का सच्चा मार्ग दिखा रहे थे। गुरू रविदास जी ने हमे बताया कि मन की पवित्रता ही सबसे महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने बताया कि निर्गुण भक्ति शाखा के महान कवि व संत रविदास उन महान पुरुषों में से एक हैं, जिन्होंने समाज की धारा का रुख मोड़ दिया था। उनके द्वारा गाए दोहों और पदों से आम जनता का उद्धार हुआ।

### जिला शिक्षा अधिकारियों ने स्कूलों की बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**समालखा (मनदीप कुमार)।** खण्ड स्तरीय सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों की मंगलवार को राकेश बुरा जिला शिक्षा अधिकारी और सुभाष भारद्वाज जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बीइओ कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय में पहुचने पर स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी स्कूल मुखिया को दिशा निर्देश दिए गए कि आगामी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर सभी बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित करे। परीक्षा को नकल रहित करने हेतु आदेश दिए गए। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी स्कूल मुखिया को आदेश दिए गए कि अपार आई डी सभी बच्चो की बनाई जाए और कोई भी ऐसा बच्चा न रहे जो शिक्षा से वंचित रह जाये।

## 28वां मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ सात लाख आहुतियों सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 11 फरवरी ।** अरूणाय रोड स्थित गांव धनीरामपुरा में पिछले पांच दिनों से भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य एवं मंदिर के महंत व व्यवस्थापक महंत भीम पुरी की देखरेख में चल रहा 28वां मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ सात लाख आहुतियों, संतो के प्रवचन, सैकड़ों कन्याओं का पूजन, विशाल भंडारे एवं निशुल्क मेडिकल शिविर के साथ संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश सहित 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा 51 यजमानों से पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से पूर्णाहुति डलवाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे महामंडलेश्वर 1008 महंत विद्यागिरी, श्री संगमेश्वर धाम के महतं विश्वनाथ गिरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, स्वामी केशव गिरी, स्वामी चमन गिरी, महंत तरणदास, स्वामी खटवांग पुरी सहित अनेक संत महात्माओं व जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, सरपंच विकल कुमार चौबे,सहित अनेक गण्यमान्यजनों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर व मां बगलामुखी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर महाकुंभ में महंत बंसी पुरी को श्रीमहंत के पद पर नियुक्त किए जाने पर संत महात्माओं ने फूल मालाओं से उनका अभिवादन किया। महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी ने कहा कि संतों की कोई जाति, धर्म व मजहब नहीं होता। संत सर्वसमाज के मार्गदर्शक होते हैं। सदैव संतों के दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए एवं महान संतों से प्रेरित होकर मानवता की भलाई के लिए सत्कर्म करने का प्रयास करना चाहिए। श्रीमहंत बंसी पुरी ने महायज्ञ की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के लिए किया गया यह महायज्ञ शत्रुओं पर विज य, मोक्ष की प्राप्ति, असाध्याय रोगों से मुक्ति एवं मनोकामना पूर्ण करने में यकीनन सिद्ध होगा। महंत भीम पुरी ने मां बगलामुखी से कार्यक्रम में पहुंचे वशिष्ट अतिथियों, गणमान्यजनो व श्रद्धालुओं के सुखमय जीवन की कामना की और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सेवा कार्यों से जुड़े भक्तजनों को बधाई दी।


**UNITED TEXTILES LIMITED**
Regd. Off:- 7th K.M. Stone, Barwala Road, Hisar
CIN: L17115HR1993PLC032092
Extract of Unaudited Financial Results
for the Quarter and Period Ended December 31, 2024

(Rs. in Lakhs, except per share data)

| Particulars | Quarter Ended | | | Period Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2024 Unaudited | 30.9.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited |
| Total income from operations | 369.64 | 190.34 | 444.42 | 860.21 | 1050.76 | 1336.52 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax | 0.99 | (0.42) | 1.54 | 2.07 | 4.84 | 2.40 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax | 0.80 | 0.20 | 0.21 | 3.17 | 2.53 | 0.52 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive Income (after tax) | - | - | - | - | - | 1.01 |
| Equity Share Capital | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | 747.41 |
| Earnings Per Share (of Rs. 2/- eacah) (1) Basic | 0.03 | 0.01 | 0.01 | 0.11 | 0.08 | 0.02 |
| (2) Diluted | 0.03 | 0.01 | 0.01 | 0.11 | 0.08 | 0.02 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing) Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the website of the Stock Exchange, www.bseindia.com and on the Company's website www.unitedtextileslimited.com

Place : Hisar
Date : 10th February, 2025

For United Textiles Limited
Vivek Aggarwal
DIN No. 07079208

AP-9629

# भारत के गुरुओं ने कभी भी राजा और गरीब के बच्चों के बीच भेदभाव नहीं किया : कटारिया

**प्रशासक ने पीजीटी लेक्चरर्स को वितरित किये नियुक्ति पत्र**

- प्रशासक बोले, राष्ट्र को आकार देने में शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका
- साइबर अवेयरनेस स्टोरी पुस्तिका का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने 78 नए भर्ती पीजीटी लेक्चरर्स (व्याख्याताओं) को नियुक्ति पत्र वितरित किए। शिक्षा विभाग के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, क्योंकि चंडीगढ़ में पीजीटी में नियुक्ति 30 वर्षों के बाद की गई है। पीजीटी व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र जारी कर चंडीगढ़ में शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। पिछले महीने 68 नए भर्ती एनटीटी को नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। प्रशासक ने पूरी भर्ती को पारदर्शी तरीके से करने के लिए शिक्षा विभाग को बधाई देते हुए कहा कि भारत के गुरुओं ने कभी भी राजा और गरीब के बच्चों के बीच भेदभाव नहीं किया। शिक्षकों के पास संसाधनों की कमी हो सकती है लेकिन वे छात्रों द्वारा दिए गए आत्म-सम्मान और सम्मान से भरे होते हैं। भारत के गौरवशाली अतीत में शिक्षकों, संरक्षकों और गुरुओं का बड़ा योगदान है। श्री कटारिया ने चाणक्य के दृढ़ संकल्प और संकल्प का भी उदाहरण दिया जिन्होंने चंद्रगुप्त को सभी चुनौतियों का सामना करने और भविष्य का राजा बनने के लिए तैयार किया। प्रशासक ने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम से परे संरक्षक और आदर्श के रूप में कार्य करते हैं, जिससे छात्रों को संचार, सहयोग और समस्या-समाधान जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समय प्रबंधन सबसे अच्छे पाठों में से एक है जो एक शिक्षक छात्रों को सिखा सकता है। आज छात्रों को पढ़ाए जाने वाले सबक उनके शेष जीवन की नींव बनाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नेतृत्व करके पढ़ाना चाहिए, न कि केवल शब्दों से। प्रशासक ने व्यावसायिक विकास के महत्व पर भी जोर दिया और शिक्षा विभाग से प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन करने का आग्रह किया ताकि शिक्षक नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपना सकें और वैश्विक शैक्षिक रुझानों से अपडेट रह सकें। प्रशासक ने समग्र शिक्षा के प्रति प्रशासन के समर्पण को दोहराते हुये समय प्रबंधन, नैतिक आचरण और छात्रों के लिए एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। एक सशक्त, प्रगतिशील भावी पीढ़ी के निर्माण के प्रशासन के दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि आपके योगदान को कक्षाओं से परे जाना चाहिए, न केवल युवा जीवन बल्कि पूरे समाज को समृद्ध करना चाहिए।




### ललित कला शिक्षक सम्मानित

इस कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के ललित कला शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनकी झांकी को गणतंत्र दिवस समारोह में विजेता घोषित किया गया था। विभाग द्वारा कौशल पाठ्यक्रमों की स्थिति, समावेशी शिक्षा को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों, बुनियादी ढांचे के विकास, उपलब्धियों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में हाल ही में शुरू किए गए कार्यक्रमों का विवरण देते हुए एक प्रस्तुति दी गई।

### साइबर खतरों की रोकथाम पर प्रस्तुति दी

सुरक्षित इंटरनेट दिवस भी बेहतर इंटरनेट के लिए एकजुट विषय के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान रमेश गुप्ता, एनआईसी चंडीगढ़ के राज्य सूचना अधिकारी ने साइबर खतरों और साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सरकारी कॉलेजों और स्मार्ट स्कूलों में साइबर जागरूकता अभियान और व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं। साइबर जागरूकता संदेश को शहर के विभिन्न प्रकाश स्थलों पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रशासक ने साइबर जागरूकता कहानी' पुस्तिका का विमोचन भी किया। प्रशासक ने कहा कि आज पूरा देश इंटरनेट का उपयोग कर रहा है, लेकिन सभी को इसके फायदे और नुकसान, इंटरनेट से जुड़े खतरों के बारे में पता होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप, होम सेक्रेट्री मनदीप सिंह बराड़, शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, प्रशासन के विशे, सचिव अभिजीत विजय चौधरी, सचिव आईटी हरि कल्लिक्कट पीसीएस हरसुशिंदर सिंह बराड़ (निदेशक स्कूल शिक्षा) और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

▲ अधिकतम 25 डिग्री से.
डिग्री से. 11 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.06 बजे
सूर्यास्त 6.08 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 87,530.00 |
| सेंसेक्स | 76,293.60 |
| अमेरिका | 86.74 |
| केनेडियन | 60.54 |
| आस्ट्रेलिन | 54.47 |

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री आज संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती समारोह में होंगे शामिल

**पंचकूला, (अप्रस)।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर 12 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेक्टर 15 स्थित गुरु रविदास भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। एस डी एम चंद्रकांत कटारिया ने सेक्टर 15 गुरु रविदास भवन का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया सभा के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**सिंह नाला चौ के इर्दगिर्द पंजाब सिंचाई विभाग की 25-25 फुट जमीन पर कब्जा**

# जीरकपुर की ग्रीन सिटी के डेढ़ दर्जन मकानों पर होगी कब्जा हटाने की कार्रवाई!

नगर कौंसिल, जीरकपुर के अफसरों ने पंजाब सिंचाई विभाग की नोटीफिकेशन के बावजूद पास कर रखे हैं मकानों के नक्शे

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**जीरकपुर, 11 फरवरी।** जीरकपुर की ग्रीन सिटी कालोनी के करीब डेढ़ दर्जन मकानों पर जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो सकती है। ये मकान पंजाब सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाये गये हैं। इन्हें न केवल पंजाब सिंचाई विभाग बल्कि नगर कौंसिल, जीरकपुर की ओर से भी नोटिस दिया गया है।

दोनों विभागों की हाल ही में डीसी, मोहाली के साथ मीटिंग हुई थी जिसमें इन मकानों के अतिक्रमण को लेकर चर्चा हुई और इन्हें गिराने की कार्रवाई आगे बढ़ाने को कहा गया। हैरानी वाली बात यह है कि नगर कौंसिल, जीरकपुर ने शहर के अन्य स्थानों की तरह यहां भी नियमों के विपरीत जाकर इन मकानों के नक्शे पास कर रखे हैं। बताया जा रहा है कि नक्शे पास करने की ऐवज में मोटी रकम रिश्वत के तौर पर ली गई है।

जानकारी के अनुसार पंजाब सिंचाई विभाग की ओर से कनाल एंड ड्रेनेज एक्ट 1873 के सेक्शन 55 का हवाला दिया गया। इसके अनुसार सिंह नाला चौ के दोनों तरफ 25-25 फुट तक सिंचाई विभाग की जमीन छोड़नी होती है लेकिन ग्रीन सिटी के मकान नंबर 122 से 139 तक यह जमीन नियमों के मुताबिक नहीं छोड़ी गई और यहां अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया गया। पंजाब सिंचाई विभाग की ओर से हाल ही में सिंह नाला चौ के किनारे बने मकानों का मुआयना किया गया। सिंचाई विभाग ने 31 जनवरी 2025 को नगर कौंसिल,जीरकपुर को पत्र लिख कर पूरी रिपोर्ट मांगी जिसके बाद डीसी की अध्यक्षता में दोनों विभागों की मीटिंग हुई।

डीसी ने इस मसले पर दोनों विभागों से दस दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी। सिंचाई विभाग समेत नगर कौंसिल जीरकपुर ने भी इन मकान मालिकों को नोटिस जारी किये। सिंचाई विभाग ने नगर कौंसिल, जीरकपुर से भी इसको लेकर कई जानकारियां मांगी। नगर कौंसिल, जीरकपुर ने इस मसले को लेकर एक पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। बताया जाता है कि इस कमेटी को 13 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट डीसी के समक्ष जमा करानी है। कमेटी को यह वेरीफाई करने को कहा गया है कि ये मकान कितने गज में बने हुए हैं। कितने एरिया पर इन्होंने अतिक्रमण किया हुआ है। इनके नक्शे अगर पास हुए हैं तो नक्शे पास करने वाले कौन अफसर व कर्मचारी थे? नक्शे पास करने की ऐवज में कितनी धनराशि इनसे ली गई? इन सब सवालों का जवाब नगर कौंसिल, जीरकपुर की ओर से बनाई कमेटी को देना होगा। इसके बाद डीसी आफिस तय करेगा कि अतिक्रमण हटाने के लिये क्या कार्रवाई की जानी है। पंजाब सिंचाई विभाग की जमीन की सिंह नाला चौ के इदगिर्द की जमीन को कैसे खाली कराना है।

नगर कौंसिल, जीरकपुर की कार्यप्रणाली पर इन मकानों के नक्शे पास होने के चलते सवाल उठ रहे हैं। पंजाब सिंचाई विभाग का कहना है कि जब कनाल एंड ड्रेनेज एक्ट 1873 का हवाला देकर बाकायदा नोटीफिकेशन जारी की गई है कि सिंह नाला चौ के दोनों तरफ 25-25 फुट की जमीन सिंचाई विभाग की है तो नगर कौंसिल, जीरकपुर ने मकान नंबर 122 से 139 तक के नक्शे कैसे पास कर दिये?

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर कौंसिल को पहले ही मकान बनाने पर रोक लगानी चाहिये थी। अब जब लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई यहां मकान बनाने पर लगा दी तो कार्रवाई करने की बात की जा रही है। अगर कार्रवाई ही करनी है तो नगर कौंसिल, जीरकपुर के उन अधिकारियों व कर्मचारियों पर की जानी चाहिए जिन्होंने मकान बनाने की परमिशन दी और नक्शे पास किये। कई सालों से लोग यहां रह रहे हैं। इस तरह उन पर तलवार लटकाना सही नहीं है।

### 65 फुट की रोड पर भी चलने की जगह नहीं

जीरकपुर की ममता एनक्लेव, ग्रीन सिटी, लक्ष्मी एनक्लेव व शांति एनक्लेव के बीचों बीच 65 फुट की बड़ी रोड दी गई है। इस रोड पर भी जबरदस्त अतिक्रमण है। यहां भी जो शोरूम बने हैं, उन्हें तीन-तीन व चार-चार मंजिल तक भी बना लिया गया है। नियमों के मुताबिक यह ढ़ाई मंजिल से ज्यादा नहीं बनाये जा सकते। 27 दिसंबर 2019 में पत्र संख्या 3258 के तहत लोकल बॉडी के विजिलेंस विभाग की अगुवाई में विजिलेंस अफसर की एक कमेटी बनी थी। इस कमेटी ने देखना था कि क्या शोरूम मालिकों ने वास्तव में नियमों के मुताबिक शोरूम के आगे पार्किंग छोड़ी या नहीं? बताया जा रहा है कि शोरूम के आगे पार्किंग छोड़ना जरूरी है। पार्किंग तो क्या छोड़नी थी उल्टा 65 फुट की रोड पर भी अब अतिक्रमण है। पार्किंग की जगह न छोड़ने की वजह से 65 फुट की रोड पर ही गाड़ियां दोनों तरफ खड़ी होती हैं। इससे पूरा रास्ता रुक जाता है और गाड़ियों या ट्रैफिक चलने के लिये 35 फुट की रोड भी नहीं बचती जिस पर चलना मुश्किल हो जाता है।

# सिटको के होटलों में 400 केवीए डीजी सेट, लगेंगी नई लिफ्ट

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** सिटको का इंजीनियरिंग विंग कई बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। सुरक्षा, दक्षता और गेस्ट एक्सपीरियेंस की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण है। इनमें से कई प्रमुख परियोजनाएं महत्वपूर्ण पूरा होने की कगार पर हैं।

होटल माउंटव्यू, सेक्टर-10 में दो 400 केवीए डीजी सेटों की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। इसके निष्पादन के लिए टैंडर (निविदा) स्वीकार कर लिए गए हैं। ग्लास कैप्सूल लिफ्ट की मरम्मत की प्रक्रिया चल रही है और इसे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दो ग्लास लिफ्टों के रिप्लेसमेंट (प्रतिस्थापन) को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है जिसमें से एक लिफ्ट का पहले ही टैंडर प्रोसेस चल रहा है। फायर अलार्म एवं फायर फाइटिंग सिस्टम को अप्रूवल दे दी गई है। कंसलटेंट की नियुक्ति के लिये टैंडर जारी कर दिये गए हैं।

होटल शिवालिकव्यू, सेक्टर-17 के लिए दो 400 केवीए डीजी सेट की स्थापना को तकनीकी मंजूरी मिल गई है, जिसमें टैंडर की तैयारी चल रही है। होटल पार्कव्यू, सेक्टर-24 में, फायर अलार्म और अग्निशमन प्रणाली को अपग्रेड करने का काम प्रगति पर है, जिसमें एक सलाहकार नियुक्त किया गया है और विस्तृत डिजाइन के लिए एक क्षेत्र निरीक्षण किया गया है। 80 के. एल. डी. सीवेज और एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है, जिसमें सलाहकार तकनीकी मंजूरी के लिए अनुमान को अंतिम रूप दे रहा है। होटल माउंटव्यू और होटल शिवालिकव्यू में बैगेज स्कैनर के लिए प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है और आगे की मंजूरी के लिए विस्तृत अनुमान प्रस्तुत कर दिया गया है।

**एमसी के 'रोज फेस्ट' पर वित्त संकट की छाया**

# 3 दिवसीय गुलाबोत्सव का आयोजन 21 से

एमसी को है ऐसे स्पांसर की तलाश, जो अपनी कमाई के साथ एमसी को भी राजस्व दे सके

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** नगर निगम में खराब वित्तीय संकट का असर इस बार आगामी 21 से 23 फरवरी तक सेक्टर 16 में रोजगार्डन में चलने वाले गुलाबोत्सव पर भी पड़ता दिखाई देने लगा है। बता दें कि रोजफेस्टिवल में हर वर्ष लगभग 1 से लेकर 2 करोड़ रुपये तक का खर्च होता रहा है। किंतु नगर निगम में चल रहे वित्तीय संकट के चलते इस बार इस आयोजन का रंग भी फीका-फीका रहने के आसार बन रहे हैं। इस बार इस आयोजन के लिए नगर निगम किसी ऐसी स्पांसर की तलाश में है, जो अपनी कमाई के साथ बेहतर आयोजन करे और कमाई का कुछ भाग नगर निगम को भी दे सके। यदि स्पांसर मिल गया तो फेस्ट में होने वाले आयोजन और प्रतियोगिताओं में प्राइजमनी मिलेगी, नहीं तो केवल सर्टिफिकेट ही दिये जायेंगे।

नगर निगम ने स्पांसर के लिए एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट काल किया है। वहीं फोटोग्राफी कंपिटिशन की पहली 3 केटेगरी के विजेताओं को प्रशासन के टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से प्राइज दिये जायेंगे। वहीं नगर निगम ने पहली बार रोज फेस्ट में 20 शॉप के लिए स्पेस तय कर दिया है। यहां पर सामानों की बिक्री की जा सकेगी। इनका साइज 10 गुना 10 फुट का रखा जायेगा, किंतु अभी इनका रेट तय नहीं किया जाना है। इनमे दुकानदार कपड़े, ज्वैलरी, बेडशीट, चटाई और अन्य घरेलू चीजें बेच सकेंगे। नगर निगम पगोड़ा केनोपी लगाने वालों को भी स्पेस देगा। कार डिस्प्ले करने वालों से 50 हजार से ज्यादा रकम ली जायेगी।

एमसी कमिश्नर अमित कुमार अधिकारियों की मीटिंग लेंगे फिर देखा जायेगा कि रोजफेस्ट के लिए फंड जुटाने की क्या संभावनाएं हो सकती हैं। रोजगार्डन में क्या-क्या काम कराये जाने हैं, इस पर अधिकारियों को निर्देश दिये जायेंगे। कमिश्नर के निर्देश पर रोजगर्गान में वेरका बूथ साइड 36 फूड स्टाल के लिए एक्सपेशन ऑफ इंटरेस्ट मांगे गये हैं। इनका रिजर्व प्राइज 9.68 लाख प्लस 18 प्रतिशत जीएसटी रखा गया है। फूड स्टाल का साइज 10 गुना 10 फुट होगा। इनकी ऑक्शन आज 12 फरवरी को होगी। ऑक्शन में स्टाल लेने वाली पार्टी को अर्नेस्ट मनी के तौर पर 50 हजार रुपये का ड्राफ्ट मौके पर ही जमा कराना होगा।

पिछले साल रोज फेस्ट में फूड स्टाल ऑक्शन से 16 लाख रुपये की कमाई हुई थी। इस बार एमसी को इससे कहीं ज्यादा मिलने की संभावना है। इसके आधार पर ही फेस्टिवल का खर्च तय किया जायेगा। एमसी केवल रेंट के लिए पैसे खर्च करेगा।

### रोज फेस्ट में यह फूड होगा उपलब्ध

फूड स्टाल तीनों दिन सुबह 10 बजे से राज के 10 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। इन स्टाल्स पर पंजाबी ढाबा , दिल्ली चाट, हरियाणवी जलेब, कश्मीरी काहवा, महाराष्ट्र , गुजरात, राजस्थान, साउथ इंडिया, बिहार का फूड भी उपलब्ध रहेगा।

### फेस्ट के लिए 2 करोड़ का प्रस्ताव हुआ था खारिज

रोज फेस्टिवल के लिए निगम हाउस में 2 करोड़ का प्रस्ताव आया था। फंड की कमी की वजह से तब निगम कमिश्नर ने इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद ही स्पांसर की तलाश शुरू हो गई। एमसी ऐसी कंपनी की तलाश में थी, जो पूरे फेस्ट को स्पांसर कर सके। किंतु इसमें एक ही स्थानीय कंपनी आयी थी। उसने भी अपनी बिजनेस डीटेल सबमिट नहीं की। अब नगर निगम को रोजफेस्ट में हर काम के लिए स्पांसर तलाशने पड़ रहे हैं।

### कल्चरल ईवनिंग

निगम के इस प्रकार के पहले के आयोजनों में बॉलीवुड और पॉलीवुड के नामी गिरामी सिंगर के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। इनमें फ्री पास के बेस पर प्रविष्टियां होती रही हैं। किंतु इस बार फंड क्रंच के चलते ऐसे आयोजनों का टोटा पड़ने वाला है। ऐसे आयोजनों में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर एवं अपने जमाने के प्रमुख गजल गायब तलत महमूद, सुधा मल्होत्रा, गुरदास मान, बब्बू मान, हरभजन मान, जसबीर जस्सी, नये जमाने के बॉलीवुड इंडस्ट्री में मशहूर नाम अंकित तिवारी जैसे गायक दर्शकों को झूमने पर मजबूर करते रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के झूले, ऊंट की सवारी का आनंद भी लिया करते थे बच्चे। मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर अंदर रोजगार्डन के बीच चलते म्यूजिकल फव्वारों की शान तो अब भी देखने को मिल सकती है।

# महापौर ने 12 उप-समितियों का किया गठन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** शहर की मेयर श्रीमती. हरप्रीत कौर बबला ने आज 12 उप-समितियों का गठन किया, जिनमें सड़क समिति, जल आपूर्ति एवं सीवरेज निपटान समिति और गृह कर मूल्यांकन समिति सहित मानदंडों के तहत तीन वैधानिक समितियां शामिल हैं। सड़क समिति में दलीप शर्मा, राजिंदर कुमार शर्मा, श्रीमती सरबजीत कौर, महेशिंदर सिंह, गुरचरणजीत सिंह, सुमन देवी, मनौर, निर्मला देवी, डॉ. नरेश पंचाल शामिल हैं। इसी प्रकार जलापूर्ति एवं सीवरेज निपटान समिति में सरबजीत कौर, गुरचरणजीत सिंह, कंवरजीत सिंह, कुलजीत सिंह संधू, सौरभ जोशी, प्रेम लता, जसबीर सिंह (वार्ड नं. 24, दर्शन, सतिंदर सिंह सिद्धू शामिल हैं।

गृह कर निर्धारण समिति में डॉ. रमणीक सिंह बेदी, अनूप गुप्ता, गुरबक्श रावत, जसमनप्रीत सिंह, राजिंदर कुमार शर्मा, अंजू कत्याल, दमनप्रीत सिंह, तरुणा मेहता, अमित जिंदल शामिल हैं। इसी प्रकार स्वच्छता समिति में मनोज सोनकर, हरजीत सिंह, लखबीर सिंह, दलीप शर्मा, बिमला दुबे, योगेश ढींगरा, पूनम, निर्मला देवी व गीता चौहान शामिल हैं।

इसी प्रकार प्रवर्तन समिति में राजिंदर कुमार शर्मा, कंवरजीत सिंह, श्रीमती बिमला दुबे, गुरचरणजीत सिंह, गुरबक्श रावत, नेहा, योगेश ढींगरा, जसबीर सिंह (वार्ड नं. 24), व धरमिंदर सैनी शामिल हैं। अग्निशमन एवं आपातकालीन समिति में महेशिंदर सिंह, गुरबक्श रावत, जसमनप्रीत सिंह, अनूप गुप्ता, कुलजीत सिंह संधू, राम चंद्र यादव, कुलदीप कुमार, सचिन गालव व मोहिंदर कौर शामिल हैं।

पर्यावरण एवं नगर सौंदर्यीकरण समिति में गुरप्रीत सिंह, महेशिंदर सिंह, जसमनप्रीत सिंह, राजिंदर कुमार शर्मा, हरदीप सिंह, प्रेम लता, जसबीर सिंह (वार्ड नं. 21), जसबीर सिंह (वार्ड नं. 24), व उमेश घई शामिल हैं। इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण समिति में प्रेम लता, श्रीमती गीता चौहान, सरबजीत कौर, श्रीमती बिमला दुबे, सुमन देवी, पूनम, श्रीमती जसविंदर कौर, अंजू कत्याल व तरुणा मेहता शामिल हैं। इसी प्रकार विद्युत समिति में कंवरजीत सिंह, अनूप गुप्ता, कुलजीत सिंह संधू, महेशिंदर सिंह, सौरभ जोशी, नेहा, दमनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह व अनिल मसीह शामिल हैं।

गांव, कॉलोनी एवं स्लम विकास समिति में कुलजीत सिंह संधू, बिमला दुबे, हरजीत सिंह, मनोज सोनकर, लखबीर सिंह, मनौर, जसविंदर कौर, निर्मला देवी व सतिंदर सिंह सिद्धू शामिल हैं। दिन बाजार और अपनी मंडी समिति में लखबीर सिंह, हरजीत सिंह, मनोज सोनकर, कंवरजीत सिंह, बिमला दुबे, मनौर, योगेश ढींगरा, गुरप्रीत सिंह व डॉ. नरेश पंचाल शामिल हैं। जबकि कला, संस्कृति एवं खेल समिति में अंजू कत्याल, सौरभ जोशी, सरबजीत कौर, हरदीप सिंह, राम चंद्र यादव, कुलदीप कुमार, सचिन गालव, श्रीमती दर्शन, व मोहिंदर कौर शामिल हैं।

# भगवान श्री महावीर जैन श्वेतांबर मंदिर में प्रतिष्ठा व संक्रांति महोत्सव कल

जैन समुदाय धड़ों में नहीं बंटा, दोनों का मकसद एक : जैन आचार्य विजय धर्म धुरंधर सुरीश्वर जी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** जैन धर्म के प्रति कम जानकारी रखने वाले मानते हैं कि जैन समुदाय धड़ों में बंटा हुआ है।लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों का मकसद एक ही है। आदि देव की पूजा करना और मानव मात्र का धर्म के रास्ते पर चलते हुए कल्याण करना। यह प्रवचन गुरु आत्म-वल्लभ समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति श्रुतभास्कर जैनाचार्य श्री विजय धर्मधुरंधर सूरीश्वर जी ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहे।

श्री आत्मानंद जैन सभा की ओर से भगवान श्री महावीर जैन श्वेतांबर मंदिर, सेक्टर 28 में प्रतिष्ठा व संक्रांति महोत्सव में विशेष रूप से पधारे आत्म-वल्लभ समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति श्रुतभास्कर जैनाचार्य श्री विजय धर्मधुरंधर सूरीश्वर जी के सान्निध्य में मनाया जा रहा है। 10 से 14 फरवरी तक मनाए जा रहे प्रतिष्ठा व संक्रांति महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए जैनाचार्य श्री विजय धर्मधुरंधर सूरीश्वर जी ने बताया कि जैन धर्म दुनिया के सबसे पुराने धर्म में से एक है। जैन धर्म का मूल उद्देश्य मानव मात्र का सर्वांगीण विकास है। वह आज अपने गुरु की प्रतिष्ठा हेतु चंडीगढ़ जैन मंदिर में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु प्रतिमा-प्रतिष्ठा के साथ-साथ दुनिया में व्याप्त युद्ध के माहौल को देखते हुए विश्व शांति हेतु भी ईश्वर के समक्ष प्रार्थना की जाएगी, ताकि लोगों में डर और भय का माहौल न बने। गुरु जी ने बताया कि पर्याप्त मंत्र उच्चारण के बाद प्राण प्रतिष्ठा की जाती है यह अपने गुरु, धर्म और समाज के प्रति एक समर्पण भावना है। गुरुजी ने बताया हिंदू मुस्लिम सिख इसाई धर्म बेशक सब अलग अलग हैं, लेकिन सभी अपने-अपने तरीके से पूजा अर्चना करते हैं लेकिन रास्ता सबका एक ही है। आत्मा का परमात्मा से मिलन का। सभी धर्म हमें अमन चैन और मिलजुल और आपस मे प्यार मोहब्बत से रहना सिखाते हैं। गुरुजी ने यह भी बताया 144 साल बाद जो प्रयाग में महाकुंभ लगा है वहां पर बड़े-बड़े साधु संत पहुंचे हुए हैं। यह भी एक संदेश देता है कि हमें एक दूसरे के प्रति संवेदना और प्यार की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ हिंदुओं को धर्म के प्रति जोड़ने का एक बहुत ही अच्छा प्रयास है।

इस अवसर पर आत्मानंद जैन सभा के प्रेसिडेंट सुशील जैन और महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि 13 फरवरी को आयोजित महोत्सव में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया सहित पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट के जज साहिबान और काफी संख्या मे गणमान्य शख्सियत शामिल होंगी और गुरु जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

सम्पादकीय

# निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग का औचित्य

विपक्ष को अपनी जीत की राह इसमें नजर आ रही है कि ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर मतदान कराया जाए। इसकी वजह यही है कि बीते एक दशक से एनडीए सत्ता में है और कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल लगातार पराजय का सामना कर रहे हैं। ऐसे में वे चुनाव आयोग पर निष्पक्ष न रहने का आरोप लगा रहे हैं वहीं ईवीएम को अपनी पराजय की सबसे बड़ी अड़चन समझ रहे हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया था, इसके बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी ईवीएम में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा था और जवाब की मांग की थी। हालांकि आयोग ने खुद पर लगे सभी आरोपों का लंबा जवाब दे दिया था। लेकिन कांग्रेस की शिकायत जारी है और अब हरियाणा के निकाय चुनाव में ईवीएम से वोटिंग में उसे फिर गड़बड़ी की आशंका नजर आ रही है, जिसके लिए उसने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि बैलेट पेपर पर मतदान कराया जाए। दरअसल, कांग्रेस की इस मांग का औचित्य चुनाव में कथित धांधली की रोकथाम नहीं अपितु राजनीतिक मसला खड़ा करना ज्यादा नजर आ रहा है। बेशक, निर्वाचन आयोग ने इससे साफ इनकार भी कर दिया है कि बैलेट पेपर से चुनाव नहीं कराए जा सकते। इसकी वजह यही है कि जब देश पूरी तरह से कागज रहित चुनाव की दिशा में बढ़ चुका है, तब निकाय चुनाव बैलेट से कराने की मांग अव्यावहारिक है। हरियाणा कांग्रेस ने उत्तराखंड का हवाला देकर यहां भी निकाय चुनाव बैलेट से कराने की मांग की है। अब यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि उत्तराखंड में ऐसा क्यों हुआ कि निर्वाचन आयोग को बैलेट से मतदान कराना पड़ा।

**गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम से चुनाव कराने के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव की मांग को लेकर जन जागरण यात्रा निकालने की बात कही थी। हालांकि उनकी यह मांग उस समय आई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की जा रही थी। ईवीएम, बैलेट पेपर और चुनाव का यह चक्कर आज की बात नहीं है, ऐसा तब से है, जबसे देश में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने चुनाव में हार का सामना करना शुरू किया है, वहीं अनेक छोटे दल देश के लोकतंत्र में उग आए हैं। एक समय वह भी था, जब देश में आम चुनाव के नतीजे पूर्णतया आने में एक हफ्ते का समय लग जाता था।**

गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम से चुनाव कराने के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव की मांग को लेकर जन जागरण यात्रा निकालने की बात कही थी। हालांकि उनकी यह मांग उस समय आई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की जा रही थी। ईवीएम, बैलेट पेपर और चुनाव का यह चक्कर आज की बात नहीं है, ऐसा तब से है, जबसे देश में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने चुनाव में हार का सामना करना शुरू किया है, वहीं अनेक छोटे दल देश के लोकतंत्र में उग आए हैं। एक समय वह भी था, जब देश में आम चुनाव के नतीजे पूर्णतया आने में एक हफ्ते का समय लग जाता था। इस दौरान पूरा देश दूरदर्शन पर नजरें टिकाए बहस सुनता रहता था। हालांकि चुनाव में हार का सामना करने वाले राजनीतिक दलों को आज अपनी कमियां नजर नहीं आती, बजाय इसके वे ईवीएम और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए इन्हें हराने के लिए जिम्मेदार ठहराते रहते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहले कांग्रेसी नहीं हैं, जिन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं, हालांकि इस बार उन्होंने बैलेट पेपर के जरिये चुनाव कराने की मांग को लेकर जैसा अभियान शुरू करने की बात कही है, अचरज उस पर हो रहा है। क्या वास्तव में आज का समय ऐसा है, जब बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं और क्या देश की जनता इसे स्वीकार करेगी। आखिर जनता को गुमराह करने के लिए इस प्रकार के शिगूफे क्यों छोड़े जाते हैं। क्या देश की जनता को यह नहीं कहना चाहिए कि इस चुनाव-चुनाव के खेले से उसे बचाया जाए। एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली के जरिये कम से कम समय में चुनाव को संपन्न करा कर सरकार का गठन कराया जाए। यह बेहद हैरानी की बात है कि कांग्रेस ने हरियाणा में चुनाव हार गई तो उसे ईवीएम में बुराई नजर आने लगी। उसके बाद महाराष्ट्र में उसकी हार हुई तो वहां भी उसे ईवीएम खराब लगी। लेकिन वायनाड में जब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जीत गई तो वहां ईवीएम ठीक हो गई। इसी प्रकार झारखंड में भाजपा को मात मिली तो वहां भी ईवीएम ठीक थी। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में भी जब कांग्रेस की गठबंधन दोस्त नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी मिली तो ईवीएम बेदाग हो गई थी। अब खुद सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को कहा है कि जब विपक्ष के बड़े नेता हार जाते हैं तो उन्हें ईवीएम में बुराई नजर आती है, लेकिन जब वे जीत जाते हैं तो सब ठीक ठाक होता है। वास्तव में ईवीएम बेवजह बदनाम हो रही हैं, असली वजह कुछ और होती है। विधानसभा चुनाव में विपक्ष ने बहुत जोर लगाया था, लेकिन फिर भी उसे हार मिली, उसने अपनी हार के लिए ईवीएम और कथित धांधली को जिम्मेदार ठहराया। संभव है, निकाय चुनाव के परिणामों से आशंकित विपक्ष पहले ही ईवीएम को जिम्मेदार ठहरा कर अपने बचाव का रास्ता तलाश रहा हो।

## श्री गुरु रविदास जयंती पर विशेष

# निर्भय जीवन का मूल मंत्र-'मन चंगा तो कठौती में गंगा'

इस समय प्रयागराज में 'महाकुंभ उत्सव' चल रहा है और संयोग है कि संतश्री गुरू रविदास जयंती भी इसी माह में है। 14वीं शताब्दी में जब हरिद्वार में कुंभ उत्सव चल रहा था तो गंगाराम नाम का व्यक्ति जुते खरीदने के लिए श्री गुरू रविदास जी के पास



आया और कहा कि वे हरिद्वार में कुंभ स्नान करने के लिए जा रहे हैं। श्री गुरू रविदास जी ने भी गंगा माता को भेंट करने के लिए उन्हें एक सिक्का दिया और कहा कि इसे गंगा मैया को भेंट कर देना। श्री गुरू रविदास जी का सिक्का जब गंगाराम ने गंगा मैया को दिया तो उसके बदले में मैया ने स्वयं प्रकट होकर एक सोने का कंगन गंगाराम को दिया और आकाशवाणी हुई कि यह कंगन रविदास को दे देना। कंगन को देखकर गंगाराम प्रलोभन में आ गया और कंगन रविदास जी को न देकर अपनी पत्नी को दे दिया। गंगाराम की पत्नी कंगन बेचने के लिए सुनार के पास ले गई तो सुनार ने यह कंगन तत्कालीन राजा की रानी को दिखाने का फैसला किया। इस पर रानी ने दूसरा कंगन लाने की मांग की। जब राजा के दरबारी एक और कंगन लेने के लिए गंगाराम के पास आए तो गंगाराम ने गुरू रविदास जी के पास जाकर माफी के लिए निवेदन किया और एक ऐसा ही कंगन देने की प्रार्थना की। श्री गुरू रविदास जी ने दूसरे कंगन के लिए अपनी पानी की भरी मिट्टी की कठौती में हाथ डाला तो एक कंगन मिला और गंगाराम को दे दिया और कहा यह लो दूसरा कंगन, जो पानी से भरे मिट्टी के बरतन में मां गंगा बह रही है,उन्होने ही उसे दिया है। साथ ही गंगाराम को सीख दी और कहा ''मन चंगा तो कठौती में गंगा''। उस दिन से यह कहावत पूरी दुनिया में प्रचारित है। यह न केवल एक कहावत है बल्कि गुरू जी का चिंतन दर्शन है और निर्भय जीवन का मूल मंत्र है। उन्होने कहा है मनुष्य छल-कपट और भेदभाव तथा आडंबर से दूर रहकर कर्म करता रहे तो वह जीवन में सब कुछ प्राप्त कर सकता है।



जब देश में भय-भुख, भेदभाव, भ्रष्टाचार, छुआछूत और भ्रांतियों का बोलबाला था, तब गुरू रविदास जी का जन्म काशी में 1377 ई0 में हुआ। पिताजी का नाम संतोख दास तथा माता का नाम कालसी जी था। गुरू रविदास जी बचपन से ही सन्तों के साथ रहते थे। वैसे तो हमारे देश में सदियों से अनेक महान सन्तों ने जन्म लेकर भारत-भूमि को धन्य किया है, जिसके कारण ही भारत को विश्वगुरू कहा जाता था।

संत गुरू रविदास जी किसी एक जाति या सम्प्रदाय के गुरू नहीं थे, वे पूरी मानव जाति के पथ-प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षॉएं पूरी मानवता के लिए हैं। आज भी उनकी शिक्षाएं प्रकाश स्तम्भ की तरह समाज का मार्गदर्शन कर रही है।

वर्तमान सामाजिक परिपेक्ष, समाज धर्मिता एवं मानवीय प्रेम की वकालत करने वाले श्री गुरू रविदास जी आज अपने चिंतन दर्शन और अपनी शिक्षाओं के कारण पूरे विश्व में प्रचारित है। श्री गुरू रविदास जी का चिंतन दर्शन समाज में एक नई सांस्कृतिक परिवर्तन की लहर प्रदर्शित कर रहा है। उनकी वाणी हिंदू धर्म के साथ-साथ अन्य धर्मो की शिक्षाओं के माध्यम से भी समता मूलक समाज का संदेश दे रही हैं। सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी श्री गुरु रविदास जी के 40 से भी अधिक दोहे,छंद व वाणी समाहित किए गए हैं, जो मानवता को एकता के सूत्र में बंधने के लिए प्रेरित करती हैं।

श्री गुरु रविदास जी ने कहा कि मनुष्य जन्म से छोटा नहीं होता बल्कि अपने कर्मों से छोटा या बड़ा होता है।

श्री गुरू रविदास जी जाति व्यवस्था के घोर विरोधी थे उन्होने कहा भी है कि--

जाति-जाति मे जाति है, जो केतन के पात।
रैदास मनुष ना जुड़ सके, जब तक जाति न जात।।

जाति-पाति के भेदभाव को मिटाए बिना मनुष्य का कल्याण नही हो सकता। देश से जात-पात को खत्म करके ही भारत वर्ष अपने ऐतिहासिक गौरव विश्व गुरू का दर्जा प्राप्त करने में आगे बढ़ सकता है। वैर-विरोध, नफरत तथा सम्प्रदायिकता के तो वे प्रबल विरोधी थे। उन्होंनें अपनी वाणी में स्पष्ट कहा है कि: राम-रहीम, काशी-काबा, मन्दिर-मस्जिद सब एक है।

सन्त शिरोमणी गुरू रविदास जी का सम्पूर्ण जीवन दर्शन सदाचार, सादगी और कर्मयोग का सन्देश देता है। उन्होनें भक्ति मार्ग को अपनाते हुए मानव-मात्र की सेवा के साथ-साथ कर्म पर उसी तरह बल दिया जैसे भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कर्म का अमर सन्देश दिया है। उन्होनें स्वतन्त्रता और एकता का भी शंखनाद किया था। संत गुरू रविदास जी महाराज ने स्वतन्त्रता व एकता से जीवन निर्वाह की प्रेरणा देते हुए कहा है:-

पराधीनता पाप है जान लेहू रे मीत।
रविदास पराधीन से कौन करे है प्रीत।।

श्री गुरु रविदास जी ने मीरा बाई समेत राजा पीपा, राजा नागरमल को ज्ञान का मार्ग दिखाया। इनकी ख्याति से प्रभावति होकर तत्कालीन शासक सिकन्दर लोधी उनके पास गए और ज्ञान की सीख ली थी।

आज देश में जिस खाद्य सुरक्षा अधिनियम की बात हो रही है और सबका साथ-सबका विकास की बात हो रही है। यह विचार सन्त शिरोमणी श्री गुरू रविदास जी ने 14वीं व 15वीं शताब्दी में दुनिया के सामने रख दिया था। उन्होने उस समय कहा था कि-

ऐसा चाहू राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न।
छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न।

वर्तमान में फिर देश और समाज को आवश्यकता है कि सभी वर्गो के लोग मिलजुल कर समाज में भाईचारा स्थापित करें और संत श्री गुरू रविदास व अन्य संतों के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करें ।

आज माघ माह की पूर्णिमा को श्री गुरु रविदास जी की जयंती न केवल भारतवर्ष में बल्कि विदेशों में भी बहुत ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। जयंती से सप्ताह भर पहले ही सभी लोग साथ मिलकर पूजा अर्चना करते हुए प्रभात फेरियां निकालते हैं। इन प्रभात फेरियों में गुरु जी की शिक्षाओं को स्मरण किया जाता है। इससे बोध होता है की धर्म के नाम पर झगड़े करना अर्थहीन है। समाज में बड़े-छोटे का भेद नहीं होना चाहिए।

संत रविदास निर्गुण धारा के ज्ञानाश्रयी कवि थे। ईश्वर से प्राप्त दैविक शक्तियों को इन्होंने समाज कल्याण व सच्ची ईश्वर भक्ति में जग को सराबोर करने में लगाया। अतः हमें भी उनके बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए तभी कल्याण संभव है।

**-सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कड़े प्रबंध किये : राठी

चंडीगढ़। हरियाणा शिक्षा मंत्री श्रीमती शांति राठी ने कहा है कि 17 फरवरी, 3 मार्च, 17 मार्च से होने वाले पेपरों में नकल को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये है। ये आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि स्कूलों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है, ताकि नकल न हो सके तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को नकल रोकने के लिए पूरे अधिकार दिए गए है ताकि वे गड़बड़ करने वाले सेक्टर को बदलने का मौके पर निर्णय ले सके। उन्होंने बताया कि जो भी अध्यापक इस दौरान गैर हाजिर पाया या ड्यूटी पर न आया तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नकल निरोधक अध्यादेश में कुछ कानूनी अड़चने आने के कारण उसे इस बार लागू नहीं किया जा रहा।

## संधू व्यापार मंडल के कानूनी सलाहकार बने

चंडीगढ़। चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने दलजीत सिंह संधू को मंडल का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया है जो अपनी सेवाएं इस मंडल को प्रदान करेंगे। जबकि उक्त मण्डल ने पंजाब सरकार के व्यापारी समुदाय विशेषकर मंडी गोबिन्दगढ़ के व्यापारियों का मसला हल करें। तथा सरकारी अधिकारियों को निर्देश दिए जाए कि वे टैक्स एकत्र करते समय इन्हें परेशान न करें। यह जानकारी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष इन्द्रलाल बतरा व महासचिव चरणजीत सिंह ने दी।

## पंजाब में पांच खाड़कू मरे

चंडीगढ़ बीती रात के दौरान पंजाब में सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में चार खाड़कू मारे गए जबकि एक खाड़कू ने पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त सूचना के अनुसार लुधियाना में गिल चैक के नजदीक सुरक्षा कर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन खाड़कू मारे गए जबकि जिला संगरूर में एक अज्ञात खाड़कू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1502 - वास्को द गामा भारत की दूसरी यात्रा के लिए लिस्बन से रवाना हुआ।
1762 - ब्रिटेन की नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्ज़ा किया।
1809 - ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन का जन्म।
1818 - दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
1824 - आर्य समाज के प्रवर्तक और प्रखर सुधारवादी सन्यासी दयानंद सरस्वती का जन्म।
1920 - हिन्दी फिल्मों के जाने-माने नायक, खलनायक प्राण कृष्ण सिकंद का जन्म।
1922 - महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की असहयोग आन्दोलन को समाप्त करने के लिये राजी किया।
1953 - सूडान के बारे में ब्रिटेन और मिस्र के बीच समझौता हुआ।
1979 - ईरान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शाहपुर बख्तियार ने सेना का समर्थन खोने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया।
1994 - भारतीय मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन का जन्म।
1999 - बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू।
2008 - उत्तर प्रदेश सरकार ने संगठित अपराध नियन्त्रण विधेयक को दोबारा ध्वनिमत से पारित किया।
2013 - उत्तर कोरिया ने तीसरा भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2017 - 70वें ब्रिटिश अकादमी फ़िल्मि पुरस्कार में आई, डैनियल ब्लेक ने सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश फिल्म का पुरस्कार जीता।
2022 - भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक राहुल बजाज का निधन।
1613 - मुगल शासक जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना खोलने की अनुमति दी।
1814 - यूरोपीय देश नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1826 - लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के नाम से की गई।
1919 - फ्रेडरिक एबर्ट जर्मनी के पहले राष्ट्रपति चुने गये।
1931 - भारतीय सिद्धांतकार, साहित्यिक आलोचक और उर्दू विद्वान गोपी चंद नारंग का जन्म।
1933 - गांधी जी के 'हरिजन वीकली' का प्रकाशन शुरू हुआ ।
1942 - प्रसिद्ध समाजसेवी जमनालाल बजाज का निधन।
1944 - जर्मन सेना ने इटली के अप्रिलिया पर दोबारा क़ब्ज़ा किया।
1950 - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज

## बोल ब्यूटीफुल



**तवलीन सिंह:** जो कोई भी यह समझना चाहता है कि केजरीवाल की राजनीति में क्या गलत हुआ, उसे 'राजनीतिक विश्लेषकों' की बात सुनना बंद कर देना चाहिए और उनके पुराने मित्र कुमार विश्वास की बात सुननी चाहिए। वह इसे सबसे अच्छे तरीके से समझाते है।

**संजय निरुपम:** पाडकास्ट के नाम पर सोशल मीडिया पर परोसे जाने वाली अश्लीलता अब छोटा प्रश्न नहीं रह गया। मैं सेंसर का सुझाव नहीं दे रहा, लेकिन सरकारें एक ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे इंटरनेट मीडिया पर बेरोकटोक बह रही गंदगी और अश्लीलता पर नियंत्रण लगाया जा सके।

**अनुराग मुस्कान:** विपक्ष कह रहा है कि कांग्रेस और आम आदमीपार्टी दिल्ली में मिलकर लड़ते तो नतीजे कुछ और होते। कोई समझाओ इनको कि 22 में 0 जोड़ने पर 22 ही आता है , 220 नहीं।

## मुद्दा

# दिल्ली में हार के बाद क्या पंजाब में 'आप' कोई नया मॉडल देगी?

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार ने 'ब्रांड केजरीवाल' के साथ-साथ आम आदमी पार्टी की 11 साल की राजनीति के 'दिल्ली मॉडल' को भी पूरी तरह से नकार दिया है। पंजाब में 'आप' ने 'दिल्ली मॉडल' के दम पर प्रचार करके और उसे मौका देने का वादा करके विधानसभा चुनाव जीता था। अब पंजाब में भी 'दिल्ली मॉडल' पर सवाल उठना लाजिमी है। यही वजह है कि 'आप' सुप्रीमो केजरीवाल को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित पार्टी के सभी विधायकों की दिल्ली में बैठक बुलानी पड़ी है। केजरीवाल ने विधायकों से एकजुट हो कर काम करने और चुनावी वादे पूरे कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का संदेश दिया है। दिल्ली में हार के बाद 'आप' के कार्यकर्ताओं का मनोबल पंजाब में कमजोर नहीं पड़ना, आज की बैठक का यही मकसद था, लेकिन विपक्षी दलों को इस बैठक के बहाने 'आप' नेतृत्व पर हमला करने का मौका जरूर मिल गया है।

हालांकि, पंजाब में पहले से ही इस बात पर चर्चा चल रही है कि 'आप' देश के सभी आयामों में समृद्ध पंजाब का अपना मॉडल क्यों नहीं दे पाई? भगवंत मान की सरकार 16 मार्च को तीन साल पूरे करने जा रही है और फरवरी 2027 में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में हार के बाद क्या पंजाब में कोई नया मॉडल बनेगा या इसी मॉडल के सहारे सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी? आम आदमी पार्टी के लिए पंजाब में अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की चुनौती और भी गंभीर हो गई है। अब अगली परीक्षा पंजाब में सरकार बनाए रखने के साथ-साथ एक नया अध्याय लिखने की होगी।

भगवंत मान और उनकी सरकार के लगभग सभी मंत्रियों ने दिल्ली चुनाव में जोरदार प्रचार किया था। मान ने पंजाबियों के वर्चस्व वाली दिल्ली की सभी विधानसभा सीटों पर चुनावी रैलियां करने के साथ-साथ रोड शो भी किए, लेकिन 'आप' को अधिकतर सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस संकेत से पार्टी को गहरा झटका लगा है। यह झटका मुख्य विपक्षी दलों के लिए एक राजनीतिक अवसर बनकर उभरा है। विपक्षी दल पंजाब में अगले







विधानसभा चुनाव तक आम आदमी पार्टी को हर मोर्चे पर घेरने का मौका नहीं छोड़ेंगे।

अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर चुकी मान सरकार को पंजाब में अभी भी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के सबसे बड़े मुद्दे पर पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब चुनाव में जल्द न्याय दिलाने का वादा किया था, लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकला है। इस पर पार्टी के विधायकों ने भी सवाल उठाए हैं। भगवंत सरकार पंजाब में नशे को खत्म करने का अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाई है।

सरकार राज्य में रेत-बजरी माफिया को पूरी तरह से रोकने में भी लगभग विफल रही है तथा रेत-बजरी का कारोबार और खनन कार्य पहले की तरह ही चल रहा है। सरकार महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह देने की योजना को अभी तक लागू नहीं कर पाई है। राज्य में आर्थिक आय बढ़ाने के दिखाए गए सपने लगातार बढ़ते कर्ज के बोझ में धूमिल होते जा रहे हैं। पंजाब को औद्योगिकीकरण में अग्रणी बनाने की नीति के सार्थक परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं।

बड़े तामझाम के साथ शुरू किया गया भ्रष्टाचार विरोधी अभियान धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया है। नए रोजगार पैदा होने की उम्मीदें भी धूमिल हो रही हैं। पंजाब से विदेशों में पलायन कर रहे युवाओं को राज्य में ही रोजगार मुहैया कराने के बड़े-बड़े वादे भी काम नहीं आए हैं।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के पंजाब पर पड़ने वाले प्रभाव पर राजनीतिक विश्लेषकों और कई बुद्धिजीवियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के पूर्व डीन डॉ. जमशेद अली खान का कहना है कि 'आम आदमी पार्टी की हार मुख्य रूप से पार्टी द्वारा अपनाए गए 'दोहरे मापदंड' के कारण हुई है।' पार्टी अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार से पंजाब इकाई पर पार्टी की केंद्रीय कमान की पकड़ कमजोर हो सकती है।

इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि पंजाब में आने वाले समय में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को जब कांग्रेस नेतृत्व ने पद से हटाया गया था तो उन्होंने भाजपा से समझौता कर लिया था। दिल्ली में हार के बाद पंजाब में 'आप' के क्या समीकरण बनेंगे, यह जानने के लिए राजनीति पर नजर रखनी होगी। अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से अलग होकर अपनी नई पार्टी बनाई थी, लेकिन उसे लोगों की तरफ से कोई समर्थन नहीं मिला था।

पंजाब में स्थानीयता की भावना बहुत मजबूत है और राजनीतिक परिपक्वता में किसी भी तरह से कम नहीं है। पंजाब हमेशा से किसी भी बाहरी नेतृत्व को स्वीकार करने के खिलाफ रहा है। डॉ. जमशेद अली खान का कहना है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी अब 'आप' से मोहभंग होता दिख रहा है। 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की कई मुद्दों पर चुप्पी और मौन रहना भाजपा के समर्थन को उनकी स्वीकार्यता को दर्शाता है, चाहे वह दिल्ली में शाहीन बाग आंदोलन हो, अनुच्छेद 370 को हटाना हो, दिल्ली दंगों का मुद्दा हो या वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन का मामला हो।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के प्रोफेसर जगरूप सिंह सेखों का कहना है कि केवल एक व्यक्ति द्वारा केंद्रित और नियंत्रित राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती है। आंदोलन से निकली पार्टी में कभी कोई संगठनात्मक ढांचा नहीं बनाया गया। एक व्यक्ति की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पार्टी को मिले अपार समर्थन और जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं कर पाई। पंजाब हमेशा से अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर संघर्ष करता रहा है। आम आदमी पार्टी पंजाब को कोई स्थायी समाधान देती नहीं दिख रही है।

पंजाब केजरीवाल सरकार से बेअदबी मामले में न्याय की उम्मीद कर रहा है। अब यह सवाल बहुत अहम हो गया है कि क्या 'आप' अपने अंदरूनी झगड़ों को सुलझाकर मुख्यमंत्री भगवंत मान या नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा के लिए पंजाब केंद्रित मॉडल विकसित करेगी या फिर पार्टी राजनीति के रास्ते पर चलेगी।

**रिपोर्ट: जगदीप सिंह सिंधू**

## जगन्नाथ पुरी मंदिर

# श्रीकृष्ण, सुभद्रा और बलराम की होती है पूजा

धरती का बैकुंठ कहे जाने वाले जगन्नाथ पुरी का हिन्दू धर्म में खास महत्व है। जगन्नाथ पुरी में भगवान श्रीकृष्ण, सुभद्रा और बलराम की पूजा होती है और यहां विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा होती है।

जगन्नाथ मंदिर उड़ीसा राज्य के पुरी शहर में स्थित वैष्णव सम्प्रदाय का प्रमुख स्थल है। इस मंदिर को हिन्दूओं के चारों धाम में से एक माना जाता है। यह मंदिर वैष्णव परंपराओं तथा संत रामानंद से सम्बन्धित है। इस स्थान को नीलगिरी, नीलांचल और शाकक्षेत्र भी कहा जाता है। पुराणों में कहा गया है कि श्रीकृष्ण ने पुरी में अनेक लीलाएं की थीं और नीलमाधव के रूप में अवतरित हुए थे। इस मंदिर के बनने से जुड़ी एक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार भगवान जगन्नाथ की नीलमणि से जुड़ी मूर्ति वृक्ष के नीचे मिली थी। मालवा नरेश को यही मूर्ति सपने में दिखी थी। तब उस राजा ने भगवान विष्णु की तपस्या की। विष्णु जी ने राजा को बताया कि पुरी में समुद्र तट के किनारे लकड़ी मिलेगी उसी से मूर्ति बनवाएं। राजा ने ऐसा ही किया। उन्हें कारीगर के रूप में विश्वकर्मा से मिले। विश्वकर्मा जी ने शर्त रखी थी वह एक महीने में मूर्ति बनाएंगे लेकिन कोई उस कमरे में कोई प्रवेश नहीं करेगा और दरवाजा बंद रहेगा। राजा मान गए और इस तरह मूर्ति का निर्माण शुरू हो गया। ऐसा कहा जाता है कि रोज राजा आते थे और कमरे से मूर्ति बनाने से आवाज सुनते थे। लेकिन महीने के आखिरी कुछ दिनों में उन्होंने कमरे से मूर्ति बनने की आवाज नहीं सुनी तो कमरे का दरवाजा खोल दिया। तब एक वृद्ध कारीगर बाहर आया और उसने कहा कि मूर्तियां अभी पूरी नहीं बनी है बल्कि अधूरी हैं। यह सब भाग्यवश हुआ है। अब ऐसे ही यह मूर्तियां स्थापित होंगी और पूजी जाएंगी। उसके बाद कृष्ण, सुभद्रा और बलभद्र की मूर्तियां स्थापित की गई।



### महाप्रसाद भी होता है खास

जगन्नाथ पुरी मंदिर में मिलने वाले प्रसाद को महाप्रसाद कहा जाता है। महाप्रसाद को विशेष विधि से बनाया जाता है। यह प्रसाद केवल मिट्टी के बर्तन में बनता है। प्रसाद लकड़ी के चूल्हे पर बनता है तथा एक के ऊपर एक बर्तन रखे जाते हैं। प्रसाद बनते समय सबसे पहले ऊपर के बर्तन का प्रसाद पकता है। मंदिर में प्रतिदिन हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं लेकिन कभी भी प्रसाद न तो बचता है और न ही कम होता है।

### जगन्नाथ पुरी के बारे में हैं चमत्कारिक बातें


* जगन्नाथ मंदिर की एक खास बात यह है कि आप मंदिर के आस–पास कहीं भी हों आपको मंदिर के ऊपर लगा सुदर्शन चक्र हमेशा अपने सामने ही दिखाई देगा।
* यहां विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा लगती है जहां दुनिया भर से लोग आते हैं।
* मंदिर की एक खास बात यह है कि यहां स्वयं भगवान जगन्नाथ विराजते हैं। ऐसा दुनिया भर के किसी मंदिर में नहीं देखा गया है।
* मंदिर में स्थित रसोईघर दुनिया का सबसे बड़ा रसोईघर है। ऐसा कहीं और देखने को नहीं मिलता है। इसमें 500 रसोइए और 300 सहयोगी काम करते हैं।
* नीम की लकड़ी से बना इनका विग्रह खास होता है, यह एक खोल मात्र है इसमें स्वयं भगवान श्रीकृष्ण विराजते हैं।
* जगन्नाथ मंदिर के ऊपर का झंडा हमेशा हवा के विपरीत दिशा में फहराता है।
* मंदिर की एक खास बात यह है कि मंदिर के शिखर पर मौजूद झंडा रोज बदला जाता है।

# बिना गतिशीलता के जीवन असंभव: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** हमारा जीवन इसी गतिशीलता पर आधारित और पोषित है। अगर यह गतिशीलता रुक जाए तो हमारे जीवन से जुड़ा सब कुछ रुक जाएगा। इस पृथ्वी से हम जो पाते हैं, उस संदर्भ में भी इसकी गतिशीलता भी काफी महत्व रखती है। एक समय ऐसा था, जब इंसान केवल वही खा सकता था, जो धरती उसे देती थी। इसके बाद हमने सीखा कि कैसे हम इस धरती से वो हासिल कर सकते हैं, जो हम चाहते हैं, यह प्रक्रिया कृषि कहलाई। जह हम शिकार करते थे या भोजन तलाशा और इकठ्ठा किया करते थे तो हमें वही मिलता था, जो वहां उपलब्ध होता था। यह कुछ ऐसा ही है कि जब आप अबोध शिशु होते हैं तो आपकी मां आपको जो देती है, बस आप वही खाते हैं। जब आप बच्चे होते हैं तो आप अपनी मनचाही चीजों की मांगने लगते हैं। फिर जब हम कुछ बड़े हो गए और वह मांगने और पाने लगे जो हम चाहते थे, लेकिन अभी भी आपको अपना मनचाहा सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना या जिस हद तक मां वह आपको देना चाहती है या देने की इच्छुक है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर 24सी तुलसी सभागार मे अपने व्यक्त्व में कहे।

मनीषी संत ने आगे कहा अगर आप अपनी मांग को इस हद से से ज्यादा खींचने की कोशिश करेंगे तो आपको वो सारी चीजें तो मिलेगी नहीं, हां कुछ और जरूर मिल सकता है। यही औद्योगिकीकरण कहलाता है। कृषि वह है, जिसमें आप अपनी मां से अपनी मनचाही देने की खुशामद करते हैं, जबकि औद्योगिकरण में आप अपनी मांगों से उसे विदीर्ण या छिन्न-भिन्न कर देते हैं। आप इसे अन्यथा न लें, मैं किसी चीज के खिलाफ नहीं बोल रहा हूं। मैं चाहता हूं कि आप उस तरीके या प्रक्रिया को समझें, जिससे हमारा दिमाग या इंसानी गतिविधियां एक स्तर से दूसरे स्तर तक संचारित हो रही हैं।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया जीवन का जहाज तूफानों से भरे संसार सागर में भटक गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसका नैतिक-बोध, इसका दिशासूचक यंत्र खराब हो गया है। जीवन को गतिशील बनाने के लिए



जीवन-ऊर्जा आवश्यक है, परंतु उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है उसका सही दिशा में संयोजन। गरीबी में भी गरिमा, सादगी का सौंदर्य, संघर्ष का हर्ष, समता का स्वाद और आस्था का आनंद, ये सब हमारे आचरण से पतझड़ के पत्तों की भांति झर गए हैं। हृदय से मानवीय-प्रेम या करुणा का संवेदनशील स्वर, मस्तिष्क से नैतिक चिंतन की अवधारणा और सम्यक आचरण का संकल्प कहीं खो गया है। आज अहिंसा के आलोक की तलाश है। महावीर, बुद्ध और गांधी की अहिंसा किसी कठघरे में कैद है। हिंसा उन्मुक्त होकर अट्टहास कर रही है। भगवान महावीर का प्रारंभिक दर्शन भी सवरेपयोगी नैतिक आचारसंहिता में ही निहित था, अध्यात्म आदि प्रसंग बाद में जुड़ते गए। ज्यों-ज्यों नए तर्क, अन्य धर्र्मो की चुनौतियां सामने आई,तब उनके समाधान में तार्किक आधार के लिए अध्यात्म, स्वर्ग-नर्क, धर्म-अधर्म आदि परिकल्पनाएं जुड़ती गई। वैदिक धर्म में अनुत्तरित प्रश्नों के लिए सर्वशक्तिमान सृष्टिकर्ता-पालक-संहारक एक ईश्वर की कल्पना की गई। जैन-दर्शन में एकेश्वरवाद स्वीकार्य नहीं है, किंतु महावीर के समय तक कई प्रश्नों का समाधान, कई नैतिक सिद्धांतों का औचित्य आध्यात्मिक आधार के बिना संभव नहीं था।

## 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2025

# सात धातुओं से बने सिंगिंग बाउल्स बने आकर्षण का केंद्र



**मेडिटेशन के लिए लाभकारी है यह बर्तन**

**पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा बिम्सटेक पवेलियन**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

सूरजकुंड (फरीदाबाद)। 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में इस बार पर्यटकों को बिम्सटेक पवेलियन अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पवेलियन में नेपाल, भूटान, युगांडा, बेलारूस, कजाकिस्तान व थाईलैंड सहित अन्य सदस्य देशों के शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए कपड़े, लकड़ी से निर्मित सामान सहित अन्य उत्पाद लोगों को अत्यधिक पसंद आ रहे हैं।

बिम्सटेक पवेलियन में नेपाल देश की स्टॉल नंबर एफसी-45 पर विभिन्न आकार में सिंगिंग बाउल्स (7 धातुओं से निर्मित विशेष बर्तन) भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्टॉल के संचालक प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि ये सिंगिंग बाउल्स सात धातुओं से मिलकर बनाए जाते हैं। सिंगिंग बाउल्स में एक बार हथौड़ा मारकर ध्वनि पैदा की जाती है। यह ध्वनि करीब 5 मिनट तक रहती है। सिंगिंग बॉल्स को बिना स्पर्श किए नजदीक से इसकी ध्वनि की कम्पन को महसूस किया जाता है। इसे डीप रिलैक्सेशन, मेडिटेशन और बीमारियों को वापस आने से रोकने में उपयोग किया जाता है। इसके अलावा यहां मौजूद शालीग्राम पत्थर, लेपसी फल से बनी कैंडी का स्वाद भी लोग चख रहे हैं। स्टॉल पर नेपाल के शिल्पकारों द्वारा निर्मित विशेष प्रकार के उत्पाद जैसे कपड़े, मालाएं व घरेलू सामान भी पर्यटकों के मन को भा रहे हैं।

# संत इंसान को जगाने की कोशिश करते हैं

इंसान को जगाने की कोशिश सन्त करते हैं कि हे इन्सान, तू इस संसार में आया है, तो यह काम कर ले। इस काम को कर लेगातो तेरा पार उतारा हो जाएगा। क्योंकि ब्रह्मज्ञानके बिना मृत्यू का भय बना रहता है। इसीलिए सन्तों ने मानव को चेतावनी दी है कि-

कबीर संगति करीये साध की अंति करे निरबाहु।
साकत संग न कीजिये जा तो होई बिनाहु।

अगर साधु की संगति हमें प्राप्त होती है, तो ब्रह्मज्ञान हो जाता है। जैसे ओर कुछ भी हमें दुनियावी ज्ञान प्राप्त करना है, तो जो जानकार होता है,उसी से वह ज्ञान मिलता है। हमें अंग्रेजी पढ़नी है तो ये अंग्रेजी जानता है, वो हमें अंग्रेजी पढ़ा सकता है। इसमें हम कोई शर्त नहीं लगाते कि वह जो अंग्रेजी पढ़ाता है, वह धोती पहनता है, वह तो टोपी पहनता है, वह तो पगड़ी पहनता है। वह तो किसी और जाति से ताल्लुक रखता है। हम बच्चों को स्कूलों में दाखिल कराते है, तो क्या कभी हम पहले वह लिस्ट देखते है कि इस स्कूल में जो टीचर पढ़ाने वाले हैं, वे हिन्दू हैं, मुसलमान हैं, सिख हैं, ईसाई हैं। कौन सी जाति से ताल्लुख रखते हैं, कौन सा पहरावा है। डॉक्टर की भी जाति नहीं देखते। इसी तरह सन्तों, महात्माओं की भी जाति नहीं दी जाती, बल्कि उनके ज्ञान से ही हमें लाभ उठाना चाहिए। कहा भी है कि-



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जात न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान।

जो प्रभु के विषय में अज्ञानी हैं, उन्हें ही ज्ञान की सबसे ज्यादा जरुरत है। वे अगर खुद ही जानकारी प्राप्त करेंगे, तो उनको मुक्ति मिलेगी। किसी और के ज्ञान लेने से उन्हें कोई लाभ नहीं होने वाला। जिसके शरीर पर गन्दगी लगी हुई है, उसी को ही स्नान करना पड़ता है। अगर वह स्नान नहीं करता, वह यही कहता रहे कि मैं उज्वल हो जाऊँगा। ऐसा कभी भी होने वाला नहीं। जिस शरीर को रोग लगा हुआ होता है, उसको ही दवा दी जाती है। इसी तरह से इसमें कोई शक नहीं कि जिन्होंने इस नाम, हरि के साथ अपना नातो जोड़कर मुख उज्वल किया और एक ऐसा जीवन व्यतीत करके गए कि युग बीत जाने पर भी आज उसकी श्लाघा हो रही है।

## पंचांग

बुधवार, 12 फरवरी, 2025, सूर्योदयः 07:02 ए एम, सूर्यास्तः 06:09 पी एम, चन्द्रोदयः 05:59 पी एम, चन्द्रास्तः चन्द्रास्त नहीं, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः पूर्णिमा - 07:22 पी एम तक, नक्षत्रः अश्लेशा - 07:35 पी एम तक, योगः सौभाग्य - 08:07 ए एम तक, करणः विष्टि - 07:05 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 07:22 पी एम तक, सूर्य राशिः मकर - 10:04 पी एम तक, चन्द्र राशिः कर्क - 07:35 पी एम तक, राहुकालः 12:35 पी एम से 01:59 पी एम, गुलिक कालः 11:12 ए एम से 12:35 पी एम, यमगण्डः 08:25 ए एम से 09:49 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:58 पी एम, अमृत कालः 05:55 पी एम से 07:35 पी एम, वर्ज्यः 07:55 ए एम से 09:35 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नवीन अवसर प्राप्ति के लिए अच्छा समय है।

**वृषः** आज घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।

**मिथुनः** धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा जो लंबे समय तक चलेगा।

**कर्कः** आज आपके पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता रहेगी। परिवार संग आनन्द उठाएंगे।

**सिंहः** आप सरकार से किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप समय पर अवसर का पूर्ण रूप से उपयोग कर लेते हैं।

**कन्याः** आज जीवनसाथी के सहयोग से आपका कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त हो सकता है।

**तुलाः** सोचे हुए पुराने काम शुरू करें। फायदा हो सकता है। आज आप अच्छा महसूस करेंगे।

**वृश्चिकः** आज घर में परिवारजनों का आप के प्रति विरोध रहेगा। अधिक तेजी से वाहन नहीं चलाएं।

**धनुः** भावनात्मक फैसलों के लिए बहुत अच्छा समय नहीं है, क्योंकि इस अवधि के दौरान आप जो भी निर्णय लेंगे, उसे पूरा करना मुश्किल होगा।

**मकरः** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में रौनक का माहौल बना देगा। काम से जुड़ी कोई खुशखबरी मिलेगी।

**कुंभः** आज आप मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे।

**मीनः** आज शरीर में स्फूर्ति कम रहने के कारण कार्य करने का उत्साह कम रहेगा। आपके प्रिय का आक्रामक मिजाज कोई बड़ा विवाद करा सकता है। ऐसे में आपको बहुत ही शांति से काम लेना होगा।

# श्री श्याम बाबा सेवा मंडल ने बाबा का ध्वज स्थापित कर 21वे श्री श्याम फाल्गुन उत्सव की तैयारियों का किया आगाज



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। शहर की अनाजमंडी में मंगलवार को 9वे. श्रीश्याम फाल्गुन उत्सव की तैयारियों को लेकर श्री श्याम सेवा मंडल समालखा सदस्यों के द्वारा श्याम बाबा का कार्यक्रम स्थल पर ध्वज स्थापित कर पूजन किया गया। ध्वज स्थापना के साथ ही श्याम बाबा जागरण सहित अन्य सभी आयोजनों की तैयारी का आगाज भी हो गया है।

संस्था प्रधान सतबीर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री श्याम बाबा सेवा मंडल समालखा द्वारा 21वां श्री श्याम फाल्गुन उत्सव शुक्रवार 14 फरवरी सांय करीब सवा छह बजे से प्रभु इच्छा तक अनाज मंडी में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर बाबा का निशान ध्वज स्थापित किया गया है।

वही मोहित ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन उत्सव कार्यक्रम के बाद शनिवार 15 फरवरी से 22 फरवरी तक दोपहर सवा तीन बजे से शाम सवा छह बजे तक संस्था द्वारा श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमे विश्वविख्यात कथा वाचक आचार्य विजय कौशल अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

वही वीर प्रकाश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार संस्था की ओर से 16वा. सामूहिक विवाहोत्सव मंगलवार 25 फरवरी को अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा। सोनू जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन से पूर्व कलश यात्रा 14 फरवरी को सुबह 9ः00 बजे ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से पुरानी गुड मंडी से शुरू होकर आयोजन स्थल तक पहुंचेंगे। इस मौके पर श्याम बाबा का आकर्षक दरबार आगरा व दिल्ली के कलाकार द्वारा सजाया जाएगा। इसके अलावा छप्पन भोग, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जागरण की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर में कई स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए जा रहे हैं। श्याम जागरण के दिन कस्बे में जगह-जगह रोशनी की जाएगी। कार्यक्रम क्षेत्र को मुख्य सर्किलों को लाइटों से सजाया जाएगा। जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## नेशनल हाईवे-9 पर दो स्थानों पर अंडरपास निर्माण को लेकर कुमारी सैलजा ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र

# हाईवे पर बने कट के चलते आए दिन होते रहते है हादसे, जानमाल का होता है नुकसान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए एनएच-9 स्टोन नंबर 132-133 के बीच माजरा रोड फतेहाबाद पर और हिसार-सिरसा एनएच-9 पर सीएच नंबर 221+700 पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए। इन स्थानों पर बने कट के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते है और जानमाल का नुकसान होता है, अंडर पास बनने से लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के जिला फतेहाबाद के कुछ गांवों के सरपंचों और प्रमुख नागरिकों ने एनएच-9 स्टोन नंबर 132-133 के बीच माजरा रोड फतेहाबाद पर अंडरपास बनाने के लिए उन्हें मांगपत्र सौंपा है। माजरा रोड नेशनल हाईवे को फतेहाबाद शहर से जोड़ने का सबसे नजदीकी रास्ता है, इस रास्ते पर 17 गांव पड़ते है, इस माजरा रोड पर एक कट बना हुआ है, जहां पर अंडर पास न होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं और जानमाल का नुकसान हो चुका है। ऐसे में उक्त कट को आरजी तौर पर बंद करते हुए अंडर पास बनाया जाए ताकि दोनों ओर के किसानों को फसल कटाई के समय आने-जाने में कोई परेशान न हो।



कुमारी सैलजा ने कहा है कि इसके साथ ही हांसपुर-नागपुर बाईपास एनएच-9 संघर्ष समिति की ओर से भी मांग की गई है कि हिसार-सिरसा एनएच-9 पर सीएच नंबर 221+700 पर अंडरपास का निर्माण करवाया जाए। सीएच नंबर 221+700 पर एक कट है जहां से एक लिंक रोड नई अनाज मंडी से दौलतपुर-हिजरावा कलां की ओर जाती है, इस रोड से 15-20 गांव जुड़े हुए है, फसल कटाई के समय अधिक भीड़ रहने से हादसे होते रहते है जिन्हें रोकने के लिए उक्त स्थान पर अंडरपास का निर्माण जरूरी है। सैलजा ने गडकरी से अनुरोध करते हुए कहा है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त दोनों ही स्थानों पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए।

कालांवाली क्षेत्र की जनता की मांग पर सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर कालांवाली से सुबह सिरसा की ओर से जाने वाली एक ट्रेन का समय आठ बजे किया जाए ताकि स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और नौकरी पर जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले बठिंडा से चलकर दिल्ली जाने वाली किसान एक्सप्रेस सुबह 7.40 पर कालांवाली आती थी जिसका समय अब सुबह 5.40 कर दिया गया है। इसी प्रकार श्री गंगानगर- मेरठ पहले सुबह 6.00 बजे कालांवाली आती थी जिसका समय अब 6.00 कर दिया गया है। इसके बाद कालांवाली से सिरसा की ओर जाने वाली ट्रेन दोपहर डेढ़ बजे पहुंचती है। ऐसे में स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों खासकर लड़कियों और नौकरी व कामकाज पर जाने वाले लोगों को बसों के सहारे सिरसा जाना पड़ता है, बसें काफी घूम कर जाती है और किराया भी दुगना है। ऐसे में विद्यार्थियों और आमजन की परेशानी को ध्यान में रखते हुए सुबह आने वाली किसी एक ट्रेन का समय आठ बजे किया जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 12 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वे सुबह 11ः00 बजे संत श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला भूना में गुरु रविदास समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी इसके बाद दोपहर 01ः00 बजे संत श्री गुरु रविदास भवन एवं छात्रावास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुरानी कचहरी फतेहाबाद में भाग लेंगी।

# भिगान टोल जहां हर समय लगा रहता है जाम: संजय सिंगला



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि जी टी रोड भिगान टोल पर हर समय लंबा जाम लगा रहता है जिससे आमजन व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि दिल्ली के नजदीक होने के कारण ज्यादातर व्यापारी भी दिल्ली व सोनीपत से आवागमन करते हैं और माल वाहन भी जाम में फंसे रहते हैं जिससे उनको आर्थिक व समय का नुकसान होता है साथ में देश पर करोड़ों रुपए का डीजल पेट्रोल, गैस का भी अतिरिक्त बोझ पड़ता है, जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने आज सोमवार दिनांक 11 फरवरी 2025 को टोल अधिकारियों और एस एच ओ मुरथल थाना से इस बारे में शिकायत की जिस पर टोल अधिकारी विकेश सिंह ने संजय सिंगला को बताया कि कि हमारा 65 से 70 कर्मचारियों का स्टाफ है जो ट्रैफिक निकालने में लगा हुआ है लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि टोल पर एक गाड़ी को कितने समय से अधिक नहीं लगेगा और एस एच ओ मुरथल ने इस बाबत उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, संजय सिंगला ने बताया कि कि जिला व्यापार मंडल इस मांग को उचित जगह पर समय समय पर उठाएगा ताकि आमजन व व्यापारियों को परेशानी ना हो

# पीएम फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनी ने किसानों की फसल मुआवजा की राशि की जारी: डा. मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित 11वीं डीएलएमसी की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2021-22, रबी 2022-23, खरीफ 2021 व 2022 से संबंधित 2134 केसों के चर्चा की गई। इन सभी केसों पर चर्चा के बाद उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इनमें से 486 केसों को राज्य स्तरीय निवारण समिति के पास भेजा जाए। इसके अलावा जिन 926 किसानों के दस्तावेजों में कुछ कमी पाई गई है, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग शीघ्र इन्हेंदूर कर किसानों की फसलों में हुए नुकसान का भी भुगतान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बताया कि ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनी रिलाईस जनरल इंसोरेंश कंपनी लिमिटेड ने 722 किसानों की फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए 2 करोड 10 लाख 51 हजार 967 रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में जारी की है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को यह राशि जारी की गई है उनमें 462 किसान रबी 2022-23, 88 किसान रबी 2021-22, 125 किसान खरीफ 2021, तथा 47 किसान खरीफ 2022 से संबंधित है। उन्होंने बताया कि पहले भी बीमा कंपनी द्वारा 3657 केसों का 10 करोड़ 33 लाख 99 हजार 70 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब तक दोनों डीएलएमसी बैठकों के माध्यम से कंपनी द्वारा 4379 किसानों के खाते में 12 करोड़ 44 लाख 51 हजार 37 रूपये का मुआवजा दिलवाया जा चुका है। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने जिला के किसानों को आह्वान किया कि जिन किसानों ने अब तक अपनी रबी की फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर नहीं करवाया है वे अपना पंजीकरण तुरंत करवा लें ताकि उन्हें फसल बेचने व कृषि से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

# पंचकूला में इमिग्रेशन फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, बाप-बेटा गिरफ्तार

महिला को कनाडा में भेजने के लिए 26 लाख का ऑफर, 8 लाख ऐंठ कर थमाया फर्जी वीजा

मुख्य आरोपी मां बेटी की तलाश में छापेमारी जारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** अमेरिका से हालही में डिपोर्ट किए के भारतीय नागरिकों के बाद अब देश सहित पंचकूला पुलिस भी सतर्क हो ही गई है। इसी बीच पुलिस मासूम लोगों को धोखे से विदेश भेजने वाली इमिग्रेशन कंपनियों पर नकेल भी कस रही है। इसी कड़ी में एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह की अगुवाई में जांच अधिकारी एएसआई संजीव कुमार ने मुख्य आरोपियों में से राजेश कुमार शर्मा और शाम को उसके बेटे जतिन निवासी गांव खेडी रायपुररानी को रामगढ़ बस स्टैंड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में पिता, बेटे, बेटी और पत्नी ने महिला को महिला को कनाडा भेजने का झांसा देकर 26 लाख रुपए का ऑफर दिया और फिर महिला को फर्जी वीजा पकड़ा दिया। इस दौरान आरोपियों ने 8 लाख रुपए लिए। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब परिवार ने वीजा की जांच कराई और वह फर्जी निकला।

कुरूक्षेत्र की तहसील थानेसर का रहने वाला दिनेश कुमार अपने रिश्तेदार अमित की पत्नी पूजा को विदेश कनाडा भेजना चाहता था। जनवरी 2022 में दिनेश पंचकूला के गांव खेड़ी में गया हुआ था। जो वहां उसे आरोपी कोमल शर्मा मिली। उसने कहा कि वह भारत से लड़कों को कनाडा ले जाती है। पूजा ने कहा कि बताया उसके माता राजबाला, पिता राजेश शर्मा व भाई जतिन उसके इस काम में मदद करते है। करण और राजीव उर्फ करण भारत में फाइल वर्क उसके कहे अनुसार करते हैं। यह भी कहा कि कनाडा में बहुत कमाई है। महिला ने विश्वास दिलाया की वह आपके रिश्तेदार की पत्नी पूजा को कनाडा में बहुत अच्छा काम दिलवाने की जिम्मेवारी लेगी। दिनेश के मुताबिक वह गांव खेडी में शादी शुदा हूं और कोमल व उसका परिवार वहां पड़ोस में ही रहते हैं।

**मांगे 26 लाख, 3 लाख नकद और 5 लाख ट्रांसफर कराए:** कोमल ने कहा कि पूजा को कनाडा भेजने के लिए 26 लाख रुपए देने होंगे। इनमें पासपोर्ट, वीजा व कनाडा में काम लगवाना शामिल है। उसने कहा कि शुरू में 5 लाख रुपए व तीन लाख रुपए नकद देने होंगे। बकाया पैसे जब पूजा कानडा पहुंच कर फोन कर देगी तब बकाया राशि लेंगे। दोनों की बातचीत के बाद दिनेश तब कोमल के पिता राजेश शर्मा, माता राजबाला से भी मिला। उन्होंने भी कहा कि आप बेफिक्र होकर पैसे दे दो। कोमल और राजबाला ने उसे पूजा का पासपोर्ट, आधार कार्ड की कापी व पैन कार्ड की कापी व चार पासपोर्ट साईज फोटो तथा तीन लाख रुपए नगद देने को कहा। हम जून 2022 में कोमल के घर गांव खेडी गए और उसे रुपए और दस्तावेज दे दिए। इसके बाद कोमल के कहने पर उसके खाते में 3 लाख और करण के खाते में 2 लाख रुपए थानेसर से आरटीजीएस से भेज दिए।

### बाप बेटे पर 7 केस दर्ज

पुलिस के मुताबिक इस मामले में आरोपी जतिन काफी समय से फरार चल रहा था। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा। जांच में सामने आया है कि इन दोनों बाप बेटो पर उक्त धाराओं के तहत कुल 7 मुकदमें दर्ज है। इन पर आरोप था कि ये गांव के लोगों को कनाडा भेजने का झूठा लालच देकर इंडोनेशिया जैसे देशों में ले जाकर ये कहकर वापस ले आते थे कि यहां से कनाडा जाने के लिए अभी वीजा रुका हुआ है और यहां ज्यादा दिन रुकना ठीक नही। इसके बाद ये इन लोगों को ये कुरुक्षेत्र शाहबाद में रोके रखते थे। जांच में सामने आया है कि ये लोगों से लाखो में रकम वसूलते थे।

### आरोपी देते रहे झांसा वीजा निकला

दिनेश ने कहा कि कोमल समेत अन्य लोगों से बार बार संपर्क करने के बाद मई 2023 में कोमल ने उन्हें बताया कि उसने पूजा का वीजा लगवा दिया है और व्हाट्सएप पर भी भेज दिया है। उसकी फ्लाइट की तैयारी कीजिए। वॉट्सएप पर भेजे वीजा को चेक चैक कराया तो वह फर्जी वीजा पाया गया।

### भेद खुलते ही देने लगे धमकी

दिनेश ने बताया कि जब उन्होंने इस फर्जी विजा की बात की और कहा कि वे शिकायत करने जा रहे हैं। इस पर कोमल ने कहा कि आपको पैसा पूरा देंगे। वे खेड़ी में कोमल और माता से मिलने गए। तब उन्होंने फिर जाना दिया कि वे वीजा लगवा देंगे मगर काफी समय बीतने के बाद भी ना वीजा लगाया और ना ही पैसे लौटाए। आरोपियों ने धमकी दी कि पूजा का पासपोर्ट व दस्तावेज हमारे पास है ज्यादा बात करी तो हम पूजा के पासपोर्ट पर किसी अन्य को विदेश भेजकर तुम्हें अन्दर करवा देंगे। वे गांव खेड़ी गए तब कोमल और उसकी मां फरार हो चुके थे। कोमल का चाचा महेश व दूसरा चाचा बिटटू मौका पर मौजूद मिले।

## 5वां स्वर्गीय लाला अमरनाथ क्रिकेट टूर्नामेंट 1 मार्च से



**पंचकूला (अप्रस)।** स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल मेमोरियल अंडर-15 लीग कम नॉक आउट आधारित क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर एनएसएस ट्रॉफी का पांचवां संस्करण 1मार्च से आईवीसीए क्रिकेट ग्राउंड, जेपीएसए क्रिकेट ग्राउंड, डेराबस्सी और टीडीएल क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में शुरू होगा। टूर्नामेंट के संयोजक अमरजीत कुमार के अनुसार ट्राई सिटी, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की कुल 10 शीर्ष टीमें इस प्रतिष्ठित 5वें स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर एनएसएस ट्रॉफी में भाग लेंगी। प्रत्येक टीम सुपर सब पैटर्न (12 खिलाड़ियों की अनुमति) के साथ 25-25 ओवरों के साथ कम से कम 4 लीग मैच खेलेगी। सभी मैच लाल गेंद और सफेद पोशाक में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के संयोजक अमरजीत कुमार के अनुसार भाग लेने वाली 10 टीमों को 2 पूल में विभाजित किया गया है और प्रत्येक टीम कम से कम चार मैच खेलेगी। 25-25 ओवर के लीग मैच। प्रत्येक पूल की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। आयोजक अच्छी गुणवत्ता वाली लाल मैच बॉल, अच्छा हाइजेनिक रिफ्रेशमेंट और मिनरल वाटर उपलब्ध कराएंगे।

## 45 लाख रुपए की लागत से डिफेंस एंक्लेव में डाली जा रही है सीवरेज लाइन



अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर।** लोहगड़ क्षेत्र में पड़ती डिफेंस एनक्लेव कलोनी में सीवरेज बोर्ड द्वारा 45 लाख की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है। जिसके आधे से ज्यादा काम पूरा हो चूका है। लेकिन इसके लिए आम जनता को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्योंकि सीवरेज लाइन डालने के लिए विभाग द्वारा एक साइड कि सड़क को खोद दिया गया है। जिस कारण पटियाला रोड से सिग्मा सिटी से लोहगड़ को जाने वाली डबल लेन सड़क की एक लेन बंद कर दी गई है। जिस कारण लोगों को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है और थोड़ा बहुत जाम का सामना भी करना पड़ रहा है। यह परेशानी लोगों को करीब एक हफ्ता झेलनी पड़ेगी। क्योंकि सड़क की एक लाइन के बीच सीवरेज का बड़ा चेंबर बनाया जा रहा है। जिसे बनाने व पक्का होने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। जिसके लिए लोगों को रास्ता या तो बदल कर जाना होगा या फिर हलका फुल्का जाम झेलना पड़ेगा। बता दें की डिफेंस कलोनी काफी पुरानी है जिस में पहले कलोनाइजर द्वारा जो सीवरेज लाइन डाली थी वह जर्जर हो चुकी थी और ओवरफ्लो हो रही थी। जिस के चलते लोगों की डिमांड पर सीवरेज विभाग द्वारा 45 लाख की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है। सोसायटी के चार गलियों में से दो गलियों में सीवरेज लाइन डाल दी गई है और बाकी की लाइन करीब दो सप्ताह में डाल दी जाएगी और जिसके बाद सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से लोगों को राहत मिल जाएगी।

यह सीवरेज लाइन 45 लाख की लागत से डाली जा रही है और जिसे करीब एक महीने में पूरा कर दिया जाएगा। सड़क बंद करने का कारण है के यहां सीवरेज का चैंबर बनाया जा रहा है। जो लगभग एक सप्ताह में पूरा कर दिया जाएगा। सीवरेज लाइन का काम करीब एक महीने में सारा काम पूरा कर दिया जाएगा।
**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड।**

## न्यूज ब्रीफ

### रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर लड़कियों के लिए किया आयोजित



**कालका (जग्गी)।** श्रीमती अरुणा आसफ अली महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोमिला मालिक के कुशल नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से कार्यवाहक कॉउंसलर सविता, सहायक प्राध्यापक लोक प्रशासन विभाग, एम. एस. सी. द्वितीय वर्ष से शीतल ठाकुर, एम. ए. हिंदी प्रथम वर्ष से काजल व प्रीति और बी. ए. प्रथम वर्ष से प्राची ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए , 05 से 10 फरवरी, 2025 तक धर्मनगरी हरिद्वार की पावन धरा पर श्री नंगली बेला आश्रम भूपतवाला हरिद्वार में भारतीय रेड क्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर ( लड़कियों के लिए आयोजित) भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान में महाविद्यालय की चारों छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, डिबेट, एक्सटेम्पोरे स्पीच, क्विज़ कंपिटिशन, स्किट, सोलो सोंग आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपना उत्साह दिखाया। रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रभारी डॉ. कविता बल्हारा ने सभी विद्यार्थियों का महाविद्यालय पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया व कैंप के अनुभवों के बारे में जाना और विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए मौके दिए जाएंगे।

### राधा माधव मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित



**पंचकूला, (अप्रस)।** महाजन सभा पंचकूला ने राधा माधव मंदिर, सेक्टर 4 में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर के संचालन के लिए पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों की टीम विशेष रूप से पहुंची। महाजन सभा की ओर से नवदीप महाजन, जतिन्दर महाजन, नरेश महाजन, प्रेमभूषण गुप्ता, मनु जे सिंह,मनीष गुप्ता, आर सी गुप्ता, कुलभूषण गुप्ता, वाय के महाजन आदि उपस्थित रहे। नवदीप महाजन ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खून दान देने वालो में सबसे पहले नारी शक्ति बहने उमा, सोना, सरिता, नेहा आदि शामिल हुई ! इनके अलावा अश्वनी कुमार, अनिल, कुलदीप, रघुनंदन वरिंदर, अमित, सचदेव, मनीष, लवप्रीत, तरुण सिंह, जतिंदर, विक्रम, जसपाल, मनप्रीत, अजय, तुषार, राजपाल, अतुल, बलजीत, तुलसी, सुभाष, पारिन, रोनित तथा बहुत सारे अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए !

## फ्रॉड करने वाले हर दिन ढूंढते हैं नए तरीके : मोनिका गुप्ता

एनआईसी सेफर इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला आयोजित

उपायुक्त ने कहा सरकारी एजेंसी पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** एनआईसी सेफर इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि फ्रॉड करने वाले हर दिन नए नए तरीके ढूंढ रहे है। इनसे हमें सचेत और जागरूक रहना है और दूसरे लोगों को भी जानकारी प्रदान करनी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ फ्रॉड हो भी जाता है तो वे उसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त एनआईसी सेफर इंटरनेट दिवस पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रही थी। कार्यशाला में जिला के सीएससी संचालक, बीएलई, ग्राम सचिव, सरंपच, कालेज के विद्यार्थी, पुलिस विभाग एवं उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि आजकल कार्यालयों, बैकों, प्राइवेट हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग किया जा रहा है। इंटरनेट से जीवन सरल एवं सुगम हुआ है। लेकिन इससे कई तरह के फ्रॉड और मिसयूज भी हो रहे हैं। इसके लिए फेक कॉल, ओटीपी आदि से अकाउंट भी हैक किया जा रहा है। इसमें कई बार अधिक शिक्षित लोग भी फ्रॉड का शिकार हो जाते है।

उन्होंने वेबसाइट और लिंक के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी ऐप को डाउनलोड करते हुए विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा एक दूसरे को फ्रॉड के बारे अवश्य अवगत करवाएं। उन्होंने बताया कि बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को बढावा देने के लिए दुनियाभर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। कार्यशाला में इंटरनेट के सफल उपयोग और साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया। अपराध विषय पर सब इंस्पेक्टर रामु स्वामी ने सोशल मीडिया डिजिटल अटैक बारे जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती और न ही कॉल या स्क्रीन शॉट के माध्यम से ऐसे अवगत करवाती।

## लूटकांड सुलझा: तांबा बेचने के नाम पर 2.60 लाख लूटने वाले 2 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच 26 की टीम ने पिंजौर में तांबा बेचने के नाम 2.60 लाख लूटने वाले 2 युवकों को काबू करने में सफलता हासिल की है। युवकों की पहचान हरभजन सिंह (29) वर्ष व संजीव कुमार (26) वर्ष के रूप में हुई। पीड़ति आनन उराव ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड्डी का रहने वाला है और पिछले कई साल से हीरालाल की कबाडी की दुकान पर काम करता है व अब गांव झोलूवाल पिंजौर में कबाडी की दुकान में काम करता है। इस दौरान हीरालाल कुंभ के मेले में गया हुआ था और आनन उराव के पास माल खरीदने के पैसे नही थे। जब उसने इस बारे मालिक हीरालाल से बात की तो हीरालाल ने ठेकेदार रिंकू को फोन करके कैंटर चालक रिंकू के हाथ बीती 8 फरवरी को 2,50,000 रुपए भिजवाए। आनन उराव ने रुपए दुकान में रखी अलमारी में रख लिए थे। इसके अगले दिन एक व्यक्ति तांबा बेचने के बात कहकर दुकान में आया। उसके पीछे से 2 व्यक्ति और आ गए। एक ने हाथ में तलवार व दूसरे ने बंदूक की नोक पर अलमारी से 2.60 लाख लूटकर फरार हो गए थे। सूचना मिलती ही तुरंत क्राइम ब्रांच टीम व सीन ऑफ क्राइम की टीम मौका पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण किया था। इस मामले में क्राइम ब्रांच 26 के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विनोद ने गुप्त सूचना के आधार पर 2 युवकों को 10 फरवरी को मढ़ावाला से काबू करने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपी बद्दी, सोलन हिमाचल प्रदेश के रहने वाले है। दोनों को आज अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान दोनों से पूरे प्रकरण के बारे में पूछताछ की जाएगी।

## पुलिस ने देसी कट्टे के साथ तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**जीरकपुर (अप्रस)।** पुलिस ने सुचना के आधार पर छत लाइट प्वाइंट पर नाकेबंदी कर तीन युवकों को एक देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट 25 के तहत केस दर्ज कर उनको दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पकड़े आरोपियों की पहचान गुरतेज सिंह निवासी सवी पुर, सोहना जिला मोहाली, हरदीप सिंह निवासी भबात, हिमांशु निवासी अलापुर जिला अलापुर, बंदायु, यूपी के रूप में हुई है। मामले के सबंध में जानकारी देते जांच अधिकारी ने बताया की वह पुलिस पार्टी के दौरान छत लाइट प्वाइंट पर तैनात थे तो उन्हें सुचना मिली के तीन युवक हथियारों के साथ जीरकपुर की तरफ आ रहे हैं। सुचना के आधार पर नाकेबंदी कर तीनों युवकों एक देसी कट्टे व स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

डीसी की अगुवाई में विभिन्न विभागों ने लिया साइकिल ट्रैकों का जायजा

## साइकिल ट्रैकों पर बने अवरोधों को हटाने के निर्देश

मैंगो गार्डन और हल्लोमाजरा से जीरकपुर बैरियर तक के साइकिल रूट को देखा



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** चंडीगढ़ प्रशासन के विभिन्न विभागों की ओर से डीसी निशांत यादव के नेतृत्व में मंगलवार को साइकिल ट्रैक की कंस्ट्रक्शन व मुख्य मार्गों पर अवरोधों को हटाने को लेकर विजिट की गई। टीम ने जांचा कि कितने एरिया में साइकिल ट्रैक बन चुके हैं और कहां कहां एनक्रोचमेंट हो रखी है। मुख्य रूप से दो स्थानों जिनमें मैंगो गार्डन और हल्लोमाजरा का एरिया शामिल है का जायजा लिया गया। आदेश दिये गये कि साइकिल ट्रैक पर किसी तरह का अवरोध नहीं होना चाहिए और साइकिल की बिलकुल फ्री मूवमेंट होनी चाहिए। अगर साइकिल ट्रैक के ऊपर कहीं अतिक्रमण है तो इसे तुरंत हटाना चाहिए। मैंगो गार्डन साइट पर अस्थाई मार्किंग भी रोड पर लगाई गई जहां साइकिल ट्रैक बनाया जाना है। यह एक्सरसाइज इसलिये की गई ताकि सभी विभाग प्रोजेक्ट को समझ सकें और आपस में मिलकर इस पर काम कर सकें। इसके बाद टीम ने हल्लोमाजरा से जीरकपुर बैरियर तक के स्ट्रेच पर व जीरकपुर बैरियर से हल्लोमाजरा तक का साइकिल ट्रैक भी जांचा। देखा गया कि कहां कहां साइकिल ट्रैक से अतिक्रमण हटाने की जरूरत है ताकि ट्रैक बन सके। कमेटी का मानना है कि साइकिल ट्रैक पर अतिक्रमण हटाने से साइकिल चालकों की सुरक्षा हो सकेगी व उन्हें साइकलिंग में सुविधा होगी। अधिकारियों के अनुसार सतत ट्रांसपोर्टेशन सुविधा प्रमोट करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है जिससे अर्बन प्लानिंग स्टैंडर्ड मैंटेन रहेंगे। अर्बन प्लानिंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट, लॉ इंफोर्समेंट इस मिशन पर मिलकर काम कर रहे हैं ताकि साइकिल ट्रैक प्रोजेक्ट का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। चंडीगढ़ प्रशासन इको-फ्रेंडली कम्यूटिंग के लिये प्रोजेक्ट पर तेजी से काम कर रहा है ताकि लोगों को बेहतर इनफ्रास्ट्रक्चर मिल सके। एसडीएम ईस्ट खुशप्रीत, तहसीलदार अवतार सिंह जंगू, एगजीक्यूटिव इंजीनियर सीपी डिवीजन रवि कुमार व पुलिस, इंजीनियरिंग विभाग व टाऊन प्लानिंग के अन्य अफसर इस दौरान मौजूद रहे।

## पीयू रॉस फेस्टिवल में शेफ साहिल कुमार कन्नौजिया ने जीता पहला पुरस्कार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित रॉस फेस्टिवल के दौरान फरूट और वेजिटेबल कार्विंग प्रतियोगिता में होटल एवा, चंडीगढ़ के शेफ साहिल कुमार कन्नौजिया ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शेफ की प्रतिभा ने दर्शकों और जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने ÷माहकुम÷ नामक एक विशेष कलाकृति प्रस्तुत की, जो 2025 में 450 मिलियन भक्तों की भक्ति को दर्शाती है। उनकी नक्काशी में न केवल बारीकी और उत्कृष्टता थी, बल्कि यह आध्यात्मिकता और समर्पण की एक अनोखी कहानी भी कहती थी। एग्जीक्यूटिव शेफ अनिल सिंह चौहान ने साहिल की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि साहिल त्रि-सिटी के सबसे होनहार शेफ में से एक हैं। उनकी प्रतिभा को और निखारने की जरूरत है, ताकि हमारा त्रि-सिटी और भी चमके। इस ऐतिहासिक जीत के साथ, शेफ साहिल कुमार कन्नौजिया ने न केवल होटल एवा, बल्कि पूरे चंडीगढ़ का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि उभरते हुए युवा शेफ्स के लिए प्रेरणा है, जो कला और पाक-कौशल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं।

## एजूकेशन ब्रीफ

### एसडी कॉलेज में फ्यूचर बिजनेस शार्क्स 3.0 आयोजित

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से हिटबुल्सआई और टीआईई चंडीगढ़ के सहयोग से फ्यूचर बिजनेस शार्क्स 3.0 का आयोजन किया गया। इस प्रमुख कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमशीलता की कुशाग्रता को प्रखर करना और प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक परिदृश्य में निर्णय लेने के कौशल को बढ़ाना था। प्रसिद्ध व्यापार रणनीतिकार और शिक्षाविद् राजीव मार्कंडेय ने अपनी बुद्धिमता और गतिशील अंतर्दृष्टि से छात्रों को अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिए प्रेरित किया। उनके संबोधन ने रचनात्मकता को बढ़ावा दिया और उद्यमशीलता की मानसिकता को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में बिजनेस एप्टीट्यूड का आकलन करने के लिए एक ऑनलाइन एनेलिटिकल टेस्ट आयोजित किया गया, जिसके बाद ज्ञानवर्धक चर्चाएं और आकर्षक पुरस्कारों के साथ एक रोमांचक बिजनेस क्विज का आयोजन किया गया। छात्रों की भागीदारी और उत्साह ने इस कार्यक्रम को सफलता दिलाई। कॉलेज के प्रिंसिपल प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जीजीडीएसडी कॉलेज के समर्पण को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में जो उत्साह दिखा वह वास्तव में सराहनीय है। इसने छात्रों को उभरते कॉर्पोरेट जगत में सफल होने के लिए तैयार किया है। फ्यूचर बिजनेस शार्क्स 3.0 ने युवाओं को अपने व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान किया, जिससे भविष्य के लीडर्स को विकसित करने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता को बल मिला।

## एक्टिवा स्कूटर सवार दो अज्ञात चोरों ने देर रात 5 दुकानों के ताले तोड़कर बनाया अपना निशाना



नकदी लेकर फरार।

पूरा वाक्य सीसीटीवी कैमरे में कैद।

अर्थ प्रकाश /रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** मंगलवार अल सुबह वी केयर फॉर यू के नाम से जानने वाली चंडीगढ़ पुलिस को चुनौती देते हुए एक्टिवा स्कूटर पर सवार शातिर चोरों ने थाना 39 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत सैक्टर 40 में एक साथ 4 बूथों और एक एससीओ के ताले तोड़कर अपना निशाना बनाते हुए नकदी लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में सभी शॉप की फुटेज को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी

**केस नंबर एक**
जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मनीष ने पुलिस को बताया कि वह हर रोज की तरह सोमवार को अपनी शॉप बंद कर घर गए थे।उन्हें मंगलवार अल सुबह पता चला कि उनकी शॉप के ताले टूटे हुए है। जैसे ही जानकारी मिलते ही वह पहुंचे तो देखा कि उनकी शॉप के ताले टूटे हुए है। और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है। शॉप से एक लाख 80 हजार रुपए की नकदी, परफ्यूम, स्मार्ट वॉच और एक डिब्बा जिसमें 10 हजार के चिल्लर थे।लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले भी उनकी शॉप में चोरी करने की कोशिश की गई थी।

**केस नंबर दो**
जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता साहिब सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी सैक्टर 40 स्थित सिटी मेडिकोज के नाम से केमिस्ट शॉप है। हर रोज की तरह वह सोमवार रात को अपनी शॉप बंद कर घर गए थे।मंगलवार अल सुबह पड़ोस में दुकानदार ने उन्हें बताया कि उनकी शॉप के ताले टूटे है।जानकारी पाते ही साहिब सिंह शॉप पर पहुंचे और देखा कि शॉप के ताले टूटे हुए है। और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है।और गले में रखी 10 से 15 हजार रुपए की नकदी गायब है। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पूरा वाक्य सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

**केस नंबर तीन**
जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ललित गुजराल ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपनी शॉप बंद कर घर गए थे। मंगलवार को अल सुबह करीब तीन बजे उन्हें दूध विक्रेता ने बताया कि उनकी शॉप के ताले टूटे हुए है। जानकारी पाते ही जैसे ही वह पहुंचे तो देखा कि उनकी करियाणा कनफेक्शनरी डिपार्टमेंटल स्टोर से सारा सामान बिखरा हुआ है।और उनके गले में रखी 20 से 25 हजार रुपए की नकदी गायब है। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

**केस नंबर चार** जानकारी के अनुसार प्रेम मेडिकल स्टोर वालो ने बताया कि शातिर चोर देर रात उनके बूथ का ताला तोड़कर बूथ से दो हजार रुपए के करीब नकदी चोरी कर ले गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**केस नंबर पांच** सैक्टर 40 के प्रेम क्लीनिक वालों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि शातिर चोरों ने उनके बूथ का ताला तोड़कर अंदर घुसे। दराज में पड़े कुछ चिल्लर लेकर फरार हो गए। बता दे की पुलिस ने सभी मामलों में सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है चोरी की वारदात करने वाले शातिर आरोपियो ने अपने मुंह पूरी तरह से ढक रखे थे।

# कौशल विकास से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे : सीएम सुक्खू

## निर्माणाधीन भवनों के लिए 25 करोड़ रुपये दिए जाएंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम (एचपीकेवीएन) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने निगम को बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाने और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि युवाओं की क्षमता का निर्माण हो सके और छोटे पैमाने के स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए सहयोग प्रदान किया जा सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निगम के आठ निर्माणाधीन भवनों के निर्माण को पूरा करने के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। इन भवनों के निर्माण कार्य को जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनके अधिकतम उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उन्होंने निगम को निर्देश दिया कि युवाओं के प्रशिक्षण के लिए निकटवर्ती एचपीकेवीएन भवनों को तकनीकी शिक्षा विभाग को सौंप दिया जाए। इसके अतिरिक्त, निगम ने प्रशिक्षुओं की सुविधा के लिए राज्य में 67 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में उपकरणों के उन्नयन के लिए धन उपलब्ध करवाया है।

सुक्खू ने बताया कि पहली जनवरी, 2023 से अब तक 38,713 युवाओं को हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में नामांकित किया गया है। इनमें से 38,572 को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिए जा चुके हैं और 8,630 प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट हुई है। उन्होंने प्रशिक्षुओं की दक्षता और कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निगम का प्रशासनिक नियंत्रण तकनीकी शिक्षा निदेशक को हस्तांतरित करने की संभावना तलाशने के भी निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव संदीप कदम और राखिल काहलों, निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस डॉ. निपुण जिंदल, प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम गंधर्व राठौर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खनन माफियाओं ने आईएएस अधिकारी को पीटा और तोड़ा दांत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** हिमाचल के मंडी में अवैध खनन पर कार्रवाई करने गए आईएएस अधिकारी मंडी के एसडीएम पर 4 खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। उन्होंने मुक्का मारकर अधिकारी का दांत तोड़ दिया। साथ ही पथराव भी किया।

अधिकारी को सोमवार रात को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मंडी की सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि 3 आरोपी अभी फरार हैं।

गाड़ियों में रेत भर रहे थे

स्छरू ओमकांत ठाकुर सोमवार शाम करीब 7 बजे ब्यास नदी के तट पर विंद्रावणी क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के लिए पहुंचे थे। वहां लोग ब्यास नदी से रेत को गाड़ियों में भर रहे थे। एसडीएम को देखकर खनन कर रहे कुछ लोग वहां से भाग गए।

हीरालाल नामक व्यक्ति और 3 अन्य लोग एसडीएम के साथ बहस करने लगे। आरोप है कि शराब के नशे में हीरालाल ने पहले स्छरू का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। उसने पूछा कि तुम कौन हो? इसके बाद उसने दूसरों के साथ मिलकर एसडीएम पर हमला कर दिया। कुछ लोगों ने स्छरू पर पत्थरबाजी करने की कोशिश की।

ड्राइवर की सूझबूझ के कारण वह बाल-बाल बच गए। एक व्यक्ति ने मुंह पर मुक्का मारा, जिसमें स्छरूके मुंह पर चोटें आई। हमला करने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उनका एक दांत टूट गया है।

**जयराम ठाकुर बोले- माफिया के प्रभाव की डरावनी तस्वीर :** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस राज में आईएएस अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं।

### अधिकारी रात को ही अस्पताल पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही मंडी के डीसी अपूर्व देवगन, एडीसी रोहित राठौर, एडीएम डॉ. मदन कुमार और एएसपी सागर चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। डीसी अपूर्व देवगन ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### एएसपी बोले- एक आरोपी को गिरफ्तार किया

एएसपी सागर चंद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार मामला दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी हीरालाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द वे भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध खनन रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में व्यक्ति ने किया सुसाइड

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक 54 वर्षीय अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान कृष्ण लाल के रूप में हुई है, जो गांव जनोल, डाकघर रौड़ी, शिमला के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, पुलिस चौकी जतोग में सुबह करीब सवा 9 बजे सूचना मिली कि जनोल गांव में एक व्यक्ति ने सुसाइड किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां लोगों ने बताया कि कृष्ण लाल ने अपने घर से लगभग 20-25 फुट की दूरी पर स्थित एक बिउंल के पेड़ पर फंदा लगाकर सुसाइड किया। उनके भाई सत्यपाल शर्मा और अन्य परिजनों ने उन्हें तुरंत नीचे उतारा और शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस कर्मचारी रवि और गृह रक्षक बच्चन लाल को आईजीएमसी भेजा गया है। जहां उनका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। परिजन भी हॉस्पिटल गए है। व्यक्ति ने क्यों सुसाइड किया फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### चंबा में युवती ने सुसाइड किया

**चंबा (अप्रस)।** चंबा में एक युवती ने अपने घर में पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। घटना सलूणी क्षेत्र की है। मृतका की पहचान प्रिया देवी के रूप में हुई, जो कुल्लाई गांव की रहने वाली थी। घटना देर शाम की है, जब प्रिया ने घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। देर शाम जब उसका भाई घर लौटा, तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। भाई ने प्रिया को कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर जब खिड़की से झांका गया, तो प्रिया फंदे पर लटकी मिली। भाई की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने खिड़की तोड़कर कमरे में पहुंचे। किहार पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज चंबा में करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस परिजनों के बयान और प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले की गहन छानबीन कर रही है।

### कार से पौने 4 किलो चरस बरामद, 2 गिरफ्तार

**चम्बा (अप्रस)।** पुलिस ने चम्बा-तीसा मार्ग पर कंदला के पास नाकाबंदी के दौरान कार में सवार 2 व्यक्तियों से पौने चार किलो चरस बरामद की है। जिला में इस साल बरामद हुई यह अब तक की सबसे बड़ी खेप मानी जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान गुरो राम, निवासी गांव खांगुई, डाकघर बघेईगढ़ व तहसील चुराह और बचन सिंह निवासी गांव लुन्नेक, डाकघर चांजू, तहसील चुराह व जिला चम्बा के रूप में हुई है। आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चरस तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने कंदला के पास नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान सामने से आई कार को जांच के लिए रोका गया। पुलिस टीम को देखकर कार चालक और अन्य सवार घबरा गए। पुलिस ने संदेह के आधार पर कार की तलाशी ली। तलाशी लेने पर कार के अंदर से 3 किलो 834 ग्राम चरस बरामद हुई।

## उपमुख्यमंत्री ने की हरोली के विकास कार्यों की समीक्षा

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को 31 मार्च तक पूरा करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में इन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरोली में निर्माणाधीन डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज, पुल, बस अड्डा और विश्राम गृह को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गति लाने और तय समयसीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली में लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज का भवन तैयार किया जा रहा है। इसे एक उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां अगले शैक्षणिक सत्र से एमए तथा अन्य डिग्री कोर्स के साथ ही प्रोफेशनल कोर्सेज की कक्षाएं शुरू होंगी। यहां मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य स्ट्रीम के साथ-साथ व्यावसायिक कोर्सेज तथा ललित कलाओं में म्यूजिक सहित अन्य डिग्री कोर्स भी उपलब्ध होंगे।

इसके अलावा, हरोली में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान स्थानीय लोगों और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से नया बस अड्डा निर्माणाधीन है। इस परियोजना को भी 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए गए हैं। नए बस अड्डे के बनने से स्थानीय यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

इसके अतिरिक्त, हरोली में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से जलशक्ति विभाग का विश्राम गृह बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विश्राम गृह का कार्य भी 31 मार्च तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गति तेज करें ताकि निर्धारित समय सीमा में पूरा करके ये परियोजनाएं जनता को समर्पित की जा सकें।

# शूलिनी विवि में आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से एआई और एमएल पर एफडीपी का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी (आईआईटी-जी) के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी अकादमी के केंद्र के रूप में शूलिनी विश्वविद्यालय ने ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग÷ पर एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया, जो शनिवार को संपन्न हुआ।

इस उच्च प्रभाव वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

सत्रों का संचालन आईसीटी अकादमी, आईआईटी-जी के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को एआई और एमएल अनुप्रयोगों में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। पहले दिन, उद्योग विशेषज्ञ और शिक्षक आशीष ने



मौलिक एआई और एमएल अवधारणाओं और उनकी तकनीकी प्रगति का परिचय दिया, जबकि उद्योग विशेषज्ञ और शिक्षक अश्वनी ने वास्तविक दुनिया के एआई अनुप्रयोगों के लिए ईडीजीई आईएमपीयूएलएसई पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

दूसरे दिन अश्वनी के नेतृत्व में पायथन मूल बातें, अंतर्निहित पायथन लाइब्रेरी और मैटप्लोटलिब, न्यूमपी और पांडा पर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अश्वनी के नेतृत्व में अंतिम सत्र में प्रतिभागियों को हगिंग फेस मॉडल और चैटबॉट विकास में इसके अनुप्रयोगों से परिचित कराया गया।

कार्यक्रम को नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स के तहत आईहब दिव्यसंपर्क, टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब, डीएसटी और आईआईटी रूड़की के सहयोग से आईहब शूलिनी द्वारा समर्थित किया गया था, जिससे अत्याधुनिक एआई अनुसंधान और अनुप्रयोगों पर अपना ध्यान केंद्रित किया गया।

शूलिनी यूनिवर्सिटी हब के समन्वयक प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षाविदों में प्रभावी तकनीकी एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षण पद्धतियों और संकाय विकास पहल की आवश्यकता पर बल दिया।

### श्रद्धालुओं की बस पलटी, 15 घायल, एक गंभीर

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं की एक बस आज उत्तर प्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मंगलवार सुबह उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के गोसाइगंज में टूरिस्ट बस बरौंसा बेलहरी रोड पर बासूपुर के पास पुलिया से टकराकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में 15 लोगों को चोटें आई है। सूचना के अनुसार, बस में कुल 22 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को बस से निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में भर्ती कराया। सुषमा भारद्वाज नामक महिला की हालात ज्यादा गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे घायलों को हल्की चोटें आई है। सुषमा भारद्वाज को जयसिंहपुर से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया है।

काशी विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनकी बस हादसे का शिकार हो गई। सभी श्रद्धालु शिमला जिला के अलग अलग क्षेत्रों के बताए जा रहे हैं।

# हिमाचल की महिला हैंडबॉल टीम ने रचा इतिहास, जीता स्वर्ण पदक



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बिलासपुर।** उत्तराखंड में चल रही नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए हरियाणा से 46.39 से फाइनल मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव राजेश भंडारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में भी विजय हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया। फाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश टीम की कप्तान मेनिका पाल ने सात गोल, भावना आठ, गुलशन सात, शालिनी चार, मिताली तीन, रिम्पल पांच और प्रियंका ने चार गोल दागे। इन खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। जीत के बाद पूरी टीम ने हिमाचल नाटी पर नृत्य कर खुशी मनाई। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर और सह सचिव डीडी तनवर सहित मुनीश राणा, चंदन ठाकुर, दीपक ठाकुर, रणदीव ठाकुर, कर्ण चंदेल, मनोज ठाकुर, स्नेहलता, कांता पराशर और परवीन दुबे ने टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है।

# माघ मेला किन्नौर में शुरू हुआ, 8 दिनों तक चलेगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**किन्नौर।** किन्नौर के ठंगी गांव में इन दिनों माघ मेला लगा हुआ है। आठ दिवसीय इस मेले में स्थानीय देवता रापुक शंकर की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मेले के पहले दिन ग्रामीण देवता रापुक शंकर और उनके कारदारों का भव्य स्वागत करते हैं।

स्थानीय परंपरा के अनुसार, महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों से सज कर प्रतिदिन विभिन्न तरीकों से उत्सव में भाग लेते हैं। देवता पुजारी धन सिंह नेगी के अनुसार, मेले का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान 'रूम पजम' है, जिसमें सभी फसलों और पेड़-पौधों की पूजा की जाती है। स्थानीय लोग और बौद्ध भिक्षु मिलकर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।

मेले में सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के लिए पारंपरिक किन्नौरी नाटी नृत्य का भी आयोजन किया जाता है। पुजारी धन सिंह नेगी ने युवा पीढ़ी से इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का आह्वान किया है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, देवी-देवताओं का आशीर्वाद समस्त जनता के लिए सुख-समृद्धि लेकर आता है।

# पुलिस कर्मियों के मोबाइल खोलेंगे राज, संपत्तियां खंगालने की तैयारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की ओर से पुलिस कर्मचारियों के घरों में दी गई दबिश से हिमाचल में हड़कंप मचा हुआ है। नशीले पदार्थों को पकड़ने वाले पुलिस कर्मचारियों के घरों में एक साथ दबिश देने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। दबिश के दौरान पुलिस कर्मचारियों के मोबाइल फोन को कब्जे में लिए हैं। इनकी किन-किन लोगों से बात हुई है। एसआईटी इसका डाटा खंगालने में जुटी गई है। पुलिस का मानना है कि तस्करों की संपत्ति खंगालने के लिए भी मोबाइल से कई राज खुल सकते हैं।

बताया जा रहा है कि पुलिस कर्मचारियों के घरों में दबिश दिए जाने से पहले कार्यालय में एक मैराथन बैठक हुई थी। तय हुआ कि कब पुलिस कर्मचारियों के घरों में दबिश दी जानी है। दबिश को गुप्त रखने की बात हुई थी। केंद्रीय एजेंसी से भी हिमाचल पुलिस को तस्करों के साथ कुछ पुलिस कर्मचारियों के मिले होने के इनपुट मिले थे। इसके अलावा सीआईडी और खुफिया एजेंसी, पुलिस मुख्यालय में भी सूचना थी कि कहीं पुलिस के कर्मचारी तस्करों के साथ मिले हुए तो नहीं हैं। यह दबिश 10 पुलिस कर्मचारियों के घरों में ही नहीं, बल्कि 30 से ज्यादा घरों में दी जानी थी। आने वाले समय में यह छापेमारी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल में चिट्टा युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। वहीं, चिट्टे के दाग खाकी तक भी पहुंच रहे हैं। कई नेता भी रडार पर हैं। शिकायत के बाद शुक्रवार को एसटीएफ ने प्रदेश के कई जिलों में पुलिस कर्मियों और तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही कि चिट्टा तस्करी में हिमाचल पुलिस के कुछ कर्मियों के अलावा नेता भी शामिल हैं। हालांकि, यह यह नहीं कहा जा सकता है कि यह सभी चिट्टा तस्करी में शामिल हैं।

# मनाली में रोहतांग दर्रा और अटल टनल में हिमपात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम के करवट लेते ही लाहुल घाटी में समेत सोमवार दोपहर बाद अटल टनल रोहतांग और आसपास के क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी का क्रम शुरू हुआ। अटल टनल और लाहुल के पर्यटन स्थलों पर ताजा हिमपात ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। मनाली से सुबह ही अटल टनल और लाहुल पहुंचे सैकड़ों पर्यटकों ने इस खूबसूरत नजारे का भरपूर आनंद लिया और अपने कैमरों में यादगार पलों को कैद किया।

**पिछले सालों के मुकाबले कम बर्फबारी :** मनाली में अभी तक पिछले सालों के मुकाबले कम बर्फबारी हुई है, लेकिन जिस तरह मौसम बदला है, उसे देखते हुए पर्यटन व्यवसायी आने वाले समय में अच्छी खासी बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं। सोलंगनाला में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े युवाओं का कहना है कि अगर लगातार बर्फबारी होती है, तो सोलंगनाला के साथ साथ सभी पर्यटन स्थलों पर ज्यादा दिनों तक पर्यटकों की भीड़ रहेगी। बाहरी राज्यों से भी लगातार पर्यटकों का आना लगा रहेगा। बर्फबारी कम होने पर पर्यटक पहुंच रहे सोलंगनाला सोलंगनाला में पैराग्लाइडिंग पायलट पीटर और राम प्रकाश ठाकुर का कहना है कि जब जब बर्फबारी हो रही है, पर्यटकों का फ्लो मनाली की ओर ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही काफी पर्यटक सोलंगनाला पहुंच रहे हैं।

**मौसम साफ रहने पर अटल टनल की अनुमति :** डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि सड़कों पर फिसलन की स्थिति को देखते हुए देर शाम सभी वाहनों को मनाली की ओर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि बर्फबारी जारी रहती है, तो वाहनों को केवल सोलंगनाला तक ही जाने की अनुमति दी जाएगी।



### प्राकृतिक सौंदर्य और3 भी मनमोहक बना

हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट फेडरेशन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने कहा कि मनाली में बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों के लिए यह बर्फबारी एक अनमोल तोहफे के रूप में सामने आई है। ऊंची चोटियों और अटल टनल के दोनों छोर पर हुई बर्फबारी ने प्राकृतिक सौंदर्य को और भी मनमोहक बना दिया है। स्थानीय प्रशासन पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है।

# संत रविदास ने भूली-भटकी मानवता को दिखाई राह: डॉ. अरविंद शर्मा

## न्यू रमेश नगर में सन्त रविदास जयंती पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

**उनकी शिक्षा आज प्रकाश स्तम्भ की तरह कर रही हैं मार्गदर्शन**

**मंदिर में अरदास के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर चढ़ाए पुष्प**




अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 11 फरवरी।** सहकारिता, कारागार विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज ने भूली-भटकी मानवता को राह दिखाई थी। उनकी शिक्षा और विचारधारा आज हमारे लिए प्रकाश स्तम्भ के भांति मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वो युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार दें और उनके समाज व देश उत्थान के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार करें। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा न्यू रमेश नगर, सदर बाजार में सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज की 648वें प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभायात्रा में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। सामुदायिक हाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां मनाने से हमें, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी को उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का मौका मिलता है। यही नहीं युवाओं को महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी द्वारा निरन्तर धार्मिक स्थलों के सुनियोजित विकास को सुनिश्चित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को अपने आराध्य तक पहुंच में कोई कठिनाई न आए। भगवान श्रीराम लला के तिरपाल से भव्य मंदिर में प्रवेश हो या भव्य महाकुंभ का प्रयागराज में आयोजन उनकी सोच और संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने के विशिष्ट उदाहरण हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सन्त-महात्माओं व महापुरुषों की जयंतियों को सरकारी स्तर पर मनाए जाने की शुरु की गई इस परिपाटी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे है। हमारे देश में समय-समय पर संत महात्माओं, ऋषि-मुनियों और महान गुरुओं ने भूली भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। ऐसे महापुरुषों में 14वीं शताब्दी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भी हुए। इन्होंने समूची मानवता को जीवन का कल्याणकारी रास्ता दिखाया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी किसी एक जाति या सम्प्रदाय के गुरु नहीं थे। वे पूरी मानव जाति को रास्ता दिखाने वाले व्यक्तित्व थे। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए थी। आज भी उनकी शिक्षाएं प्रकाश स्तम्भ की तरह हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं। उन्होंने अपने आचरण और व्यवहार के माध्यम से यह प्रमाणित किया कि मनुष्य अपने जन्म एवं व्यवसाय के आधार पर नहीं, बल्कि समाज हित की भावना से किए काम की वजह से महान बनता है। अगर कोई इंसान ऊंचा उठना चाहे तो वह अपनी कड़ी मेहनत, ईमानदारी, समाज सेवा और प्रभु भक्ति से ही ऊंचा उठ सकता है और महान बन सकता है। उन्होंने मानव सेवा के साथ-साथ कर्म पर उसी तरह बल दिया जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कर्म का अमर संदेश दिया है। उनके दोहे और विचार आज भी हम सभी को सदैव आगे बढने का मार्ग दिखाते रहेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि उनकी वाणी और शिक्षाएं इतनी प्रासंगिक है कि आज भी हमें राह दिखाती हैं। नेक विचारों और गुणों के कारण ही संत रविदास जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। रविदास जी महाराज ने समाज में समरसता और भाईचारे पर जोर दिया और ऐसा ही हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर समाज के हर तबके के विकास के लिए काम कर रही है। आज सरकार गरीब, वंचित और जरूरतमंद के अभिभावक के तौर पर काम कर रही है।

### ट्रक में सोते समय क्लीनर की मौत, जांच शुरू


**घरौंडा (अप्रस)।** घरौंडा के पनौड़ी रोड पर खड़े एक ट्रक में क्लीनर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अजीत सिंह के रूप में हुई, जो ग्वालियर का रहने वाला था और ट्रक में क्लीनर का काम करता था। वह अपने भतीजे केवल सिंह के साथ चावल लेकर वीर राइस मिल पहुंचा था। परिजनों के अनुसार, 9 फरवरी को भोपाल से चावल लेकर आए थे, लेकिन चावल अनलोड न होने के कारण ट्रक में ही रात बिताई। 10 फरवरी की रात दोनों ने खाना खाया और सो गए। सुबह केवल सिंह ने चाचा अजीत सिंह को जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जब उन्होंने करीब से देखा तो पाया कि उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिवार ने अजीत सिंह की मौत को स्वाभाविक बताया है।










# एआई पर वैश्विक साझीदारी में विकासशील, गरीब देशों के हितों का ध्यान रखना जरूरी : मोदी

पीएम मोदी ने एआई समिट की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रों के साथ की सह अध्यक्षता

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पेरिस 11 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के रचनात्मक इस्तेमाल के लिए वैश्विक साझीदारी को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ (विकासशील और गरीब देशों) के हितों के समावेशन पर जोर दिया और भारत में अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी में करने की भी पेशकश की। मोदी ने पेरिस के ग्रांड पैलेस में आयोजित एआई समिट की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रों के साथ सह अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने अपने समापन संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज की चर्चाओं ने हितधारकों में दृष्टि में एकता और उद्देश्य में एकता सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि मैं 'एआई फाउंडेशन' और 'सतत एआई के लिए परिषद' स्थापित करने के निर्णय का स्वागत करता हूं। मैं फ्रांस और मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैंक्रों को इन पहलों के लिए बधाई देता हूं और हमारे पूर्ण समर्थन का आश्वासन देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें 'एआई के लिए वैश्विक साझीदारी' को वास्तव में प्रकृति में वैश्विक बनाना चाहिए। यह वैश्विक दक्षिण और इसकी प्राथमिकताओं, चिंताओं और जरूरतों को अधिक समावेशी होना चाहिए। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आरंभिक संबोधन में कहा कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें ध्यान से सोचने की आवश्यकता है। एआई पहले से ही हमारी राजनीति, हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को फिर से आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है, लेकिन, यह मानव इतिहास में अन्य प्रौद्योगिकी मील के पत्थर से बहुत अलग है।

उन्होंने कहा कि एआई अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहा है और अपनाया जा रहा है और भी तेजी



से क्रियान्वित किया जा रहा है। सीमाओं के पार एक गहरी अंतर-निर्भरता भी है। इसलिए, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखते हैं, जोखिमों को दूर करते हैं और विश्वास का निर्माण करते हैं। लेकिन, शासन केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता के प्रबंधन के बारे में नहीं है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक कल्याण के लिए इसे तैनात करने के बारे में भी है। इसलिए, हमें गहराई से सोचना चाहिए और नवाचार और शासन के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शासन सभी तक पहुंच सुनिश्चित करने के बारे में भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। यह वह क्षेत्र है जहां क्षमताओं की सबसे अधिक कमी है - चाहे वह गणना शक्ति, प्रतिभा, डेटा या वित्तीय संसाधन हो। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ सुधार करके लाखों जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें सतत विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए।

श्री मोदी ने कहा कि ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ पूल करना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाते हैं। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा सेट का निर्माण करना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और जन-केंद्रित अनुप्रयोग बनाना चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और गहरी नकली से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। और, हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र में निहित है ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नौकरियों का नुकसान एआई का सबसे अधिक डर वाला व्यवधान है, लेकिन, इतिहास ने दिखाया है कि प्रौद्योगिकी के कारण रोजगार खत्म नहीं होता है। इसकी प्रकृति में परिवर्तन और नए प्रकार की नौकरियां पैदा होती हैं। हमें एआई-संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल और फिर से कौशल प्रदान करने में निवेश करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई की उच्च ऊर्जा तीव्रता पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने भविष्य को ईंधन देने के लिए हरित शक्ति की आवश्यकता होगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस ने सूर्य की शक्ति का उपयोग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से वर्षों तक एक साथ काम किया है। जैसा कि हम एआई के लिए अपनी साझीदारी को आगे बढ़ाते हैं, यह एक स्मार्ट और जिम्मेदार भविष्य को आकार देने के लिए स्थिरता से नवाचार तक एक प्राकृतिक प्रगति है।

# बाल प्रतिभाओं की कला को निखारने का मंच है बाल महोत्सव : डॉ सुषमा गुप्ता

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव डॉ सुषमा गुप्ता ने बाल महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल स्थित सभागार में बाल महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के मानद महासचिव डॉ सुषमा गुप्ता रही। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी व पूर्व निदेशक स्कूल कमल कांता एवं परिषद के मुख्यालय से बाल कल्याण अधिकारी सरोज मलिक रही।

डॉ0 सुषमा गुप्ता ने जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बाल महोत्सव बाल प्रतिभाओ को निखारने का मंच है।

# कल्याण मुखर्जी की सरोद की मधुर तरंगों ने मोहा दर्शकों का मन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। प्राचीन कला केन्द्र द्वारा आज यहां मासिक बैठक की 304वीं कड़ी में कोलकाता से आए सरोद वादक कल्याण मु?र्जी द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति पेश की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र के एम.एल.कौसर सभागार में सायं 6 बजे से किया गया। कल्याण के साथ तबला पर जर्मनी से आए तबला वादक फ्लोरियन शियर्ट्ज ने बखूबी साथ देकर कार्यक्रम को चारचांद लगा दिए। कार्यक्रम की शुरूआत इन्होंने राग झिंझोटी से की जिसमें पारम्परिक आलाप के द्वारा राग के भावपक्ष को प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत तीन ताल में विलम्बित गत पेश की गई। कल्याण के सिलसिलेवार बढ़त द्वारा अपनी विशेष शैली का निर्वाह करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इनके सरोद वादन में विशेष तौर से तानें और विभिन्न लयकारियों से सजी इस प्रस्तुति में मध्य लय तीन ताल में भी कुछ रचनाएं पेश की गई। झाले के बाद एक खूबसूरत धुन से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में जर्मनी के तबला वादक फ्लोरियन की सधी हुई संगत ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के अंत में केन्द्र के सचिव श्री कौसर ने कलाकारों को उतरीया और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती समारोह आज

## हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर 12 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेक्टर 15 स्थित गुरु रविदास भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व निदेशक गेल इंडिया लिमिटेड बंतो कटारिया करेंगी और कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, सेवानिवृत आईएएस टी डी जोगपाल, के एस भोरिया, पूर्व डीजीपी बी एस संधू बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

एस डी एम चंद्रकांत कटारिया ने सेक्टर 15 गुरु रविदास भवन का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया सभा के पदाधिकारियों को आवश्यक



निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ ए सी पी सुरेंद्र, ए एस आर शिव शंकर, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने विशेषकर पार्किंग का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। सभा के प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा संत महापुरूष सम्मान एवं प्रचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों की जन्म जयंतियां मनाई जा रही है ताकि सभी महापुरुषों को पूर्ण मान सम्मान के साथ उनकी वाणी का भी अधिक से अधिक लोगों में प्रचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गुरु रविदास भवन सेक्टर 15 द्वारा नियमित रूप से प्रभात फेरियां निकाल कर लोगो से संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा भव्य नगर कीर्तन का भी आयोजन किया गया। उपप्रधान तेजपाल जौहर, पूर्व प्रधान बी एस रंगा, मोहन लाल, राजकपूर अहलावत, सेक्टर 12 आंबेडकर सभा के प्रधान सुरेश मोरका, महासचिव जयबीर रंगा एवं सभा के कई पदाधिकारियों की अलग अलग टीमें बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह में भारी संख्या में नागरिक भाग लेकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज को श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन पर्व पर समाज के लोगों के साथ भाग लेना बड़ा ही गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एस सी वर्ग की भलाई एवं उत्थान के लिए अनेक जनहित की योजनाएं क्रियान्वित की है और उनका सीधा लाभ समाज के लोगों को मिला है। सरकार की इन जन कल्याणकारी योजनाओं के कारण समाज में आर्थिक और सामाजिक समृद्धि और खुशहाली आई है।

# केरल के पारंपरिक व लोक नृत्यों की सिटी ब्यूटीफुल मे मनमोहक प्रस्तुति



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। केरल को हमेशा भगवान का अपना देश कहा जाता रहा है। जिसकी खूबसूरती का बखान सोमवार को केरल पर्यटन विभाग द्वारा सिटी ब्यूटीफुल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम मे आयोजित किया गया। राज्य की समृद्ध लोक और पारंपरिक कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया गया। आयोजन में थेय्यम, मोहिनीअट्टम, कथकली और कलारीपयट्टु की अद्भुत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भगवान विष्णु के स्त्री अवतार मोहिनीअट्टम से कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। पारंपरिक सफेद और सुनहरे परिधानों में सजी नृत्यांगनाओं ने अपनी कोमल और मनमोहक भाव-भंगिमाओं से दर्शकों का मन मोह लिया। थेय्यम की प्रस्तुति के बाद कथकली और सबसे प्राचीन मार्शल आर्ट कलारीपयट्टु से युद्धक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

ज्ञात रहे कि केरल पर्यटन विभाग समुद्र तटों और बैकवाटर्स से आगे बढ़कर राज्य की सांस्कृतिक विविधता को भी बढ़ावा दे रहा है। पर्यटन मंत्री पी.ए. मोहम्मद रियास केरल को एक परस्पर जुड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए दृढ़ संकल्प है ताकि पर्यटकों को हाउसबोट और एडवेंचर एक्टिविटीज़ से लेकर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अनुभवों तक की विस्तृत श्रृंखला मिल सके।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए केरल टूरिज्म की डायरेक्टर आईएएस सिखा सुरेंद्रन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से केरल पर्यटन विभाग राज्य को एक संपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित कर रहा है, जो प्रकृति, रोमांच और संस्कृति का अनूठा संगम प्रदान करता है।




बटाला में लिवासा अस्पताल आउटरीच ओपीडी प्रोग्राम के तहत ओएम मेडिकोस में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। निदेशक और सीईओ डॉ. पवन कुमार ने ओपीडी का श्रीगणेश किया। 100 से अधिक मरीजों ने नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. राधिका गर्ग और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन वेद गुप्ता जैसे प्रमुख विशेषज्ञों से परामर्श लिया। **रिपोर्ट-सुशील सहगल**

# 2025 तक एनसीडी से समय से पहले मौतों को 25 प्रतिशत तक कम करना उद्देश्य : डीजीएचएस

डीजीएचएस डॉ मनीष बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में एनसीडी कार्यशाला का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। लोक विश्राम गृह सेक्टर-1 में महानिदेशक स्वास्थ्य एवं सर्विसेज डॉ. मनीष बंसल ने मुख्य अतिथि के रूप में एनसीडी रोकथाम के लिए मंगलवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने एनसीडी के रोकथाम, निदान और प्रबंधन जैसे सभी चरणों पर गंभीरता से कार्य कर समाज को स्वस्थ और मजबूत बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर डीजीएचएस डॉ कुलदीप सिंह ने विशिष्ट अतिथि और डॉ. कुलदीप सिंह गौरी निदेशक एनसीडी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यशाला में शिरकत की। उन्होंने बताया कि एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के महत्व को समझते हुए, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार और सतत विकास लक्ष्यों के तीन स्तंभों आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण को प्राप्त करने में मदद करता है, इसे सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एक आवश्यक कदम माना गया है। उन्होंने कहा कि परिवारजनो की स्वास्थ्य जागरूकता संचार में शामिल करना, व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करने और बनाए रखने में भूमिका महत्वपूर्ण है। 2025 तक गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) से वैश्विक स्तर पर समय से पहले मौतों को 25 प्रतिशत तक कम करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में मदद करता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने ये जाना है, कि पारिवारिक स्वास्थ्य शिक्षा राज्य के लिए सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हरियाणा सरकार राज्य की रोकथाम और उपचारात्मक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को हल करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण अपनाने में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि एनसीडी केयर कंपैनियन प्रोग्राम का समय समय पर आगे भी आयोजन किया जाएगा ताकि रोगियों के साथ साथ अस्पताल के अन्य कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित व शिक्षित किया जा सके। इस अवसर पर एनसीडी के उप निदेशक डॉ ओमपाल सैनी,एनसीडी के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. गरीश अत्री, डॉ. रेखा सिंह स्टेट कंसलटेंट, डॉ ममता,एनसीडी के केयर कंपेनिग के प्रोजैक्ट ऑफिसर डॉ अनिता और डॉ अभिषेक जैन भी उपस्थित थे।

## ट्रांसपोर्ट नगर का होगा कायापलट, सड़क निर्माण के लिए 12.18 करोड़ मंजूर

पटना (अप्रस)। बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में 1.7 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण के लिए 12.18 करोड़ की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी। श्री नवीन ने कहा कि इस राशि की मदद से ट्रांसपोर्ट नगर में सड़कों के जीर्णोद्धार का काम किया जायेगा, जिससे करीब लाखों की आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना 90 के दशक में हुई थी, जो अब पटना के बेहद ही व्यस्ततम इलाकों में से एक है। यहां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से वाहन व लोग माल ढुलाई के क्रम मे आते जाते हैं। लगातार ट्रकों और बसों के परिवहन के कारण यहां की सड़कें खराब हो गयी थी। इसके निर्माण के लिए नगर निगम की तरफ से राशि उपलब्ध कराने का अनुमोदन भेजा गया था। साथ ही बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स और बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन की तरफ से भी इस विषय को सज्ञान में डाला गया था। जिसके बाद विभाग की ओर से 12.18 करोड़ की राशि प्रदान करने पर स्वाकृति दी गयी है।

# आरईसी लिमिटेड ने सीवीपीपीएल के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर

1000 मेगावाट पाकल दुल जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए दिया जाएगा 2147.508 करोड़ रुपये का सावधि ऋण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**जम्मू।** आरईसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के तहत महारत्न सीपीएसई और प्रमुख एनबीएफसी, ने ?2147.508 करोड़ (दो हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ और पचास लाख अस्सी हजार मात्र) का टर्म लोन प्रदान करने के लिए चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड (सीवीपीपीएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लोन का उपयोग ग्रीनफील्ड पाकल दुल हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के विकास और निर्माण के लिए किया जाएगा, जो 1000 मेगावाट क्षमता की पनबिजली परियोजना है, जिसकी कुल अनुमानित लागत ?12,669.67 करोड़ है। यह परियोजना जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित मरुसादर नदी पर विकसित की जा रही है।

औपचारिक हस्ताक्षर समारोह 11 फरवरी, 2025 को जम्मू (जम्मू और कश्मीर) में सीवीपीपीएल के कॉर्पोरेट कार्यालय में सीवीपीपीएल के प्रबंध निदेशक श्री रमेश मुखिया और आरईसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू के मुख्य परियोजना प्रबंधक (सीपीएम) श्री भूपेश चंदोलिया और दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

यह रणनीतिक सहयोग जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सतत ऊर्जा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पाकल दुल हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना से अक्षय ऊर्जा संसाधनों के दोहन, क्षेत्र की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान और भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

इससे पहले, आरईसी ने अप्रैल 2024 में सीवीपीपीपीएल के साथ टर्म लोन के रूप में ?1869.265 करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह ऋण जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर स्थित ग्रीनफील्ड किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (4 ×156 मेगावाट) के विकास, निर्माण और संचालन के लिए था।

## न्यूज ब्रीफ

### 11 कन्याओं के सामूहिक सरल विवाह 2 मार्च को

**अम्बाला (अप्रस)।** भारत विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा गत दिवस शहर के निजी रेस्तरां में संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद एवं अध्यक्ष अजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। परंपरा अनुसार बैठक को शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से की गई। इसके उपरांत प्रकल्प प्रमुख चमन अग्रवाल ने बताया कि परिषद् द्वारा 2 मार्च को 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह किया जा रहा है। उन्होंने व्यवस्थाओं पर चर्चा की व सभी सदस्यों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 11 कन्याओं को परिषद् द्वारा उनकी रोजमर्रा की जरूरत का सारा सामान दिया जाएगा व हिन्दू रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसका आयोजन शहर के सैक्टर 9 स्थित अग्रवाल भवन में किया जाएगा। इसके उपरांत अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने 26 मार्च को तीन दिवसीय वृन्दावन यात्रा का प्रस्ताव रखा जिसे पर सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसमें भागीदारी के लिए नाम लिखवाए। सहभागिता प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया। शाखा सचिव राकेश मक्कड़ ने मंच संचालन करते हुए सभी से सामूहिक विवाह में भाग लेने व बढ़ चढ़कर सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जन साधारण भी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दें। प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने यह जानकारी सांझा की।

### बच्चों को पिलाई स्वर्ण प्राशन ड्राप्स की खुराक

**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** अमृताश आयुर्वेद द्वारा मॉडल कालोनी में बच्चों के लिये एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 1 से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप्स की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्देवाचार्य डा. सचिन दुआ ने बताया कि आज के प्रदूषित वातावरण व केमिकल युक्त भोजन के कारण बच्चों की इम्यूनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) कम होती जा रही है, जिसके कारण बच्चे बार-बार व जल्दी-जल्दी बीमार पड़ते रहते है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण भस्म को देसी घी, शहद व कुछ



विशेष जड़ी बुटीओं को साथ मिला कर हर महीने में एक बार पुण्य नक्षत्र तिथि को एक साल से सोलह साल तक के बच्चों को उन की इम्यूनिटी बढ़ती है और बच्चे बार-बार बीमार नहीं पड़ते है और बदलते मौसम का उनके स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। स्वर्ण प्राशन ड्राप्स की एक खुराक की कीमत 100 रुपये पड़ती है, किन्तु शिविर में आने वाले बच्चों को यह खुराक निशुल्क दी जाती है। उन्होंने बताया कि अमृताश आयुर्वेद द्वारा मॉडल कालोनी द्वारा यह शिविर हर महीने पुण्य नक्षत्र पर लगाया जाएगा और इस शिविर में 1 वर्ष से 16 वर्ष की आयु के बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए स्वर्ण प्राशन ड्राप्स की खुराक पिलाई जायेगी।

### ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर, चालक फरार, लंबा जाम लगा

**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरि)।** मधुबन चौक के पास अंबाला से दिल्ली जा रहे एक ट्रक और ट्रैक्टर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक को भारी नुकसान हुआ, जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक अंबाला से दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसमें चालक प्रभास चौहान और एक अन्य व्यक्ति सवार थे। जैसे ही ट्रक मधुबन चौक के पास पहुंचा, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अचानक ट्रक को साइड मार दी, जिससे ट्रक संतुलन खो बैठा और फुटपाथ पर चढ़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और उसमें रखा सामान भी सड़क पर बिखर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह ट्रॉली छोड़कर ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। हादसे की वजह से हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे लगवाकर ट्रैफिक को सुचारू करने का प्रयास किया। पुलिस ने कहा कि गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक प्रभास चौहान और उसका साथी सुरक्षित बच गए। फिलहाल पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर सतर्कता बरतें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### माघ पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है: मीनाक्षी शर्मा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** ज्योतिषाचार्य मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि माघ पूर्णिमा का धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। इस दिन गंगा स्नान और दान करने का बहुत महत्व है। धर्म शास्त्रों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु स्वयं गंगा नदी में स्नान करते हैं। इसीलिए माघ पूर्णिमा के दिन जो भी गंगा स्नान करता है उसको सभी तरह के पुण्य की प्राप्ति होती है। पद्म पुराण के अनुसार, भगवान विष्णु जप, तप, स्नान से बाकी महीनों में उतना प्रसन्न नहीं होते जितना कि वह माघ मास में स्नान करने से होते हैं। माघ पूर्णिमा में स्नान के अलावा दान का भी विशेष महत्व है। इस दिन कंबल, गुड़ और तिल का दान उत्तम माना जाता है।इस दिन श्री रविदास जयंती और श्री भैरव जयंती भी मनाई जाती है। इस दिन माघ पूर्णिमा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। महाकुंभ पर्व के कारण इस दिन शाही स्नान भी है। इस दिन संक्रान्ति भी है। इस दिन सौभाग्य एवं शोभन जैसे उत्तम योग भी हैं। अत: इस दिन स्नान एवं दान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो व्यक्ति गंगा स्नान न कर सकें वे घर में ही गंगा जल डालकर स्नान कर सकते हैं।

### गोगा मेडी की ओर से एक कलश यात्रा निकाली गई



**इंद्री (अप्रस/सीमा देवी)।** हलके के गांव जोहड़ माजरा में गोगा मेडी की ओर से एक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। उससे पहले कलश का पूजन किया गया कलश के पूजन के बाद ही सभी कलश को शोभायात्रा में शामिल किया गया। पूरे गांव की परिक्रमा करने के बाद कलश को गोगामेड़ी पर स्थापित किया गया। वहीं पर एक हवन यज्ञ किया गया गांव के लोगों का कहना है कि गोगामेड़ी पर आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गोगामेड़ी पर स्थापित करने वाले कलश की शोभायात्रा निकाली गई। जिसको पूरे गांव में परिक्रमा करने के बाद इन कलश को स्थापित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि गांव में अमन चैन और शांति बने रहे। हमारा गांव के सभी के घरों में खुशियां रहे, इसी को लेकर के इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन यहां पर होता रहता है। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ करके हमारे गांव में सुख शांति एवं समृद्धि बनी रहे इसी के लिए सभी ने आहुतियां डाली। इस मौके पर सचिन कुमार, अजय कुमार, अंकित कुमार, गुलाब सिंह, साजन, हर्ष, विशाल, सतपाल और जतिन पाल अन्य ग्रामवासी वह महिलाएं शामिल रही।

# जीरकपुर की ज्यादातर सोसाइटियों के पास नहीं है फायर विभाग की एनओसी

चंद पैसे बचाने के चक्कर में लोग नहीं लेते हैं फायर विभाग से एनओसी

नए कानून के मुताबिक फायर एनओसी न लेने वाली सोसाइटी के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: फायर अफसर

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 11 फरवरी।** शहर में चारों तरफ आसमान छूती इमारतें तथा बड़े-बड़े मॉल जो तीन मंजिल से 16 मंजिल तक बन चुके हैं। नियमों के अनुसार बड़ी हो या छोटी, भले रिहायशी हो या व्यपारिक, इन सभी ईमारतों के लिए फायर विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होता है। जिक्र योग्य है ज्यादातर एनओसी एक वर्ष के लिए दी जाती है जिसे बाद में रिन्यु करवाना पड़ता है। जब किसी बिल्डर या कलोनाइजर द्वारा नई सोसायटी बनाई जाती है तो उसके लिए बिल्डर द्वारा फायर विभाग से एनओसी ली जाती है लेकिन जब वह सोसायटी बिल्डर द्वारा आरडब्लूयुए को सौंप दी जाती है तो उसके बाद एनओसी को रिन्यु करवाने की जिम्मेदारी आरडब्लूयुए की बन जाती है। हैरानी की बात यह है के शहर में सभी सोसाइटियों भले वह रिहायशी हो या व्यपारिक 70 प्रतिशत इमारतों के पास एनओसी मौजूद नही है। जिक्र योग्य है कि फायर विभाग से एनओसी लेने के लिए सभी शर्तो को पूरा किया जाना जरुरी होता है, जिसकी विभाग द्वारा बकायदा विजिट भी की जाती है और शर्ते व नियमों को पूरी होने के बाद ही एनओ सी दी जाती है। लेकिन एनओसी को रिन्यु करवाना वैसे तो लोगों की खुद की जिम्मेवारी है लेकिन विभाग भी इसे चैक नही कर रहा है। जोकि सरासर लापरवाही की ओर इशारा करता है और यह बेहद खतरनाक हो सकता है। जिसका अंदाजा आग लगने की घटानाओं के बाद लगता है। खर्चा बचाने के चक्कर में बहुत सारी सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए एनओसी रिन्यु नहीं करवाती हैं। शहर व देश में पिछले वर्ष कई बड़े बड़े हादसे हो चुके हैं, जिससे सबक लेना प्रशासन के लिए बेहद जरूरी है।

बर्तन स्टोर के पास एनओसी नही है। आग लगने के कारणों का अभी पता नही चला है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। सभी सोसाइटियों को फायर विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य होता है अगर कोई सोसाइटी एनओसी नहीं लेती तो उसे फायर विभाग द्वारा नोटिस भी निकाला जाता है। पहले तो एनओसी न लेने वाली सोसायटीयों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती थी लेकिन अब एक नया कानून फायर एंड एमरजैंसी सर्विस एक्ट 2024 के आने के बाद ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

**महेश कुमार, फायर ऑफिसर दमकल विभाग जीरकपुर।**

बीते दो दिन पहले गाजीपुर रोड पर एक बर्तन स्टोर पर भयंकर आग लग गई थी और लाखों रूपये का नुकसान हो गया था। आगजनी की घटना के दौरान परेशान करने वाली बात यह थी कि बर्तन स्टोर की दूसरी मंजिल पर जहां आग लगी हुई थी। वहां भारी मात्रा में गैस सिलेंडर पड़े हुए थे। गनीमत यह रही कि वह सिलेंडर खाली थे अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बर्तन स्टोर की बेसमेंट में भी दर्जनों सिलेंडर पड़े हुए थे जो कि भरे हुए थे। दमकल विभाग व प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए कि आम दुकानों पर सिलेंडर भरने व बेचने के लिए बकायादा नियमों का पालना करना चाहिए या फिर इस पर पाबंदी होनी चाहिए। क्योंकि शहर में दर्जनों ऐसे बर्तन बेचने वाले दुकानदार हैं जो नए सिलेंडर बेचते हैं और उन्हें भरने का काम भी करते हैं। जोकि सरासर नियमों के विपरीत है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जो नियमों के विपरीत काम करते हैं और अपने साथ साथ दूसरे लोगों की जान को भी खतरे में डालते है। रविवार को हुई आगजनी की घटना में दमकल विभाग द्वारा मिली जानकारी अनुसार यह बात सामने आई है कि बर्तन स्टोर के मालिक द्वारा दमकल विभाग से एनओसी नही ली गई है। फिलहाल दमकल विभाग आग लगने के कारणों का पता लगाने के मामले में जांच कर रही है।

नशे की ओवरडोज से युवकों की मौत का मामला

# नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद करने की चेतावनी

क्षेत्रवासियों ने सरकार व पुलिस प्रशासन से की नशा तस्करों पर लगाम लगाने की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 11 फरवरी।** बनूड़ क्षेत्र में तीन दिन के अंदर नशे की ओवरडोज से दो युवकों की मौत के बाद क्षेत्रवासी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त हो गए हैं। क्षेत्रवासियों ने आज बन्नो माई मंदिर में प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन से इन नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व इंस्पेक्टर महिंदर सिंह मनौली ने कहा कि बनूड़ क्षेत्र में नशे के कारण पिछले तीन दिनों में दो युवकों की मौत का यह पहला मामला है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने प्रदेशवासियों से वादा किया था कि प्रदेश में आप की सरकार बनने के बाद नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन राज्य में आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के तीन साल बाद, मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क और अधिक सक्रिय हो गया है। यही कारण है कि पिछले तीन दिनों में क्षेत्र में नशे के ओवरडोज से दो युवकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मांग की कि प्रत्येक हलके में विधायक या हलका इंचार्ज की जिम्मेदारी तय की जाए तथा यह निर्धारित किया जाए कि यदि इलाके में नशा बिकता है या नशे की ओवरडोज से किसी की मौत होती है, तो संबंधित हलके के विधायक, हलका इंचार्ज या उस इलाके के पुलिस अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में नशे के कारण किसी और युवा की मौत हुई, तो क्षेत्रवासी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनिश्चितकाल के लिए यातायात जाम कर देंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार, हलका विधायक व पुलिस प्रशासन की होगी। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ अकाली नेता साधु सिंह खलौर ने सरकार से आग्रह किया कि वह सेमिनारों या अन्य माध्यमों से बच्चों को नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करे। इसी तरह कामरेड गुरदर्शन सिंह खासपुर ने कहा कि राज्य की आम आदमी पार्टी नशा तस्करों पर काबू पाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की, तो क्षेत्र के लोग एकजुट होकर प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ बड़ा संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि क्षेत्र में नशे के कारण लोगों के घरों के चिराग बुझ गए है तथा दिन-प्रतिदिन युवा नशे की लत में फंसते जा रहे हैं। इस अवसर पर मोहन सिंह सोढी, कामरेड हरी चंद, अमरीक सिंह, कामरेड बिंदर सिंह, गुरदर्शन सिंह, अवतार सिंह, अमरीक सिंह बाडिया बस्सी सहित करीब एक दर्जन अन्य इलाका निवासी उपस्थित थे।

## सलेमपुर नग्गल में 17 वर्षीय युवक की मौत के बाद सात नशा सप्लायर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 11 फरवरी।** बनूड़ थाने की पुलिस ने क्षेत्र में नशा सप्लाई करने वाले 7 युवकों को गिरफ्तार किया है।मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि चरणजीत सिंह पुत्र फकीर चंद निवासी गांव सलेमपुर नग्गल ने बनूड़ थाने में अपने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार क्षेत्र के नशा सप्लायरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ित की शिकायत पर का करते हुए पुलिस ने गुरदीप सिंह उर्फ सोनी, बंटी, कुलवीर सिंह, मोनू सभी निवासी सलेमपुर नग्गल, कुलदीप सिंह, मेवा सिंह, दिलबाग सिंह निवासी गांव छड़बड़ के खिलाफ बीएनएस की धारा 105, 111, 61(2) व एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में नामजद गुरदीप सिंह सोनी, बंटी, मोनू, कुलदीप सिंह, दिलबाग सिंह और राजन सिंह निवासी गांव खासपुर तथा प्रमोद कुमार निवासी सलेमपुर नग्गल को गिरफ्तार कर लिया है।

जबकि इस मामले में मेवा सिंह व कुलबीर सिंह की तलाश में पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा तथा उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 19 हज़ार से अधिक सरकारी स्कूलों में हुई प्रबंधकीय कमेटी की बैठक

मेगा स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में विद्यार्थियों के कल्याण पर चर्चा

बैठक ने स्कूलों के बुनियादी ढांचे में और सुधार की नींव रखी: हरजोत सिंह बैंस

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पंजाब की शिक्षा प्रणाली को देश भर में सर्वोत्तम बनाने के लिए प्रतिबद्ध: शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** पंजाब के स्कूलों की प्रशासनिक प्रणाली में लोकतंत्र को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने आज राज्य भर के सभी 19,110 सरकारी स्कूलों में मेगा स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) की बैठक आयोजित की, जिसमें विद्यार्थियों के माता-पिता और प्रतिनिधियों को स्कूलों के प्रबंधन से संबंधित फैसले लेने में सीधे भूमिका निभाने का मौका मिला।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए आज यहां पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस बार मेगा एसएमसी बैठक स्कूल परिसरों में स्वच्छता पर केंद्रित थी। इस दौरान एसएमसी सदस्य और माता-पिता ने स्वच्छता का मूल्यांकन करने, सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और स्थानीय समाधान साझा करने के लिए अपने-अपने स्कूलों का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ और अधिक अनुकूल सीखने का माहौल सृजित करने के उद्देश्य से सौंदर्यीकरण के प्रयासों और दीर्घकालिक रखरखाव से संबंधित योजनाओं पर भी चर्चा की।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज की चर्चा का केंद्र ÷स्कूल का बदलाव, एसएमसी के साथ÷ था। शिक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि स्कूल शिक्षा प्रणाली में और सुधार सामूहिक प्रयासों से ही संभव हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता और एसएमसी सदस्यों ने स्कूल के बुनियादी ढांचे, विद्यार्थियों की भलाई और शैक्षणिक प्रगति को और बेहतर बनाने से संबंधित चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया और विचार-विमर्श किया।

स. हरजोत सिंह बैंस ने इस बैठक को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए स्कूल प्रमुखों और स्टाफ की प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पंजाब की शिक्षा प्रणाली को देश की सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि आज की मेगा एसएमसी बैठक स्कूल प्रशासन में और बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे शैक्षिक माहौल के विभिन्न पहलुओं में और सुधार होगा। इस पहल का उद्देश्य माता-पिता, समुदाय के प्रतिनिधियों और स्कूल स्टाफ के बीच सहयोग को बढ़ाना है, जो पंजाब में एक अधिक प्रभावशाली और समग्र विकास वाली शिक्षा प्रणाली के मुख्य लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करके, यह बैठक सकारात्मक बदलाव लाएगी जिससे विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा सामुदायिक भागीदारी और सहभागिता वाले स्कूल प्रशासन को मजबूत करने संबंधी अपने प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखा जाएगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब के हर बच्चे को अनुकूल और सहयोगी वातावरण में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके ताकि ऐसा माहौल सृजित किया जा सके जहाँ विद्यार्थी शैक्षणिक और सामाजिक रूप से और अधिक संपन्न हो सकें।

इस दौरान, पंजाब भर के पंचायत सदस्यों, जिला अधिकारियों और विभाग के प्रतिनिधियों ने बैठकों में शामिल होने और जमीनी स्तर पर भागीदारी का मूल्यांकन करने के लिए स्कूलों का दौरा किया। बैठक के बाद, स्कूल ऑफ एमिनेंस, बनूड़ के एक एसएमसी सदस्य ने कहा, ÷आज की चर्चा में शामिल होने के बाद मुझे एहसास हुआ कि माता-पिता के रूप में, हमारे पास अपने बच्चों के स्कूलों में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है। ऐसी पहलकदमियां शुरू करना उत्साहजनक है जो सीधे तौर पर हमारी सहभागिता को सुनिश्चित करती हैं।

## मुख्यमंत्री मान ने श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाश उत्सव पर लोगों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज प्रदेशवासियों को श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर बधाई दी हैं।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने जीवन और दर्शन के माध्यम से मानवता को प्रेम, करुणा, सहनशीलता, साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और समाज में समानता स्थापित करने पर बल दिया। समानता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए गुरु रविदास जी का महान जीवन और उनकी शिक्षाएँ सदा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से मानवीय मूल्यों का प्रचार किया, जो आज के भौतिकवादी युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलें और गरीबों व कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए आगे आएँ, ताकि अमीर और गरीब के बीच की खाई को समाप्त कर एक समानतामूलक समाज का निर्माण किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने लोगों से यह भी अपील की कि वे जाति, नस्ल, रंग, भेदभाव और धर्म से ऊपर उठकर श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश उत्सव को मिल-जुलकर मनाएँ।

## केले से भरा ट्रक गड्ढे में गिरा, बड़ा हादसा टला

**डेराबस्सी, 11 फरवरी (अप्रस/चौहान)।** डेराबस्सी बरवाला रोड पर आज सुबह केलों से भरा एक ट्रक गहरे गड्ढे में जा गिरा। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा बरवाला रोड पर बरसाती पानी की निकासी के लिए गड्ढा खोदा जा रहा है तथा ठेकेदार द्वारा गड्ढे के पास कोई ऐसा बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे लोगों को पता चल सके कि यहां गड्ढा खोदा गया है, जिसके चलते आज सुबह करीब 6 बजे सैदपुरा गांव में केलों से भरा एक ट्रक उक्त गड्ढे में गिर गया। गनीमत रही कि जनहानि होने से बच गई। लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क पर खोदे गए गड्ढों के पास कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अगर बच्चों से भरी स्कूल बस गड्ढे में गिर जाती तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था।

## तीन दिन में नशे के जाल में फंसे एक और युवक की मौत

माता-पिता का इकलौता पुत्र और डेढ़ साल की बच्ची का पिता था 27 वर्षीय मृतक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 11 फरवरी।** बनूड़ के वार्ड नंबर 1 स्थित हवेली बस्सी के 27 वर्षीय युवक संदीप सिंह की मौत हो गई है। देर शाम उसका शव मानकपुर कल्लर कब्रिस्तान में मिला। उल्लेखनीय है कि इससे दो दिन पहले 9 फरवरी को नग्गल सलेमपुर के 17 वर्षीय युवक बलविंदर सिंह की भी नशे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। मृतक संदीप सिंह के पिता टहल सिंह ने बताया कि वह कल सुबह काम के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि उसका फोन बजता रहा, लेकिन कोई बातचीत नहीं हुई। देर शाम एरोसिटी थाने से पुलिस का फोन आया कि उनके बेटे का शव मानकपुर कल्लर श्मशान घाट में पड़ा है और उसे सिविल अस्पताल फेज-6, मोहाली लाया गया है। संदीप सिंह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र और डेढ़ साल की बच्ची का पिता था। उसकी माता कैंसर की मरीज़ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जिसका बाद दोपहर बनूड़ श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। आज हुई मौतों से शहर में सन्नाटा पसर गया है और लोग इन मौतों के लिए सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे है। तीन दिन में दो युवकों की मौत से चिंतित क्षेत्र निवासियों ने नशे के खिलाफ संघर्ष की घोषणा की है।

## जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव को लेकर मतदाता सूचियां अद्यतन करने का कार्यक्रम जारी

18 फरवरी तक लिए जाएंगे दावे/आपत्तियां; 3 मार्च को होगा मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

अर्थ प्रकाश/दिनेश/पवन



**पठानकोट 11 फरवरी।** पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए एक कार्यक्रम जारी किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सब डिविजनल मजिस्ट्रेट-कम-इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर पठानकोट स. अर्शदीप सिंह लुबाना ने बताया कि पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के संबंध में प्राप्त कार्यक्रम के तहत 04/09/2024 को जारी मतदाता सूचियों को पात्रता तिथि 01/03/2025 के आधार पर अपडेट किया जाना है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन दिनांक 10/02/2025 को किया जायेगा तथा दावे/आपत्तियाँ दिनांक 11/02/2025 से 18/02/2025 तक प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 27/02/2025 तक प्राप्त दावे/आपत्तियों का निस्तारण कर दिनांक 03/03/2025 को मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक प्रकाशित मतदाता सूची में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे संबंधित बीडीपीओ को अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं। अथवा उपमंडल मजिस्ट्रेट, पठानकोट के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18.02.2025 के बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## जीएनडीयू कालेज पठानकोट में गृह विज्ञान प्रदर्शनी 'सृजन' का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दिनेश भारद्वाज



**पठानकोट 11 फरवरी।** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी कॉलेज पठानकोट के प्रांगण में प्राचार्या डॉ. अर्पणा जी की अध्यक्षता में गृह विज्ञान विभाग की ओर से गृह विज्ञान प्रदर्शनी- 'सृजन' का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि हंसिनी एनजीओ की संस्थापक श्रीमती कुसुम खजुरिया के साथ समाज सेविका श्रीमती सोनिया भारवी एवं रीता शर्मा भी रहीं जिनका स्वागत प्राचार्या डॉ.अर्पणा जी एवं गृह विज्ञान की प्रोफेसर श्रीमती मधु पंत ने पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए किया। इस प्रदर्शनी में गृह विज्ञान के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस प्रदर्शनी में हाथ से बनी हुई पेंटिंग और वस्तुओं में फैब्रिक पेंटिंग, जुट बैग्स, बॉटल्स, टाई एंड डाई टेबल बैगस, एंब्रॉयडरी के साथ साथ भारत के भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजनों में पंजाबी फूड, नॉर्थ इंडिया फूड, कॉन्टिनेंटल फूड, साउथ इंडियन एवं गुजराती व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती कुसुम खजूरिया ने छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाई हुई वस्तुओं एवं व्यंजनों का सूक्ष्म निरीक्षण किया और उनमें छिपी कलाकारी और पाक कला के लिए प्रशंसा की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्पणा जी ने गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती मधु पंत एवं उनके विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम एवं लगन के लिए प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे ही नए-नए विचारों के साथ वस्तुएं और व्यंजन बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस प्रदर्शनी में कॉलेज के सभी सहायक प्रोफेसर मौजूद रहे।

## मनीमाजरा की 24 घंटे जलापूर्ति परियोजना की भौतिक अवसंरचना और परीक्षण चरण पूरा

क्रॉसर- सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में मनीमाजरा में चौबीसों घंटे पानी की आपूर्ति से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब में गृह

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चण्डीगढ़ 11 फरवरी।** सांसद मनीष तिवारी ने मंगलवार को लोकसभा में मनीमाजरा में चौबीसों घंटे पानी की आपूर्ति से संबंधित सवाल पूछे जिनके जवाब में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि अगस्त 2024 में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत मनीमाजरा में शुरू की गई चौबीसों घंटे जलापूर्ति परियोजना के तहत भौतिक अवसंरचना और परीक्षण चरण पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना के तहत शिकायत निवारण के लिए एक उपभोक्ता शिकायत प्रकोष्ठ और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किया गया है।

मनीष तिवारी ने इस परियोजना के लिए गए ऋण का विवरण भी माँगा जिसके जवाब में नित्यानंद राय ने बताया कि यह परियोजना स्मार्ट सिटी फंड के तहत वित्तपोषित है, इसलिए इसके लिए कोई ऋण नहीं लिया गया है।

मनीष तिवारी ने सवाल उठाए कि अगस्त 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा उद्घाटित मनीमाजरा, चंडीगढ़ में चौबीसो घंटे जल आपूर्ति परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, क्या यह परियोजना अभी भी परीक्षण चरण में है, यदि हां, तो क्षेत्र में चौबीसों घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में देरी के क्या कारण हैं, क्षेत्र में अनियमित आपूर्ति, गंदे और पीने योग्य न होने वाले पानी की समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

इनके अलावा मनीमाजरा में चौबीसों घंटे जल आपूर्ति परियोजना के लिए लिए गए ऋण का विवरण भी माँगा जिसमें उसकी पुनर्भुगतान संरचना, ब्याज दरें और चंडीगढ़ के निवासियों पर पड़ने वाला वित्तीय भार शामिल है।

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2019-20 | 646.28 | 701.24 |
| 2020-21 | 768.11 | 710.61 |
| 2021-22 | 842.00 | 760.82 |
| 2022-23 | 894.00 | 943.00 |
| 2023-24 | 888.00 | 991.15 |
| **कुल** | **4038.39** | **2106.82** |

उन्होंने पिछले पांच वर्षों में चंडीगढ़ नगर निगम की आय और व्यय का वर्षवार विवरण भी माँगा था जिसके जवाब में बताया गया।

## पंजाब के राज्यपाल ने श्री गुरु रविदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़, 11 फरवरी (अप्रस)।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। परमपूज्य संत और धार्मिक सुधारक के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त करते हुए, राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गुरु रविदास जी न केवल हमारी भूमि को सुशोभित करने वाले महानतम संतों में से एक थे, बल्कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन दलितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरू रविदास जी के अथक प्रयासों ने समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल सामाजिक समानता का मार्ग प्रशस्त हुआ, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई दिशा मिली। गुरु रविदास जी के उपदेश हमें यह सिखाते हैं कि मानवता में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है, और हमें मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और प्रेम प्राप्त हो। राज्यपाल ने कहा कि प्रेम, करुणा, सहिष्णुता और समानता की उनकी शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा के लिए समर्पित जीवन जीने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

## चंडीगढ़ में श्री गुरु रविदास जयंती पर अवकाश घोषित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** चंडीगढ़ प्रशासन के गृह विभाग की ओर से श्री गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर कल 12 फरवरी को चंडीगढ़ में अवकाश घोषित किया गया है। सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्ड, कारपोरेशनों व अन्य संस्थानों व औद्योगिक संस्थानों में छुट्टी रहेगी। गृह सचिव मनदीप बराड़ की ओर से यह घोषणा की गई। पहले यह रिस्ट्रिक्टिड होली-डे था।

# सोलन नगर निगम ने स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के लिए तैयार किया खाका

28 फरवरी से 17 मार्च तक सभी वार्डो में लोगों को किया जाएगा जागरूक

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन।** तेजी से विकसित हो रहे सोलन शहर में नगर निगम ने स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के लिए कमर कस ली है। इस अभियान के अंतर्गत शहरवासियों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जाएगा ताकि नगर निगम के कर्मियों को भी आसानी हो। यह जानकारी मंगलवार को सोलन नगर निगम ऑफिस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कमीश्नर एकता कपटा ने दी। उन्होंने कहा कि सूखा कूड़ा मंगलवार और शुक्रवार को लिया जाएगा। जबकि गीला कूड़ा अन्य दिनों में निगम के कर्मी कलेक्ट करेंगे। इसके आलावा वीरवार को घरेलू हानिकारक कचरा इकट्ठा किया जाएगा। अभी दिक्कत यह है कि फिलहाल शहरवासी नगर निगम के कर्मियों को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग न देने के बजाये एक ही दिन दे रहे हैं। इससे दिक्कतें पेश आ रही है। ऐसे में नगर निगम ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अब समाधान शिविर का आयोजन करने का फैसला किया है। इस शिविर के दौरान निगम कर्मचारी, अधिकारी वह पार्षद हर वार्ड में जाकर लोगों को गीला व सुखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा समाधान शिविर में लोगों की समस्या को भी सुना जाएगा और कोशिश की जाएगी की मौके पर ही उसका निपटान कर दिया जाए। समस्याओं में गार्बेज, प्रॉपर्टी टैक्स, मैप्स सहित कई अन्य दिक्कतें हो सकती है। एकता कपटा ने कहा कि वार्ड एक में 28 फरवरी से समाधान शिविर का आयोजन होगा और 17 मार्च तक यह शिविर चलेंगे। वार्ड एक में 28 फरवरी सुबह 11 बजे से समाधान शिविर शुरू होगा। इसके बाद वार्ड 2 में 1 मार्च, वार्ड 3 में 3 मार्च, वार्ड 4 में 4 मार्च, वार्ड 5 और 6 में 5 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जबकि वार्ड 7 में 6 मार्च, वार्ड 8 में 7 मार्च, वार्ड 9 में 10 मार्च, वार्ड 10 में 11 मार्च, वार्ड 11 में 12 मार्च, वार्ड 12 में 13 मार्च, वार्ड 13 में 15 मार्च, वार्ड 14 में 17 मार्च,वार्ड 15 में 18 मार्च, वार्ड 16 में 19 मार्च और वार्ड 17 में 20 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन सभी वार्डो में भी लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। एकता ने इस दौरान लोगों से सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मैराथन, रैली व गंदगी के हॉट स्पॉट की भी वालंटियर्स सफाई करेंगे। इसके अलावा शहर की दीवारों जहां लोगों ने पोस्टर लगाए हैं। उसे भी हटाया जाएगा और यदि कोई लगता है तो उसे पर भी फाइन किया जा सकता है।

### 15 फरवरी से सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं भी करेगी जागरूक

कमीनर एकता कपटा ने कहा कि 15 फरवरी से सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं भी लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करेगी। महिलाओं के पास बाकायदा आइडेंटी कार्ड होगा तो किसी भी शहरवासी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 से 15 मिनट में महिलाएं पूरे तरीके से एक परिवार को जागरुक कर देगी। इस अभियान में भी महिलाओं द्वारा जहां एक तरफ घर परिवार के सदस्यों को पंपलेट दिए जाएंगे तो वहीं दूसरी तरफ उन्हें गीला व सुखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि जब सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं उनके घर द्वार आएगी तो वह उन्हें फ्रॉड न समझे और अपने परिवार से संबंधित अन्य प्रकार की जानकारियां भी प्रोवाइड करवा दे। इसके अलावा होटल, पीजी के साथ भी मिलकर नगर निगम प्लानिंग करने में जुटा हुआ है।

### आखिरी के 15 दिन में होगा सांझा उत्सव

2 महीने तक चलने वाले इस अभियान में 45 दिनों तक तो इसी प्रकार से नगर निगम के कर्मी और अधिकारी लोगों को गिला व सुखा कूड़ा देने के लिए जागरुक करते रहेंगे। लेकिन इसके बाद आखिरी 15 दिन में नगर निगम एक सांझा उत्सव का भी आयोजन करेगा। इस बारे में भी पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सांझा उत्सव आखिरी के दो सप्ताह चलेगा और इसमें नगर निगम अपने अचीवमेंट को सेलिब्रेट करेगी। इसके अलावा इसमें एक मेले का भी आयोजन होगा। जिसमें कई प्रॉडक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कमिश्नर ने बताया कि हालांकि यह प्रदेश के अलग-अलग नगर निगम को करना है। तो ऐसे में सोलन नगर निगम को कब करना है। इस बारे में भी जल्द ही जानकारी प्रदान कर दी जाएगी।

# सोलन कॉलेज के छात्रों को दी रोडड सेफ्टी की जानकारी

**सोलन (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के 'रोड सेफ्टी क्लब' तथा एनएसएस इकाई के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोलन यातायत पुलिस के है कांस्टेबल अजय गुप्ता ने सभी छात्रों से रूबरू होते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा नियम, चिन्हों, प्रतीकों की विस्तार से जानकारी दी तथा छात्रों के द्वार पूछे गए यातायात तथा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डॉ.घनश्याम सोनी, डॉ.प्रियंका मुल्तानी सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक तथा गैर शिक्षक वर्ग मौजूद रहा।

# ऊना नगर निगम में प्रभावी कचरा प्रबंधन के लिए 'सोर्स सेग्रीगेशन' पर विशेष जोर




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** नगर निगम ऊना कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए 'सोर्स सेग्रीगेशन' (स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण) पर विशेष जोर दे रहा है। इस दिशा में नागरिकों को जागरूक करने के लिए लक्षित प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इसमें सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने जन जागरूकता में सक्रिय सहयोग के लिए मंगलवार को डीआरडीए सभागार में पूर्व नगर परिषद ऊना के पार्षदों के साथ बैठक की तथा उसके उपरांत प्रेस ब्रीफिंग में इस अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान के तहत गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर निगम नागरिकों को इस दिशा में शिक्षित और जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है, जिससे ऊना को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श नगर निगम के रूप में विकसित किया जा सके।

**'सीटिजन कनेक्ट प्रोग्राम' से नागरिक सेवाएं होंगी अधिक प्रभावी :** श्री गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ने नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'सीटिजन कनेक्ट प्रोग्राम' (नागरिक संपर्क कार्यक्रम) की शुरुआत की है, इसे तीन चरणों में लागू किया जा रहा है। पहले चरण में नगर निगम क्षेत्र में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। दूसरे चरण में नागरिकों को सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सेवाएं डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने पर बल रहेगा, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक सुगम और पारदर्शी होंगी। तीसरे चरण में नगर निगम क्षेत्र के तहत पूर्व नगर परिषद के हर वार्ड और 14 नई सम्मिलित पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे नागरिकों की शिकायतों और आवश्यकताओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में पक्के मकान को मिलेंगे 2.50 लाख

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम ऊना में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण का सर्वे शुरू हो गया है, जिसके तहत नगर निगम ऊना में सभी पात्र लोगों के पक्के मकान बनाने के लिए प्रति परिवार 2.50 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2 के लाभ के लिए पात्र लोग अब खुद अपना सर्वे कर सकते हैं। नगर निगम में सम्मिलित 14 पंचायतों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 1.50 लाख रुपये दिए जाते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में 2.50 लाख रुपये गृह निर्माण के लिए मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक आय सीमा भी ग्रामीण क्षेत्र की 1.80 लाख रुपये के मुकाबले शहरी क्षेत्र के लिए 3 लाख रुपये रखी गई है।

### नगर निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन व्यवस्था का विस्तार

उन्होंने बताया कि नगर निगम ऊना की सफाई व्यवस्था केवल शहरी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सीमावर्ती गांवों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और हाईवे से सटे क्षेत्रों में भी कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके अतिरिक्त, बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए उपयुक्त भूमि के चयन और हस्तांतरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही, नव सम्मिलित पंचायतों के लिए अलग-अलग क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिससे उनके आसपास ही कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में संबंधित पंचायत सचिवों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) सोलन द्वारा आज यहां सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सोलन ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को इंटरनेट सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट माध्यम से हर प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इंटरनेट ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन साथ ही हमें साइबर अपराधों के खतरों से भी अवगत करवाया है।

कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र सोलन द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति भी दी गई।

इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान कार्यालय के अधिकारियों सहित विभिन्न के अधिकारियों ने भाग लिया।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा में लगी आग

बाल बाल बच्चे सभी बैंक कर्मचारी

अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर



**नेरचौक।** नेर चौक बाजार में स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा में सुबह 11ः30 के करीब अचानक इलेक्ट्रिकल मीटर बॉक्स में आग लगने से आंग की बड़ी-बड़ी लपटे निकलना शुरू हो गई जिस से आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। बैंक के सभी कर्मचारी बैंक के अंदर फंस गए स्थानीय व्यापारी व ट्रैफिक कर्मचारी की मदद से आग को बुझाने वह बैंक कर्मचारियों को बाहर निकालने का कार्य किया गया। बैंक के मैनेजर रोमिल सिंह ने बताया अचानक इलेक्ट्रिकल मीटर में आग लगने से बैंक के अंदर कर्मचारी फस गए आग की लपटे इतनी ज्यादा थी कि बाहर निकलना मुश्किल था दो फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाई गई सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकाल दिए गए बैंक में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

बैंक के कर्मचारी रमिल सिंह निशांत शर्मा हंसराज शर्मा भीमचंद बोधराज ने बताया कि वह आग के चलते 10 मिनट तक बैंक के अंदर फंसे रहे वह समय बहुत ही दर्दनाक था लेकिन स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से हम लोगों को बाहर निकल गया।

ट्रैफिक ड्यूटी पर लगे बाइक राइडर चुडू राम ने बैंक कर्मचारियों को बाहर निकलनाऔर आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

चुडू राम ने बताया कि मैं ड्यूटी कर रहे थे बैंक में आज की लफ्ट देखकर वह बैंक की तरफ दौड़े तथा उनके ट्रैफिक इंचार्ज विजय कुमार ट्रैफिक ड्यूटी पर लगी लता कुमारी वह नागेंद्र भी वहां पहुंचे मैंने बैंक के सभी कर्मचारियों को अंदर से बाहर निकाल बाकी लोगों ने हमारे ट्रैफिक व्यवस्था संभाली स्थानीय व्यापारी रिंकी सोनी वह उसके भाई राजेश सोनी ने बैंक के अंदर से फायर डिस्टिंग्विशस निकाले उन सिलेंडरों से आग बुझाने का कार्य किया दोनों भाइयों ने दरिया दिल्ली दिखाते हुए आग को ज्यादा भड़काने नहीं दिया और जल्द बुझा दिया

स्थानीय व्यापारी गोविंद ठाकुर तेजपाल शर्मा दिनेश शर्मा प्यारेलाल परमार करमचंद सैनी पीयूष शर्मा नित्यानंद प्रवीण ठाकुर कृष्ण चंद्र भाग सिंह मोनू गोयल सनी गोयल संदीप ठाकुर लहर सिंह ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि नेरचौक बाजार में जल्द से जल्द एक फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए इससे पहले भी आगजनी की घटनाओं में कई लोगों की जान गई है आज स्थानीय व्यापारी भाइयों व ट्रैफिक पुलिस की मदद से बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बची है लेकिन प्रशासन को संज्ञान लेते हुए तेजी से बढ़ रहे शहर में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करनी चाहिए

## न्यूज ब्रीफ

### इग्नू ने शुरू किए पांच नए पाठ्यक्रम

**सोलन (अप्रस)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र राजकीय महाविद्यालय सोलन ने इस सत्र से पांच नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। पाठ्यक्रमों में पहला स्नातक माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज,दूसरा डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल कॉस्ट मैनेजमेंट,तीसरा एमएससी इन ज्योग्राफी,चौथा एमएससी इन एनालिटिकल कैमिस्ट्री और सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन टीचिंग ऑफ़ प्राइमरी स्कूल मैथमेटिक्स। यह जानकारी देते हुए इग्नू सेंटर सोलन कॉलेज के समन्वयक डॉक्टर नरेंद्र वर्मा ने बताया कि पाठ्यक्रमों में प्रवेश तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी 2025 कर दिया गया है इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### भारतीय पब्लिक स्कूल नलसर में हवन यज्ञ

**नेरचौक (अप्रस)।** भारतीय पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नलसर (बग्गी) में कक्षा नर्सरी,के,जी एस के जी से 12वीं (साईस, आर्टस) कक्षा तक के बच्चों की आने वाली वार्षिक परिक्षा में सफलता व उज्वल भविष्य की कामना के लिए पाठशाला में आर्य समाज की ओर से शुभाशीष हवन यज्ञ किया गया। इसमें पाठशाला के सभी विद्यार्थियों अभिभावकों व अध्यापक बर्ग पुर्णहूती दी। इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से 5 वी तक विद्यार्थी नेतृत्व सम्मेलन व कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की प्रतिभा का आकलन करने के लिए अभिभावक वर्ग उपस्थित रहे। अभि-भाबक वर्ग ने नन्हें-2 बच्चो के प्रोजैक्ट वर्क, क्रिएटीविटी व लीडरशीप सविक्ल की प्रसन्शा की। शुभाशीष हवन यज्ञ व पेन्टिंग पोस्टर मेकिंग कम्पेटिशन के उपरान्त धनेश्वरी ठाकुर, निहालू ठाकुर की ओर से माघ पूर्णिमा व कुभ सक्रांति के उपलक्ष पर बच्चों के लिए मडयाली धाम का आयोजन किया गया।

## एजूकेशन ब्रीफ

### महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी ने किया आयोजन



**बद्दी (सुशील सहगल)।** महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी ने 4 से 7 फरवरी 2025 तक आईबीएम द्वारा प्रायोजित चार दिवसीय कौशल निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीसीए और बीटेक कार्यक्रमों के लगभग 230 छात्रों ने भाग लिया जिससे उन्हें उभरती प्रौद्यौगिकियों में अपने तकनीकी कौशल को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर मिला। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ.) आर.के. गुप्ता, कुलाधिपति द्वारा नामित श्री सुरेश गुप्ता, रजिस्टांर प्रो. (डॉ.) पंकज नांगलिया, प्रो. (डॉ.) ए.एन. महाजन और प्रशिक्षण एव प्लेसमैंट अधिकारी सुनील कुमार आर्य ने किया। उनके संबोधनों ने छात्रो के करियर को आकार देने में कौशल-आधारित षिक्षा और उद्योग सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह के बाद, वेब डेवपलपमेंट, साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषयों पर तीन समानांतर इंटरैक्टिव कार्यशालाएं आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं का नेतृत्व आईबीएम के आधिकारिक भागीदार अनुदीप फाउंडेशन के विशेषज्ञ प्रषिक्षकों ने किया, जिन्होंने एक आकर्षक और इंटरैक्टिव शिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने आईबीएम स्किलबिल्ड प्लेटफॉर्म पर व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया, जिससे उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने और प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद मिली।

# उपाध्याय के मुताबिक लोकतंत्र की मुख्यधारा सहिष्णु रही है : भाजपा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठाता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मुख्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रवक्ता बलबीर वर्मा, प्यार सिंह कंवर, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, मंडल अध्यक राजीव पंडित द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस उपलक्ष्य पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि आज एकात्म मानववाद के प्रणेतापं. दीनदयाल उपाध्याय का स्मृति दिवस है, उनकी मृत्यु 11 फरवरी, 1968 को हुई थी। जनसंघ के पितृ पुरुष प. दीनदयाल उपाध्याय एक राज नेता से ज्यादा एक महा मानव के रूप में लोगों के मन मस्तिष्क में समाए हुए थे। उनके विचारों का अध्ययन करें तो पाएंगे उन्हें सियासत से नहीं अपितु आम आदमी की जिंदगी संवारने की चिंता अधिक थी। उन्होंने इसे कभी छिपाया भी नहीं। वे एक संत स्वभाव और विचारों के राज नेता थे। एकात्म मानववाद के प्रणेता और सादगी की प्रतिमूर्ति उपाध्याय जी मानवता के उत्थान के लिए राजनीति में आए थे। उनका लक्ष्य सांसद, विधायक बनना नहीं था। वे सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सत्यनिष्ठा और शुचिता के साथ अंतिम व्यक्ति के सर्वांगीण उत्थान के लिए संकल्पित थे। दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था लोकतंत्र केवल बहुमत का राज नहीं। उपाध्याय के मुताबिक लोकतंत्र की मुख्यधारा सहिष्णु रही है। इसके बिना चुनाव, विधायिका आदि कुछ भी नहीं है। सहिष्णुता भारतीय संस्कृति का आधार है। उपाध्याय के विचार आज भी सामयिक है। उपाध्याय के असहिष्णुता के मुद्दे पर विचारों का उनके लेखन में कई जगह जिक्र देखने को मिलता है। उन्होंने कहा था, वैदिक सभा और समितियां लोकतंत्र के आधार पर आयोजित की जाती हैं और मध्यकालीन भारत के कई राज्य पूरी तरह से लोकतांत्रिक थे। उन्होंने कहा था, %आपने जो कहा मैं उसे नहीं मानता, लेकिन आपके विचारों के अधिकार की मैं आखिरी वक्त तक रक्षा करूंगा। भाजपा के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर, 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में हुआ था। कुछ लोगो का मानना है पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को जयपुर जिले में धानक्यारेल्वे स्टेशन पर इनके नाना जी के घर पर हुआ था। इनके नाना श्री चुन्नीलाल जी शुक्ल धानक्यारेल्वे स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन मास्टर थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक और संगठनकर्ता थे। भारतीय जनसंघ पार्टी की स्थापना साल 1951 में हुई थी। अपने राजनीतिक जीवन में वे भारतीय जनसंघ पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। सनातन विचारधारा से संबंध रखने वाले दीन दयाल सशक्त भारत का सपना देखते थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत में लोकतंत्र के उन पुरोधाओं में से एक हैं, जिन्होंने इसके उदार और भारतीय स्वरूप को गढ़ा है। वर्ष 1937 में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। जहां उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार से बातचीत की और संगठन के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा व्यक्त की।

# ऊना में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर सुरक्षा कार्यशाला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय ऊना में सरकारी कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) ऊना भूपिंदर सिंह ने इंटरनेट पर बढ़ते साइबर अपराधों और उनसे बचने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों के 40 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

भूपिंदर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और फोन कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी के मामले तेजी से बड़ रहे हैं, जिससे सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने फिशिंग, मालवेयर, पहचान चोरी और साइबर उत्पीड़न जैसी चुनौतियों की पहचान और उनके बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण और सतर्क ऑनलाइन आदतों को अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने आगाह किया कि किसी भी संदिग्ध फोन कॉल, ईमेल या लिंक पर अपनी बैंकिंग व निजी जानकारी साझा न करें। अज्ञात स्रोतों से आए लुभावने ईमेल और एसएमएस से सावधान रहें और किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

कार्यशाला के अंत में संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की साइबर सुरक्षा संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया।

# बल्ह के किसानों के लिए जल्दी बनेगा फ्लावर फुट ब्रिज

अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक।** नागचाला डडोर फोरलेन के मध्य में 2 लाख के पास फ्लावर फुट ब्रिज बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है ह्माढ्ढ द्वारा इस प्रक्रिया को किया जा रहा है कार्य कर रही जी जुनैद ने बताया कि नहीं द्वारा यह फुट ब्रिज बनाया जा रहा है जो 14 दिनों के अंदर तैयार करके बना दिया जाएगा फुट ब्रिज पूरी तरह से स्टील का होगा जिसके ऊपर करीब एक करोड़ का खर्चा आ जाएगा नीचे से इसकी लंबाई 21 मीटर होगी 18 फीट इन ऊंचा व 7 फुट चौड़ा होगा। 14 दिनों में यह फुट ब्रिज तैयार हो जाएगा ह्माढ्ढ द्वारा सिर्फ नीचे की कंस्ट्रक्शन का कार्य होगा फुट ब्रिज गुड़गांव ऑफिस में बनकर तैयार हो चुका है जिसे सिर्फ यहां लाकर फिक्स किया जाएगा



### फुट ब्रिज बनने से इन इन गांवों के किसानों को होगा फायदा

फोरलेन सड़क बनने से किसानों के लिए सड़क आफत भी बन गई है क्योंकि अधिकतर किसानों को सड़क बार-बार आर पर करना पड़ती है क्योंकि अधिकतर किसानों के खेत सड़क के दूसरी तरफ है तथा वह रहते दूसरी तरफ हैं जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। लूनापानी कठयाहल घट्टा कुम्मी छात्डु नागचला चलखा दो लाख मद्याल बढशु के किसानों को फुट ब्रिज बनने से बहुत आरामदायक होता क्योंकि किसानों को बार-बार खेतों से घास सब्जी इधर से उधर लानी पड़ती है। क्षेत्र के धनदेव गंगाराम राकेश गोविंद राकू परम देव महेंद्र मयंक सिंह कश्मीर गुलरिया ललित यादवेंद्र बसंत सिंह राजकुमार काका सुरेश ने फुट ब्रिज बनने का स्वागत किया है

# थुनाग हॉर्टिकल्चर कॉलेज सतत भविष्य के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणाली पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की करेगा मेजबानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता


**सोलन।** डॉ. यशवंत परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के बागवानी और वानिकी कॉलेज, थुनाग, जिला मंडी सतत भविष्य के लिए स्वदेशी ज्ञान प्रणालीः विकासशील भारत-2047 के लिए एक रोडमैप विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह कार्यक्रम इंडियन इकोलॉजिकल सोसाइटी, लुधियाना के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसे जेआईसीए के साथ-साथ इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च विजन विकसित भारत ञ्च2047 द्वारा प्रायोजित किया गया है।

धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी डॉ. आचार्य बालकृष्ण (वर्चुअल) और पद्मश्री नेक राम शर्मा सहित कई प्रमुख वक्ता इस सम्मेलन में शामिल होंगे जो सम्मेलन के दौरान मुख्य व्याख्यान देंगे।

यह सम्मेलन पांच प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगाः विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वदेशी ज्ञान प्रणाली, बागवानी और वानिकी, प्राकृतिक खेती एवं आयुर्वेद और शिल्प कौशल और आयुर्वेदिक अभ्यास। इसके अतिरिक्त, छह तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनकी अध्यक्षता विभिन्न संस्थानों के प्रतिष्ठित शिक्षाविद करेंगे। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना (वर्चुअल), वन कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, मेट्टुपालयम, तमिलनाडु और एचपी जेआईसीए वानिकी परियोजना, शिमला जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ भी अपने विचार रखेंगे। सम्मेलन में 8 राज्यों के 132 प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो 17 विश्वविद्यालयों, अनुसंधान स्टेशनों और 4 राष्ट्रीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# गगसीना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम अब शहीद सूबे सिंह के नाम पर

**हरियाणा सरकार संत-महात्माओं, ऋषि-मुनियों, महापुरुषों और वीर शहीदों को पूरा सम्मान दे रही**



अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण के प्रयासों से गगसीना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम अब शहीद सूबे सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गगसीना किया जाएगा। सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है, जिससे ग्राम पंचायत गगसीना और स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे शहीद सूबे सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि करार दिया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा सरकार संत-महात्माओं, ऋषि-मुनियों, महापुरुषों और वीर शहीदों को पूरा सम्मान दे रही है। इसी नीति के तहत सरकारी संस्थानों के नाम महान विभूतियों के नाम पर रखे जा रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि गगसीना के वीर सपूत शहीद सूबे सिंह के सम्मान में यह नामकरण किया गया है, जिससे उनकी बहादुरी और बलिदान की गाथा हमेशा याद रखी जाए।

गगसीना के ग्रामीणों ने इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया और इसे पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बताया। ग्राम पंचायत के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने कहा कि शहीद सूबे सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे, और उनके नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण किया जाना एक बड़ा सम्मान है।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि इससे आने वाली पीढ़ी को शहीदों के बलिदान का एहसास होगा और देशभक्ति की भावना मजबूत होगी। ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और हरियाणा सरकार का आभार प्रकट किया और इसे सही मायनों में शहीदों के सम्मान की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम बताया। हरविन्द्र कल्याण ने इस अवसर पर विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने सरकारी संस्थानों के नाम केवल अपने परिवार के सदस्यों पर रखे, जबकि भाजपा सरकार देश और समाज के महान व्यक्तित्वों को सम्मान दे रही है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल नाम बदलने का नहीं, बल्कि उन वीरों के योगदान को स्मरण करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास है। सरकार का उद्देश्य केवल नामकरण करना नहीं, बल्कि समाज में देशभक्ति और बलिदान की भावना को सशक्त बनाना है।

## टूगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट थीम के साथ लघु सचिवालय व सरल केन्द्र में मनाया सुरक्षित इंटरनेट दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार के निर्देशन में मंगलवार को टूगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट थीम के साथ लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल व सरल केन्द्र में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सीएससी संचालकों को जागरूक करते हुए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) विशाल सैनी ने कहा कि बढ़ती डिजिटल गतिविधियों के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हुई है। फिशिंग, डेटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आप स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरे लोगों को भी साईबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे बेहतर तरीका सतर्कता और जागरूकता है। अगर हम छोटी-छोटी सावधानियां अपनाते हैं, तो बड़े साइबर हमलों से बच सकते हैं। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर नागरिकों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और डिजिटल



धोखाधड़ी से बचने की अपील करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का सुझाव दिया। उन्होंने नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म सुरक्षित बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और अन्य अकाउंट्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करने, अनजान लिंक और संदिग्ध ईमेल पर क्लिक करने से बचने, प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग अपडेट करने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई पेमेंट सुरक्षा के लिए ओटीपी, पिन, पासवर्ड और बैंकिंग डिटेल्स किसी से साझा न करें, केवल अधिकृत ऐप्स जैसे गूगल पे, फोन-पे, पेटीएम, भीम आदि का ही उपयोग करें और उनकी गोपनीयता बनाए रखें। अगर कोई धोखाधड़ी हो जाए तो तुरंत www.cyber-crime.gov.in पर शिकायत करें।

## जीएमसीएच ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैनर तले जलाया प्रशासन का पुतला



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़ ।** जीएमसीएच ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैनर तले प्रशासन का पुतला जलाया गया।कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा 7 दिसंबर 2024 को हुई कन्वेंशन में चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों में कार्यरत रेगुलर एवं आउटसोर्स वर्कों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों की यूनियनो द्वारा चंडीगढ़ प्रशासन का पुतला फूंक प्रदर्शन करने का फैसला किया था।और इसी कड़ी में मंगलवार को जीएमसीएच एम्पलाइज एंड वर्कर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा दोपहर 1-00 बजे से लेकर 2-30 बजे तक गेट नंबर 4 के बाहर प्रदर्शन करके चंडीगढ़ प्रशासन का पुतला जलाया गया। इस प्रदर्शन में अस्पताल में कार्यरत अलग-अलग विभागों के सैकड़ो कर्मी शामिल हुए और लंबे समय से लंबित पड़ी मांगों को पूरा करवाने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन से गुहार लगाई।ज्वाइंट एक्शन प्रधान सुखबीर सिंह द्वारा बताया गया कि इसमें चंडीगढ़ के वर्कों की कई छोटी बड़ी जायज मांगे पिछले लंबे समय से लंबित पड़ी है। जिसमें मुख्य रूप से आउटसोर्स वर्कों के लिए सुरक्षित पॉलिसी बनाना, पीजीआई की तर्ज पर जीएमसीएच 32,जीएमएसएच सेक्टर 16 के साथ-साथ चंडीगढ़ के अन्य विभागों के आउटसोर्स वर्कों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया देना,डीसी रेट में हुई विसंगतियों को दूर करना एवं, बराबर ग्रेड पे वाली कैटेगरी को बराबर डीसी रेट दिया जाए,आउटसोर्स वर्कों की बंद हुई मेडिकल फैसिलिटी लागू करना, आउटसोर्स वर्कों की पेंडिंग सैलरी एवं बोनस का भुगतान करना, पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट 1965 अमेंडमेंट 2015 लागू करना,आदि मांगे शामिल है।

कोऑर्डिनेशन कमेटी महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन को कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा कई बार चंडीगढ़ के रेगुलर एवं आउटसोर्स वर्कों की मांगों के संबंध में पत्र लिखा गया।बैठक भी की गई।लेकिन चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा बैठक में लिए गए फैसलों को लागू नहीं किया जाता वर्कों की जायज मांगे लंबे समय से लंबित पड़ी है। इसी को लेकर 7 दिसंबर 2024 को कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा एक मुलाजिम कन्वेंशन बुलाकर फैसला लिया गया था की चंडीगढ़ प्रशासन के ढीले रवैया के खिलाफ कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों में चंडीगढ़ प्रशासन का पुतला जलाया जाएगा।और यह प्रोग्राम कोऑर्डिनेशन कमेटी द्वारा चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों में 31 मार्च तक चलता रहेगा और अगर चंडीगढ़ प्रशासन ने जल्द इसके ऊपर ध्यान नहीं दिया तो 8 अप्रैल 2025 को चंडीगढ़ के अलग-अलग विभागों के हजारों वर्कों द्वारा कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैनर तले यूटी सचिवालय का घेराव करके चंडीगढ़ प्रशासन का पुतला जलाया जाएगा।

## सूरजकुंड में आकर स्वयं को भाग्यशाली मान रहे हैं विदेशी कारोबारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सूरजकुंड (फरीदाबाद)।** सूरजकुंड की प्राचीन ऐतिहासिक धरा पर विगत 38 सालों से आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में देश के ही नहीं, अपितु विदेश के भी व्यापारी आकर खुद को भाग्यशाली समझते हैं। ऐसे ही थाईलैंड से आए थाई डीडी ग्रुप ने मेले में स्टॉल लगाए जाने से लेकर फ्री आवासीस सुविधाएं दिए जाने पर हरियाणा सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

हरियाणवी चौपाल के समीप एफसी-34 नंबर स्टाल पर थाईलैंड का श्रृंगार सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां सुंदर-सुंदर ईयररिंग, हेयर क्लिप, रंग-बिरंगे हेयर बैंड, ब्रासलेट, लेडिज बैग, पर्स, हैट, फोन चार्म, चेन, टी-शर्ट, खिलौने, मोबाइल कवर, अंगूठी आदि उत्पाद बेचे जा रहे हैं। बैंकाक व थाईलैंड के शहर चिआंग माई से आए 15 सदस्यीय समूह के सदस्यों कैमिम, ब्रेम्दा, जेनिफर आदि ने बताया कि भारत के अलावा उन्होंने तुर्की, चीन, वियतनाम और अफगानिस्तान में भी अपनी स्टॉल लगा चुके हैं। सूरजकुंड में उनका आना पांचवी बार हुआ है। उनका कहना है कि जितना आनंद एवं सुकून उन्हें यहां आकर मिलता है उतना और कहीं नहीं मिलता।

कैमिम ने बताया कि वे लोग थाई डीडी के नाम से अपना समूह चलाते हैं। यहां सभी थाईलैंड के प्रोडक्ट डिस्पले किए गए हैं, जो कि पर्यटकों को काफी लुभा रहे हैं। खासतौर से महिलाएं उनकी स्टॉल पर आकर जमकर खरीददारी कर रही हैं, जिससे उनके सामान की बेहतरीन बिक्री हो रही है।

थाईलैंड के इस ग्रुप का कहना है कि हरियाणा सरकार ने उनसे यहां स्टॉल लगाने के लिए कोई चार्ज नहीं लिया है। इसके अलावा उन्हें फ्री सिक्योरिटी, चाय-पानी, भोजन, आवास की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए वे लोग तहेदिल से हरियाणा सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं।

## जिला में 182282 बच्चों को खिलाई पेट के कीड़े मारने की दवा

### उपायुक्त ने कहा बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए खिलाई एल्बेंडाजोल मोनिका गुप्ता

**शेष रहे बच्चों को मॉप अप राउंड में 18 फरवरी को खिलाई जाएगी दवा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए प्रथम चरण में जिला के सभी स्वास्थ्य एवं शिक्षण संस्थानों में 194280 बच्चों और महिलाओं को पेट के कीड़े मारने की एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अभियान को जिले के सभी स्कूलों सरकारी, गैर सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, कॉलेज, तकनीकी संस्थान, ईट भट्टों व स्लम एरिया में चलाया गया। इसके तहत एक से 19 वर्ष के लगभग 2.04 लाख बच्चों और 20 से 24 वर्ष की महिलाओं के लक्ष्य के विरुद्ध 182215 बच्चों और 11998 महिलाओं को निशुल्क दवा खिलाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि गोली बच्चो को खाना खाने के बाद चबाकर खिलाई गई है। जो बच्चे एक से दो वर्ष की आयु वर्ग के हैं, उन्हें आधी गोली और जो बच्चे दो से तीन वर्ष की आयु वर्ग के हैं उन्हें एक गोली पिसकर खिलाई गई है। तीन वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग वाले बच्चों को गोली चबाकर खिलाई हैं ताकि दवा का सही असर हो और उनका स्वास्थ्य बेहतर एवं उज्ज्वल भविष्य बन सके।

**शेष बच्चों को मॉप अप राउंड में खिलाई जाएगी दवा**

उपायुक्त ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि जो बच्चे प्रथम राउंड के दौरान स्कूलों में गोली खाने से वंचित रह जाए, उन्हें 18 फरवरी को माप अप राउंड के दौरान दूसरे चरण में नजदीकी सीएचसी व पीएचसी केन्द्रों से दवा जरूर खिलाएं। डिप्टी सिविल सर्जन डा. शिवानी हुड्डा ने बताया कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिए प्रत्येक वर्ष फरवरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है। उन्होने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण और खून की कमी तथा थकावट होना, पढ़ाई में मन न लगना आदि और अधिक कृमि होने से जी मिचलाना, दस्त, पेट दर्द, कमजोरी, भूख न लगना जैसे लक्षण हो सकते है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सुरेश गोयल द्वारा लिखित बुक जिंदा लाश का हुआ विमोचन

**चंडीगढ़, (साजन शर्मा )।** लेखक सुरेश गोयल द्वारा लिखित बुक जिंदा लाश का विमोचन किया गया। यह बुक भारत के ओवरऑल डेवलपमेंट इन इंडिया और ए स्टडी इन दी रीऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया रूलर अर्बन सोसाइटी के बारे में लिखी गई है। लेखक सुरेश गोयल ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि यह बुक भारतीय शिक्षा प्रणाली, खेल के मैदान, बेरोजगारी और न्याय प्रणाली पर लिखी गई है। लेखक ने बताया कि इससे पहले भी रिकवरी आफ इंडिया नाम की किताब समाज को समर्पित की हुई है। इस बुक में भारत के किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के बारे में भी लिखा गया है। किसानों को उचित दामों में और सब्सिडी पर फर्टिलाइजर खाते और बीज़ समय पर मुहैया करवाने चाहिए। अभी किसानो को जो फर्टिलाइजर खाते और बीज़ मुहैया करवाया भी जा रहा है तो उसमें भी बहुत बड़ी धांधली है, जिसका जिक्र कहीं नहीं होता। रूलर एरिया में बच्चों के खेल के अच्छे मैदाने के साथ-साथ अच्छे स्कूल और हॉस्पिटल की बहुत जरूरत है। इस बुक में लेखक ने आज के समय में हो रही करप्शन के बारे में भी लिखा है। सोशल एक्टिविस्ट होने के नाते लेखक ने करप्शन के खिलाफ अपनी मुहिम चलाई हुई है। इस किताब के माध्यम से उन्होंने लोगों को इस करप्शन को दूर करने का बीड़ा उठाया है।

## एजूकेशन ब्रीफ

### गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में मुफ्त स्वास्थ्य जांच



**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-42, चंडीगढ़ की प्रिंसिपल प्रो. बीनू डोगरा के कुशल मार्गदर्शन में हेल्थ सोसाइटी, एनएसएस इकाई ने सोहाना अस्पताल, अपोलो अस्पताल और इनरव्हील क्लब चंडीगढ़ सैंट्रल के सहयोग से 11 फरवरी मंगलवार को कॉलेज के परिसर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर और मैमोग्राफी शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तथा इस मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिवर की उन्होंने सरहाना की तथा कॉलेज की तरफ से इस प्रयास को बहुत ही उपयोगी माना । उन्होंने कालेज के सदस्यों तथा वॉलिंटियर्स को इस शुभ काम के लिए सेहत की ओर जागरूक रहने का एक बढ़ता कदम बताया। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. बीनू डोगरा ने कॉलेज की हेल्थ सोसायटी तथा एनएसएस इकाई के प्रयास की सरहाना करते हुए मौजूदा संक्रामक रोगों के दौर में रुटीन चेकअप को सेहत के लिए अनिवार्य बताया। हेल्थ सोसाइटी की संयोजक डॉ. प्रीत कमल तथा एनएसएस प्रभारी मेहर चंद ने स्वास्थ्य जांच शिवर का उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करना और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक करना बताया। इस शिवर में कॉलेज के आसपास के गांव की महिलाओं को भी मुफ्त जांच के लिए आग्रह किया गया । पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए सोहाना अस्पताल और अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों की एक समर्पित टीम मौजूद थी। जिसमें 40 महिलाओं ने मैमोग्राफी करवाई तथा 75 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई ।

## चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए नियुक्त किए गए सामान्य पर्यवेक्षक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** जिला में नगर निगम सोनीपत के मेयर उपचुनाव व खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन व पार्षदों के होने वाले चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम मेयर के उपचुनाव के लिए वर्ष 2002 बेंच के एचसीएस अधिकारी जगदीप ढांडा व खरखौदा नगरपालिका चेयरमैन तथा पार्षदों के चुनाव के लिए वर्ष 2002 बेंच के एचसीएस अधिकारी कुलधीर सिंह को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

इसी संदर्भ में उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने आदेश जारी करते हुए सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी रामफल राठी (9354935000) को नगर निगम के उपचुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक तथा सहायक आबकारी एवं कराधान अधिकारी ईश्वर सिंह चहल (9416615777) को नगर पालिका खरखौदा चुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक के साथ लाईजिंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

### बाबा मस्तनाथ मठ में माई चौदस मेले में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब

**रोहतक, (सुकरमपाल)।** हरियाणा के सुप्रसिद्ध बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर में माई चौदस के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस द्विदिवसीय 10 और 11 फरवरी को आयोजित मेले में भक्तों ने सिद्ध शिरोमणि बाबा चौरंगीनाथ महाराज एवं सिद्ध योगिनी पाई देवी की समाधि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सिद्धपीठ में आस्था रखने वाले भक्तों का विश्वास है कि जो कोई भी स‘चे मन से यहां प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामनाएँ अवश्य पूरी होती हैं। माई चौदस का यह पावन मेला हर वर्ष माघ मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को आयोजित किया जाता है। यह तेरस और चौदस के दो दिवसीय अनुष्ठान के रूप में संपन्न होता है, जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से आकर बाबा मस्तनाथ मठ में मत्था टेकते हैं। इस मठ की आध्यात्मिक परंपरा आठवीं शताब्दी से चली आ रही है, और यह स्थल केवल भक्ति एवं तपस्या का केंद्र ही नहीं, बल्कि योग, शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा का अद्भुत संगम भी है।

## बराड़ा नगरपालिका चुनाव : सत्ता की जंग, जनता की कसौटी

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा।** बराड़ा में नगर पालिका चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। 2 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) और बसपा जैसे दलों के प्रत्याशी मैदान में उतरने को तैयार हैं। लगभग दो दर्जन से अधिक दावेदार प्रधान पद की रेस में हैं, जिनमें पूर्व चेयरपर्सन, पार्षद, समाजसेवी और व्यापारी शामिल हैं। चुनावी समीकरणों को देखते हुए मुकाबला रोचक होता जा रहा है।

**राजनीतिक दलों की रणनीति- किसकी दावेदारी मजबूत? :** सत्तारूढ़ भाजपा के टिकट के लिए इस बार सबसे अधिक दावेदार सामने आए हैं। वहीं, कांग्रेस भी मजबूती से चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रही है। आप और बसपा भी अपना आधार मजबूत करने के लिए प्रत्याशी उतार सकती हैं, जिससे मुकाबला बहुकोणीय हो सकता है। इस बार जनता पारंपरिक दलों के अलावा आजाद प्रत्याशियों पर भी विचार कर रही है, जो चुनाव को और दिलचस्प बना रहा है।

**जनता के मुद्दे- वादों से आगे काम की दरकार :** बराड़ा के नागरिक विकास कार्यों की धीमी गति और भ्रष्टाचार को लेकर नाराज हैं। पिछली बार भाजपा का चेयरपर्सन होने के बावजूद सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। जनता का आरोप है कि करोड़ों रुपए के बजट का सही इस्तेमाल नहीं हुआ, और भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आते रहे। इस बार वोटर केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस योजनाओं और कामों से प्रभावित होंगे।

**चुनावी रणनीति- जनसंपर्क और प्रचार का जोर :** प्रत्याशी अब सभाओं, धार्मिक आयोजनों, बिरादरी बैठकों और निजी समारोहों में अपनी उपस्थिति दर्ज




**जनता की कसौटी पर प्रत्याशी**

अब सवाल यह है कि बराड़ा की जनता इस बार किन मुद्दों को प्राथमिकता देती है? क्या पुराने चेहरे फिर से जनता का भरोसा जीत पाएंगे, या नए उम्मीदवार बदलाव की बयार लाएंगे? इस बार जनता को अपने मताधिकार का प्रयोग सोच-समझकर करना होगा, ताकि बराड़ा का विकास सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर भी नजर आए।

करवा रहे हैं। चुनावी प्रचार में मीडिया कवरेज, सोशल मीडिया अभियान और पोस्टर-बैनरों का भी जमकर इस्तेमाल हो रहा है। कई प्रत्याशी डिनर पार्टियों और व्यक्तिगत मुलाकातों के जरिए वोटरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, जनता इस बार सतर्क है और सिर्फ प्रचार से प्रभावित होने वाली नहीं दिख रही।

**चुनावी खर्च और राजनीति का उद्योगीकरण :** जानकारों के अनुसार, नगरपालिका चुनावों में 1 से 1.5 करोड़ रुपए तक खर्च किए जाते हैं। कुछ पूर्व पार्षदों का कहना है कि यह चुनाव 'अल्पकालिक निवेश और दीर्घकालिक लाभ' का सौदा होता है, क्योंकि सत्ता में आने के बाद कई आर्थिक अवसर खुल जाते हैं।

## डिंपल राणा बने दी अम्बाला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग लिमिटेड के निदेशक



**बराड़ा, (अप्रस)।** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री एवं वर्तमान भाजपा बराड़ा मंडल अध्यक्ष कृष्ण राणा (डिंपल) को सर्वसम्मति से दी अम्बाला जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण लिमिटेड प्रसंग का निदेशक (डायरेक्टर) चुना गया। डिंपल राणा के मुकाबले में किसी अन्य प्रत्याशी के न होने के कारण उन्हें सर्वसम्मति से निदेशक चुन लिया गया। डिंपल राणा की पहचान भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं में की जाती है। संगठन व पार्टी द्वारा समय-समय पर सौंपी गई जिम्मेदारियों को डिंपल राणा ने बखूबी निभाया। डिंपल राणा ने कहा कि लोगों ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है वे उसका पूरी निष्ठा के साथ वहन करेंगे।

## जानवरों से फसलों को नुकसान की बात छोड़ सांसद पहले एचएमटी को चलाने प्रोजेक्ट लाने जैसे चुनावी वायदे पूरा करें : विजय बंसल

**एचएमटी के 150 कर्मचारियों को वीआरएस दिलवाने, फैक्ट्री को दोबारा चालाने, यहां औद्योगिक पैकेज लाने, रोजगार के अवसर पैदा करने, काली माता मंदिर में दो महीने में ही पार्किंग के लिए काम करवाने जैसे अपने चुनावी वायदे पूरा करें सांसद महोदय**

अर्थ प्रकाश /जग्गी



**कालका ।** गत दिवस राज्यसभा से सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा संसद में मोरनी हिल्स क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा फसलों की बर्बादी के मुद्दे को उठाने वाली प्रकाशित खबरों को तथ्यहीन बताते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने राज्यसभा सांसद पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सांसद महोदय मोरनी में जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान होने पर मुआवजा देने जैसी बातों को छोड़कर आप कालका के लोगों से चुनावों के दौरान किए गए वादे को पूरा करने की चिंता करें। विजय बंसल ने कहा कि उन्होंने जानवरों से फसलों को नुकसान होने पर किसानों को मुआवजा देने की लड़ाई सरकार से लेकर हाई कोर्ट तक लड़ी है उन्होंने इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की थी। हाई कोर्ट के आदेशानुसार ही सरकार ने 5 वर्ष पूर्व विगत 3 मार्च 2020 को अधिसूचना जारी कर किसानों को जानवरों से होने वाले फसलों का मुआवजा भी निर्धारित कर दिया है जिसमें अब किसानों को जानवरों से फसलों के होने वाले नुकसान का प्रति एकड़ 18000 रुपए मुआवजा निर्धारित किया जा चुका है। बंसल ने कहा कि जानवरों से होने वाले नुकसान से केवल मोरनी के ही किसान त्रस्त नहीं थे बल्कि कालका क्षेत्र के दून रायतन क्षेत्र सहित पूरे शिवालिक क्षेत्र की समस्या थी। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मोरनी के लोग सबसे अधिक नोतोड़ भूमि जैसी समस्या से परेशान है वहीं दूसरी ओर कालका विधानसभा के लोग अभी भी जमीनों पर लगी हुई धारा 7ए और पेरीफेरी एक्ट जैसे काले कानूनो से परेशान है सरकार को लोगों को उक्त समस्याओं से निजात दिलवानी चाहिए। विजय बंसल ने बताया कि उन्होंने काफी लंबा संघर्ष करने के बाद और हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कालका क्षेत्र के 110 गांवो से पेरीफेरी एक्ट की तलवार हटवाई थी अभी भी 52 गांव शेष बचे हैं वहां भी पेरीफेरी एक्ट हटवाने के लिए संघर्ष जारी है।

विजय बंसल एडवोकेट ने तंज करते हुए कहा कि लगता है सांसद महोदय को कोई जानकारी नहीं देता इसलिए उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है। विजय बंसल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान सांसद महोदय ने कालका की जनता से कई वायदे किए थे जिसमें एचएमटी के 150 कर्मचारी पिछले कई वर्षों से वीआरएस योजना दिलवाने की मांग कर रहे हैं उन्हें वीआरएस योजना दिलवाने, एचएमटी फैक्ट्री को दोबारा चालवाने, क्षेत्र में उद्योग धंधे लगवाने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करवाने, कालका काली माता मंदिर में चुनाव जीतने के 2 महीने बाद पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाने, पिछड़े हुए कालका क्षेत्र में विकास कार्य करवाने, खस्ता हाल सड़कों, गलियों को नया चमकदार बनवाने, धारा 7ए को खत्म करने जैसे कई चुनावी वायदे किए थे इसलिए सांसद महोदय को अपने उन सभी चुनावी वादों को पूरा करने की चिंता करनी चाहिए।

इतना ही नहीं कांग्रेस नेता विजय बंसल ने भाजपा के राज्यसभा सांसद को हर बिंदु पर घेरते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ है जिस पार्टी का विधायक चुनकर आया है उसी पार्टी की प्रदेश और केंद्र में भी सरकारे है बल्कि इससे पूर्व भी कई बार ऐसा हुआ है कि कालका से जिस पार्टी का विधायक जीत कर आया इस पार्टी की प्रदेश और केंद्र में सरकारे रही हैं।

विजय बंसल ने कहा कि सांसद महोदय को न केवल उपरोक्त सभी चुनावी वायदों को पूरा करना चाहिए बल्कि केंद्र सरकार से यहां पर बड़े प्रोजेक्ट भी लाने चाहिए जिससे कालका क्षेत्र के का पिछड़ापन दूर हो सके।




## दिल्ली में हुई भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक

# मेयर और चेयरमैनों के नाम का फाइनल पैनल तैयार

**बीजेपी नेताओं ने किया दावा, हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** नगर निकाय चुनाव के निमित मंगलवार को दिल्ली हरियाणा भवन में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई। देर सायं हुई बैठक के दौरान हरियाणा में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, सांसद धर्मबीर सिंह, सांसद रामचंद्र जांगडा, मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता आदि नेताओं की उपस्थिति में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत चर्चा कर उम्मीदवारों के नामों के फाइनल पैनल तैयार किए गए। बैठक में बीजेपी नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों ने बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की कोर ग्रुप की बैठक में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत रूप से चर्चा करने के बाद प्रत्याशियों के नामों का फाइनल पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया है जिस पर जल्द ही निर्णय लेने के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि चुनाव चाहे छोटा हो या ब?ा भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर चुनाव को गंभीरता से लड़ता है। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए हैं और भाजपा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास करा रहे हैं। हरियाणा के लोगों का विश्वास भाजपा लगातार बढ़ रहा है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लोगों ने तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाई और अब नगर निकाय चुनाव में भी जनता कमल खिलाएगी और विकास के नाम पर भाजपा को वोट देगी।

## भाजपा ने निकायों के लिए बनाया तीन से पांच दावेदारों का पैनल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 फरवरी।** हरियाणा में मंगलवार से जहां निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है वहीं भाजपा ने अब तक आए आवेदनों के आधार पर प्रत्येक निगम क्षेत्र में तीन से पांच दावेदारों के पैनल बनाया है। इस पैनल को हाईकमान के पास भेजा जाएगा। जिसमें से प्रत्याशियों को ऐलान किया जाएगा।

हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, पानीपत, हिसार, करनाल, रोहतक व यमुनानगर नगर निगम तथा गुरुग्राम जिले में पटौदी, कुरुक्षेत्र जिले में थानेसर, सिरसा तथा अंबाला छावनी नगर परिषदों में चुनाव होंगे। इसके अलावा सोनीपत व अंबाला में केवल मेयर पद के लिए चुनाव होंगे। इस कार्यक्रम के अनुसार हरियाणा की दस सीटों पर मेयर के लिए चुनाव होगा। यह चुनाव विधायक की तरह होगा। जिसमें जनता स्वयं अपना मेयर चुनेगी।

हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाए जाने के बाद भाजपा के पास कांग्रेस व अन्य दलों के मुकाबले अधिक आवेदन आ रहे हैं। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के अनुसार पार्टी निकाय चुनाव को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। भाजपा ने इस चुनाव के लिए ट्रिपल इंजन सरकार का नारा दिया है। उन्होंने बताया कि कोर कमेटी की बैठक में मेयर तथा परिषद चेयरमैन के लिए पैनल बना लिया गया है। प्रत्येक पैनल में तीन से पांच मजबूत दावेदारों के नाम शामिल किए गए हैं। एक बैठक और की जाएगी। जिसमें पैनल की छंटनी करके फाइनल पैनल को हाईकमान के पास भेज दिया जाएगा। हाईकमान की स्वीकृति से प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया जाएगा।







अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)